रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 06 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-136 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करेगी साय सरकार

**रायपुर।** विष्णुदेव सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून बनाएगी। सीएम साय ने घोषणा की है। आगे उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि बीजापुर में पत्रकार की हत्या हुई है, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं है। हमारी सरकार मुस्तैदी से इस पर कार्रवाई कर रही है। एसआईटी का गठन किया गया है। तीन अपराधी पकड़े भी गए हैं जिनमें से एक कांग्रेस का कार्यकर्ता था। किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। ठेकेदार के सारे अकाउंट सील कर दिए गए हैं और उसके अवैध कब्जे भी हटाए गए हैं।

### श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी



**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से मनाई जाएगी। प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर की स्थापना का एक वर्ष पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 11 जनवरी को पूर्ण हो रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तीन दिवसीय श्रीराम-राग सेवा का कार्यक्रम मंदिर परिसर में गर्भगृह के निकट मण्डप में कर रहा है, जिसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति के प्रति विनीत भाव से संगीत, नृत्य और वादन द्वारा उन्हें सेवा प्रदान करने का उपक्रम होगा। भारतीय उपासना पद्धति की नवधा भक्ति परम्परा में संगीत द्वारा श्रीराम-राग सेवा देवता को अर्पित की जाती है।

### कुर्स्क दिशा में यूक्रेन के 340 सैनिक मारे गए



**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने पिछले 24 घंटों में कुर्स्क दिशा में अपने 340 सैनिकों और चार टैंकों को खो दिया है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 340 सैन्य कर्मियों की मौत हुई है। इसके साथ ही चार टैंक, पैदल सेना से लड़ने वाले तीन वाहन, चार बख्तरबंद कार्मिक वाहक, 12 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, एक बैराज वाहन, 20 वाहन और पांच मोर्टार नष्ट हो गए। कुल मिलाकर, कुर्स्क दिशा में लड़ाई के दौरान, यूक्रेन ने 49,010 से अधिक सैन्य कर्मियों, 273 टैंकों, पैदल सेना से लड़ने वाले 209 वाहनों, 153 बख्तरबंद कर्मियों के वाहक, 1,461 बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, 1,407 वाहनों, 340 तोपखाने के टुकड़ों, मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के 44 लॉन्चरों को खो दिया।

# मुठभेड़ में चार नक्सली ढ़ेर, एक जवान शहीद



पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अबूझमाड़ क्षेत्र में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर व कोंडागांव जिले की डीआरजी के सााथ एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापामारी की। इस दौरान टीम व नक्सलियों के बीच गोलीबारी भी हुई। दोनों से चली गोलीबारी में संयुक्त टीम ने 4 वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया। चिंताजनक खबर ये कि मुठभेड़ और गोलीबारी के दौरान डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 4 जनवरी की शाम से मुठभेड़ चल रही थी। इस बीच दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। सर्च आपरेशन के दौरान सर्चिंग टीम को भारी सफलता मिली है। सूचना के अनुसार अब तक चार वर्दीधारी नक्सलियों के शव सर्चिंग टीम ने बरामद कर लिया। चार नक्सलियों को सर्चिंग टीम ने मार गिराया है। नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराने के साथ ही भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किया है। मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए हैं। मुठभेड़ एवं सर्चिंग अभियान अब भी जारी है।

### सीएम साय ने जवान की शहादत पर जताया शोक



जवान की शहादत पर सीएम साय ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा 'नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान, प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। सीएम साय ने कहा उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।'

# भाजपा ने की जिला अध्यक्षों की घोषणा रायपुर की कमान रमेश ठाकुर को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में अपने कई जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने रमेश ठाकुर को रायपुर शहर जिला अध्यक्ष बनाया है। संगठन चुनाव के जिला प्रभारी शिव रतन शर्मा ने रायपुर शहर जिला अध्यक्ष की सर्व सम्मति से नियुक्ति की है। रमेश ठाकुर रायपुर शहर जिले के महामंत्री हैं, जो अब जिलाअध्यक्ष बन गए हैं। इनके अलावा रायपुर शहर के चारों विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि बनाए गए हैं। वहीं रायपुर जिला ग्रामीण में वर्तमान जिलाध्यक्ष श्याम नारंग को बरकरार रखा गया है, वे दुबारा रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। जशपुर जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह को बनाया गया हैं। बालोद जिले में चेमन देशमुख को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिला संगठन प्रभारी नीलू शर्मा ने उनके नाम की घोषणा की है। भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन को बनाया गया है, कांकेर में बीजेपी जिलाध्यक्ष महेश जैन बनाए गए हैं। सूरजपुर में मुरली मनोहर सोनी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिले की चुनाव प्रभारी चंपा देवी पावले ने नाम की घोषणा की है। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ खुशी मनाई है। पेंड्रा में लाल जी यादव भाजपा जिलाअध्यक्ष बनाया गया हैं। पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने उनके नाम की घोषणा की है। मुंगेली में दीनानाथ केशरवानी को भाजपा जिलाअध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उनके नाम की घोषणा की है। कोरबा में मनोज शर्मा को भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान मिली है। वे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे। नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। मंत्री लखनलाल देवांगन ने उनके नाम की घोषणा की है। दुर्ग जिले के भाजपा अध्यक्ष के लिए सुरेंद्र कौशिक का चयन किया गया है। बीजापुर जिले के भाजपा अध्यक्ष के लिए घासीराम नाग का चयन किया है। रायगढ़ जिले के भाजपा अध्यक्ष के लिए अरूणधर दिवान का चयन किया है। बलरामपुर जिले के भाजपा अध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश जायसवाल का चयन किया है। चौकी मोहला मानपुर जिले के भाजपा अध्यक्ष के लिए नम्रता सिंह के नाम का ऐलान किया गया है।

## कल्याण सिंह की कार्यकुशलता और प्रशासनिक कौशल ने उन्हें प्रशंसा दिलाई : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें भारत माता का एक प्रतिष्ठित सपूत, एक समर्पित देशभक्त और भगवान राम का भक्त बताया। सीएम ने 2 मॉल एवेन्यू में एक कार्यक्रम के दौरान कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा आज ही के दिन 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे कल्याण सिंह जी देश के स्वतंत्रता संग्राम को देखते हुए बड़े हुए। इन प्रारंभिक अनुभवों ने उनमें देशभक्ति की गहरी भावना और भारत के भविष्य के लिए एक दृष्टि पैदा की। एक युवा लड़के के रूप में, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से इन मूल्यों को अपनाया, जिससे राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण आकार ले लिया।


## मोदी ने आप की कारगुजारियों का किया पर्दाफाशः खंडेलवाल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के चाँदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप की कारगुजारियों का पर्दाफाश किया है। खंडेलवाल ने रविवार को कहा, मोदी द्वारा रोहिणी के जापानी पार्क में भाजपा की परिवर्तन रैली में दिल्ली में पिछले 10 वर्षों की आप सरकार के भारी कुशासन और अराजकता को 'आपदा' करार देने से आप की कारगुजारियों का पर्दाफाश हुआ है। उनका यह वक्तव्य दिल्ली को फिर से एक स्वच्छ, सुसंस्कृत और विकसित शहर बनाने का मूलमंत्र है।

## बनिहाल कस्बे तक 4-लेन बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा : गडकरी

वार्ता ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल कस्बे तक 4-लेन बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। गडकरी ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में हमने 224.44 करोड़ रुपये की लागत से बनिहाल कस्बे तक 4-लेन, 2.35 किलोमीटर लंबे बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा, एनएच-44 के रामबन-बनिहाल सेक्शन पर रणनीतिक रूप से स्थित इस बाईपास में 1,513 मीटर लंबे चार पुल और तीन पुलिया हैं, जो सड़क किनारे के बाजारों और दुकानों के कारण होने वाली लगातार रुकावटों को प्रभावी ढंग से दूर करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे पोस्ट किया, शुरुआत में 2-लेन ट्रैफ़िक जारी किया जाएगा और जंक्शन विकास के बाद 15 दिनों के भीतर 4-लेन ट्रैफ़िक जारी किया जाएगा।

## पीए मोदी ने दिल्ली-एनसीआर में किया 12,200 करोड़ रु की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें दिल्ली को पहली बार नमो भारत ट्रेन यात्रा सुविधा देने वाले रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आआरटीएस) के उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद और दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशनों के बीच के नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन भी शामिल है। मोदी ने इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया और फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिये नये अत्याधुनिक भवन की 185 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि पिछले एक दशक में उनकी सरकार का प्राथमिक ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास पर रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले बुनियादी ढांचे के लिए बजट लगभग दो लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 11 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक कनेक्टिविटी पर जोर दे रही है, जिसमें खासकर शहरों के भीतर और एक शहर को दूसरे से जोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाएं देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे रही हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दिल्ली में जिन परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया, उनमें मुख्य फोकस क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाना और यात्रा को आसान बनाना है। मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सवारी भी की।

## गुजरात में आईसीजी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

वार्ता ◄ नयी दिल्ली/पोरबंदर
www.dailypioneer.com



भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक एएलएच एमके-III हेलीकॉप्टर गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन कर्मियों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब दो पायलटों और एक एयरक्रू गोताखोर के साथ आईसीजी हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। घटना के तुरंत बाद, चालक दल को बरामद किया गया और पोरबंदर के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के कारणों की जांच बोर्ड ऑफ इंक्वायरी द्वारा की जा रही है। बयान के अनुसार, चालक दल के कमांडेंट सौरभ, डिप्टी कमांडेंट सुधीर कुमार यादव और मनोज प्रधान नाविक के शवों का सेवा परंपराओं एवं सम्मान के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस बीच पोरबंदर से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक पोरंबदर के उद्योग नगर क्षेत्र में कोस्ट गार्ड एयर एन्क्लेव में एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि कोस्ट गार्ड के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही एयर एन्क्लेव में फायर ब्रिगेड और पोरबंदर फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंच गए और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाने की कोशिश की।

## प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करने की अपील की

वार्ता ◄ पटना
www.dailypioneer.com



जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करने की अपील करते हुए कहा है कि वे यदि उनके साथ आते हैं तो वह उनके पीछे बैठकर आंदोलन का समर्थन करेंगे। किशोर ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के नीचे अपने आमरण अनशन के चौथे दिन प्रेस वार्ता में कहा स्पष्ट रूप से कहा, यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि यह बिहार की खराब व्यवस्था के खिलाफहै। मैं तमाम राजनीतिक पार्टी से ये अपील करता हूं कि चाहे वो तेजस्वी यादव हों, राहुल गांधी हों, या कोई और नेता, वे हमारे साथ आएं। मैं उनके पीछे बैठकर इस आंदोलन का समर्थन करूंगा। यदि युवा तय कर लें कि वे नेता इसका नेतृत्व करेंगे, तो मैं पीछे हटने के लिए तैयार हूं। किशोर ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी गिरफ्तारी कर भी लेती है, तो भी ये सत्याग्रह जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि अब यह आंदोलन 51 सदस्यीय युवा सत्याग्रह समिति की ओर से आगे बढ़ाया जाएगा।यह समिति बिहार की व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिरला जनजातीय महिलाओं को सिखायेंगे संसदीय शासन प्रणाली

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में सोमवार को 'पंचायत से पार्लियामेंट 2.0' कार्यक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पंचायती राज संस्थाओं से अनुसूचित जनजाति की 502 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित किए जा रहे इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था की गहन जानकारी प्रदान करना है। बिरला के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधि भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह स्वागत भाषण देंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम दूसरे सत्र को संबोधित करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशाला और सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा प्रतिभागियों को नए संसद भवन, संविधान सदन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन ले जाया जाएगा ताकि उन्हें भारत की विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज की गहन जानकारी प्राप्त हो। इस कार्यक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी जिससे एक विविध और समावेशी समूह के बीच जानकारी का आदान-प्रदान होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना है।

### रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर हुई अहम चर्चा

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ आना मेरा सपना था, मैने छत्तीसगढ़ की प्रकृति और यहां के पर्यटन स्थलों, संस्कृति के विषय में बहुत कुछ पढ़ और सुन रखा था। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शांत और सुंदर प्रदेश है। इस सुंदर प्रदेश की विकास यात्रा में अब अमेरिका भी साझेदार बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात के दौरान राजदूत गार्सेटी ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक पहलुओं और आर्थिक संभावनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यों और नई औद्योगिक नीति से निवेशकों के लिए बने अनुकूल वातावरण के बारे में विस्तार से बताया। साय ने कहा कि हमारा राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए खुला है और यहां हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। अमेरिका जैसे मित्र राष्ट्रों का सहयोग हमारे लिए गौरव की बात है। चर्चा के दौरान राजदूत गार्सेटी ने कहा छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट है। यहां ऊर्जा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राजदूत ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में विभिन्न अमेरिकी कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन बन सकता है। मुख्यमंत्री ने गार्सेटी से कहा कि सभी निवेशकों का छत्तीसगढ़ में स्वागत है और उनके लिए सभी जरूरी सुविधाएं देने का काम सरकार करेगी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय एवं राजदूत गार्सेटी के बीच विभिन्न विषयों पर बात हुई। मुख्यमंत्री से राजदूत ने कई रोचक प्रश्न भी किए। मुख्यमंत्री साय ने भी बड़ी सहजता से अपने सार्वजनिक व व्यक्तिगत जीवन से जुड़े विषयों पर बातचीत की। दोनों ने घर के सदस्यों के बारे में जानकारी ली, उनका हालचाल जाना। बड़े मित्रवत अंदाज में दोनों इन बातों को साझा कर रहे थे, जिससे यह लगा ही नहीं कि वे पहली बार मिल रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजदूत गार्सेटी के भांगड़ा डांस और हिन्दी सिनेमा के गानों के प्रति उनके जुड़ाव की खूब प्रशंसा की। इस पर गार्सेटी ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगली दिवाली हम साथ मनाएंगे और डांस करेंगे। मुख्यमंत्री साय से बातचीत में राजदूत गार्सेटी ने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के विजन और इस दौरान आ रही चुनौतियों पर भी बात की।

### राजदूत गार्सेटी ने कहा परिवार के साथ आऊंगा बस्तर

मुख्यमंत्री साय ने बातचीत के बीच अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी से कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ एक सुंदर प्रदेश है। यहां प्रकृति की गोद में बसे मनोरम पर्यटन स्थल हैं। आप छत्तीसगढ़ आए है तो बस्तर जरूर घूमें। मुख्यमंत्री के आग्रह पर गार्सेटी ने कहा कि मैं पूरे परिवार के साथ बस्तर जरूर घूमने आऊंगा।

### चाय की चुस्कियों के साथ स्वीकार किया मुख्यमंत्री का आतिथ्य, कहा आई लव चाय

छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे अमेरिकी राजदूत गार्सेटी जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिले तो उन्होंने शॉल और बेलमेटल की नंदी भेंट कर उनका छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। अतिथि परम्परा निभाते हुए जब मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि आप चाय या कॉफी क्या लेना पसंद करेंगे, मुख्यमंत्री साय की बात सुनते ही राजदूत गार्सेटी ने कहा कि आई लव चाय और मुख्यमंत्री के साथ चाय का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने गुड़ के रसगुल्ले का भी स्वाद चखा। मुख्यमंत्री ने गार्सेटी एवं उनके सहयोगियों को छत्तीसगढ़ हर्बल के स्थानीय उत्पाद उपहार स्वरूप भेंट किए।



# मध्यप्रदेश में है देश की डेयरी कैपिटल बनने की क्षमता: यादव

एजेंसी ‹ उज्जैन
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान परिदृश्य में भारत सबसे युवा देशों में से एक है। प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन अनुरूप हमें युवा शक्ति का संपूर्ण उपयोग राष्ट्रहित और विकास में करना है। डेयरी टेक्नोलॉजी युवाओं के लिए एक नए मार्ग खोलता है। डॉ. यादव ने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के स्वर्ण जयंती सभागृह में पशुपालन विभाग एवं विम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय में डेयरी टेक्नोलॉजी की अकादमिक डिग्री कोर्स की शुरुआत की जा रही है। पशुपालन का डिग्री कोर्स अब जबलपुर के साथ उज्जैन में भी छात्रों को प्रदाय किया जाएगा। भविष्य में अन्य विश्वविद्यालयों में भी यह कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुसार प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित कौशल प्राप्त युवा डेयरी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपने मजबूत इरादों और मेहनत से दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश को सर्वोच्च स्थान पर ले जाएंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है और दुग्ध उत्पादन में 9 प्रतिशत की भागीदारी के साथ मध्यप्रदेश का देश में तीसरा स्थान है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन का औसत 673 ग्राम है, जबकि राष्ट्रीय औसत 471 ग्राम का है। हमें इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं होना है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, अथाह जल संपदा और उर्वरा भूमि को देखते हुए सही दिशा में समेकित प्रयास करने पर हम डेयरी के क्षेत्र में देश का नंबर-वन राज्य बनाएंगे। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश को देश का डेयरी कैपिटल बनाने के लिए दूध की प्रति लीटर क्रय के आधार पर सरकार पशुपालकों को बोनस भी प्रदान करेगी। इसी के साथ पशुधन के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार संपूर्ण रूप से प्रयासरत है। इसके लिए सिंचाई का नया रकवा बढ़ाया जाएगा। मालवा का क्षेत्र कृषि में भी समृद्ध है और अब पशुपालन में भी समृद्ध बनेगा। स्वागत भाषण संभागायुक्त एवं उज्जैन दुग्ध संघ प्रशासक संजय गुप्ता द्वारा दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव को पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना और केन-बेतवा नदी लिंक परियोजनाओं से कृषि एवं पशुपालन को फायदा पहुंचाने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ यादव को एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## यादव गुरुद्वारा साहिब उज्जैन में गुरु अरदास में हुए सम्मिलित

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दूध तलाई स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे और निशान साहिब सेवा में सम्मिलित हुए, इस अवसर पर सिख समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष माथा ठेका और गुरु अरदास में सम्मिलित हुए। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की वीरता को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर सिख समाज ने मुख्यमंत्री का आभार माना। इस अवसर पर सरोपा भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ यादव का सम्मान और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री दूध तलाई स्थित गुरुद्वारे में पहुंचे। यहां उन्होंने अरदास में भाग लिया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। सिख समाज ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री का आभार माना और उनके गौरवमय कार्यकाल के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सिख समाज के सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, ग्रंथी चरण सिंह गिल, इकबाल सिंह गांधी, सभापति कलावती दीदी, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे। डॉ यादव ने सुबह मुंगी चौराहा उज्जैन से मैराथन 'गुड फॉर हेल्थ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब प्रण ले कि सुबह-सुबह भ्रमण अवश्य करें और योग करें, जिससे जीवन में आनंद बढ़ता है और स्वस्थ जीवन से बड़ा कोई आनंद नहीं होता है। स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा सुख है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन की जनता को आने वाले मकर सक्रांति पर्व की बधाई और शुभकामना दी। विधायक अनिल जैन कालूहेडा, सभापति कलावती देवी जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ आज से, प्रति शेयर प्राइस बैंड रू133 से रू 140 तय

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए रू 133/- से रू 140/- प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू रू10 है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी 2025 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू रू210 करोड़ तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फर्श इशू से प्राप्त रू10 करोड़ का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। रू130 करोड़ का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों का पुनर्भुगतान किया जा सके। रू30 करोड़ का उपयोग एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड की मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए है। साथ ही रू20 करोड़ का उपयोग स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट और इनऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए किया जाएगा और बाक़ी जनरल कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी की क्षमताओं में डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, निर्माण, असेंबली, इंस्टॉलेशन, और कमीशनिंग समाधान शामिल हैं, साथ ही फार्मास्युटिकल और केमिकल निर्माताओं के लिए टर्नकी बेस पर स्टार्टदर्द ऑपरेटिंग प्रोसीजर स्थापित करना भी शामिल है। इसका पोर्टफोलियो उन मुख्य उपकरणों से बना है जो फार्मास्युटिकल और केमिकल प्रोडक्ट्स के निर्माण में उपयोग किए जाते हैं। इसे तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: रिएक्शन सिस्टम, स्टोरेज, सेपरेशन, और ड्राइंग सिस्टम, और प्लांट, इंजीनियरिंग और सेवाएं (अन्य सहायक भागों सहित)। एफ़एंड एस रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में यह भारत के शीर्ष तीन ग्लास-लाइन, स्टेनलेस स्टील और निकेल मिश्र धातु आधारित विशेष इंजीनियरिंग इक्वियोमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स में से एक है। यह वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में भारत में पॉलीटेट्राफ्लोरोएथिलीन लाइन पाइपलाइनों और फिटिंग्स के शीर्ष तीन सप्लायर्स में भी शामिल है। यह इंडस्ट्री में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी रही है।

# पर्यटन स्थल खींचन में करीब बीस दिन से छाया हुआ सन्नाटा

एजेंसी ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के फलौदी जिले के खींचन गांव में सात समुद्र पार से शीतकालीन प्रवास पर आई संदेश का प्रतीक प्रवासी पक्षी कुरजां का कलरव चरम सीमा पर हैं लेकिन कुरजां के मरने एवं कुछ बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद विश्व प्रसिद्ध इस पर्यटन स्थल को पर्यटन के लिए बंद कर देने से पिछले लगभग बीस दिनों से सन्नाटा छाया हुआ है और देशी विदेशी पर्यटक एवं इससे संबंधित लोगों में मायूसी छाई हुई हैं। हालांकि फलौदी जिला कलक्टर हरजी लाल अटल ने बताया कि गत 30 दिसंबर के बाद कुरजां के मरने का कोई मामला सामने नहीं आया हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल सावधानी बरती जा रही है और अब शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया जायेगा और इस क्षेत्र को पर्यटन के लिए खोलने के बारे में कोई फैसला लिया जायेगा। फलौदी में पशु चिकित्सा अधिकारी भागीरथ चौधरी के अनुसार गत 15 दिसंबर के बाद 13 कुरंजा मर गई जिनमें एक कुरजां की मौत बिजली के करंट से हुई जबकि शेष की मृत्यु बर्ड फ्लू से हुई। उन्होंने बताया कि कुरंजा के मरने का पहला मामला गत 15 दिसंबर को आया और इसके अगले ही दिन उसका नमूना जोधपुर भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि दो बार में दो-दो कुरजां के खून के नमूने जांच के लिए भेजे गये और उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। समाजसेवी एवं खींचन में पक्षी चुग्गाघर में पक्षियों दाना डाल रहे सेवाराम माली ने बताया कि वर्तमान में 30 हजार से अधिक कुरजां यहां डेरा डाले हुई हैं। उन्होंने बताया कि गत अगस्त से इन प्रवासी पक्षियों का आना शुरु हो गया था और अभी बड़ी संख्या में इनके खींचन में डेरा डालने से क्षेत्र में इनका कलरव गूंज रहा है।

# कच्ची शराब के खिलाफ जोरदार अभियान, हजारों लीटर लाहन की नष्ट



एजेंसी ‹ नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के रामनगर में जिला प्रशासन ने जंगलों में अवैध रूप से बनाई जा रही कच्ची शराब के खिलाफ जोरदार अभियान चला कर कई भट्टियों एवं हजारों लीटर लाहन को नष्ट किया। नगर निकाय चुनावों को लेकर जिला प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया हुआ है। जिलाधिकारी वंदना के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी की अगुवाई में रामनगर के थारी, करिलपुरी एवं अर्जुननाला के जंगलों में छापा मारा गया। इस दौरान शराब तस्कर करिलपुरी के जंगल में अवैध ढंग से कच्ची शराब तैयार कर रहे थे। आबकारी टीम को देखकर तस्कर भागने में कामयाब रहे जबकि मौके से 2500 किलो लाहन के साथ ही 40 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने वाले उपकरण बरामद हुए। शराब भट्टियों, लाहन और शराब को मौके पर ही नष्ट किया गया।

# आर्थिक विकास के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ रहा है बिहार: उमेश

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ रहा है। कुशवाहा ने बयान जारी कर बताया कि राज्य का आर्थिक विकास दर 14.47 फीसदी पर पहुंच गया है, जो कि राष्ट्रीय औसत 9.60 फीसदी से लगभग पांच फ ीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि कुमार की दूरदर्शी सोच और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश का विकास दर गत कई वर्षों से निरंतर दो अंकों में बना हुआ है। विकास दर के मामले में हमारा बिहार देश के कई समृद्ध राज्यों को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर है। बिहार में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 के राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 12.80 फीसदी का बढ़ोतरी हुआ है। नए वर्ष में बिहार नए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा के साथ प्रगति पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

# सागर में आयकर विभाग ने की कार्रवायी

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिला मुख्यालय पर आयकर विभाग ने पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर सहित अन्य नेताओ के मकानों पर कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार तड़के आयकर विभाग भोपाल से एक साथ कई टीमें सागर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के सदर बाजार स्थित राठौर बंगला पर आयकर विभाग के अधिकारियो ने पहुंचकर कागजात की छानबीन की। राठौर बीडी उघोगपति है। तो, वहीं जवाहरगंज वार्ड के पूर्व पार्षद और भाजपा नेता राजेश केसरवानी के परकोटा वार्ड स्थित एकांगी मार्ग पर मकान पर टीम पहुंची। साथ ही जवाहरगंज वार्ड निवासी राकेश छावडा के घर पर भी आयकर विभाग ने कार्रवाई की। कार्रवाई अभी जारी है। छावडा बीमा और प्रापर्टीज डीलर बताए गए हैं।

# आंध्र प्रदेश और यनम में अगले सात दिन में मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश और यनम में अगले सात दिन में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। विभाग ने यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में आंध्र प्रदेश और यनम में मौसम शुष्क बना रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि शनिवार और रविवार के बीच की मध्य रात्रि को रायलसीमा के मैदानी इलाके आरोग्यवरम में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सीबीआई जांच की मांग की

**चेन्नई।** भाजपा की महिला शाखा ने अन्ना यूनिवर्सिटी यौन उत्पीड़न पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मदुरै से चेन्नई तक पदयात्रा निकालने से रोके जाने और हिरासत में लिए जाने के तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को याचिका दायर घटना की सी.बी.आई. जांच कराने की मांग की। तमिलनाडु भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल नेता तमिलिसाई सुंदरराजन, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) सदस्य खुशबू सुंदर के के नेतृत्व में राजभवन में रवि से मुलाकात की और घटना की सीबीआई जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# कोहरे के चलते अलवर में जन जीवन प्रभावित



**अलवप।** राजस्थान में अलवर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाये रहने से सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। अलवर में शनिवार शाम को सात बजे से अपराह्न एक बजे तक दोपहर एक बजे तक कोहरा छाया रहा इसके चलते क्षेत्र में लगातार सर्दी बढ़ रही है। कोहरे का अलवर में बाहर से मजदूरी करने आने वाले मजदूरों पर भी काफी प्रभाव पड़ रहा है। शहर में रोजाना करीब पांच हजार मजदूर मजदूरी के लिए आते हैं। सर्दी और कोहरे के चलते उनकी संख्या कम होती जा रही है। यहां बिजली घर चौराहा, काला कुआं, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन रोड सहित कई स्थानों पर मजदूर आते हैं और यहीं से शहर में विभिन्न स्थानों पर काम के लिए निकल जाते हैं, लेकिन सुबह मजदूर न के बराबर देखे गए। ये मजदूर सुबह ही मजदूरी के लिए आ जाते थे, लेकिन कोहरे और भीषण सर्दी के चलते यह नहीं आ पा रहे हैं।

# सीताक्का ने ग्रामीणों के गरिमापूर्ण जीवन पर बल दिया, त्वरित विकास का आह्वान किया

एजेंसी ‹ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना की पंचायती राज, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने ग्रामीणों के गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। सीताक्का ने हैदराबाद में मिशन भागीरथ कार्यालय में जिला पंचायत अधिकारियों (डीपीओ) के साथ हुई एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश गांवों में बसता है और इन क्षेत्रों की प्रगति एवं विकास सुनिश्चित करना डीपीओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से गांवों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष उपाय करने और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप योजनाओं का निर्माण करने का आग्रह किया। स्थानीय प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के बावजूद डीपीओ को उनके प्रयासों के लिए बधाई देते हुए मंत्री ने कहा कि आपको ग्रामीणों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और इस जिम्मेदारी को मानवता एवं समर्पण के साथ निभाया जाना चाहिए। अपनी गलतियों को सुधारें, अपने कर्तव्यों को पूरा करने की गति बढ़ायें और प्रभावी परिणाम दें। सीताक्का ने अधिकारियों को चुनौतियों से निपटने में समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया, लेकिन आत्मसंतुष्टि के खिलाफ चेतावनी भी दी। उन्होंने 2017 से लंबित अनुकंपा नियुक्ति फाइलों को निपटाने में अपने विभाग की सफलता का उल्लेख किया और उनकी चिंताओं पर समान ध्यान देने का वादा किया। मंत्री ने कर्मचारियों के साथ मजबूत कामकाजी संबंध बनाए रखने और जवाबदेही सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैं अपने विभाग को अपना परिवार मानती हूं और इसे पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में सेवा करने का सौभाग्य मानती हूं।

आपको भी इस विभाग को एक परिवार मानना चाहिए और इसकी प्रगति पर अपनी छाप छोड़नी चाहिए। उन्होंने डीपीओ से क्षेत्र का दौरा बढ़ाने और स्वच्छता, हरियाली और ग्रामीण कार्य मेलों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जिन्हें पहले ही मुख्यमंत्री से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। मंत्री सीताक्का ने विशेष रूप से ग्रामीण जल आपूर्ति मुद्दों को संबोधित करते हुए ग्रीष्मकालीन कार्य योजना में तेजी लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# माझी ने सभी सिंचाई परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर पूरा करने का दिया आदेश

एजेंसी ‹ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अधिकारियों को सभी सिंचाई परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया। माझी ने भुवनेश्वर के बरमूडा खेल मैदान में पखवाड़े भर चलने वाले पानी पंचायत समारोह के समापन पर राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के शोध और किसानों की कड़ी मेहनत के कारण राज्य 140 करोड़ लोगों को भोजन दे सकता है और विदेशों को खाद्यान्न निर्यात कर सकता है। इसके लिए कृषि भूमि को पानी की आपूर्ति बहुत जरूरी है, इसलिए सभी सिंचाई परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पंचायतों के नियमों के अनुसार चुनाव और कागजात का ऑडिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायतों को मजबूत करने और उन्हें कृषि विपणन केंद्र के रूप में विकसित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि 2028-29 तक 2400 किलोमीटर लंबे नए फील्ड चैनल बनाने और 1860 किलोमीटर लंबे पुराने जीर्ण-शीर्ण चैनलों को पक्का करने का निर्णय लिया गया है, जिससे 1,42000 हेक्टेयर फसल भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जा सके। माझी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति और फसल भूमि को पानी के वितरण में समानता बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल पंचायतों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में 39,000 से अधिक जल पंचायतें जल प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल संसाधनों के विकास के लिए इस वर्ष के बजट में 13,223 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। चालू बजट में नयागढ़ जिले में बरटांग सिंचाई परियोजना, गंजम जिले में पीपलपाक परियोजना, बलांगीर जिले में अपर लंथ सिंचाई परियोजना, अनुगुल जिले में समाकोई बैराज परियोजना तथा बरगढ़, नुआपाड़ा, कालाहांडी, बलांगीर, बरगढ़ और नुआपाड़ा जिलों में कुछ अन्य परियोजनाएं तथा 11,886 गहरे नलकूप परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। उन्होंने आगे कहा कि कृषि में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए सरकार ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के वास्ते कदम उठाए हैं। मृदा नमी मापन प्रणाली के विकास तथा पानी पंचायतों के कौशल विकास के लिए क्रमशः भारतीय जल प्रबंधन संस्थान और जेवियर विश्वविद्यालय से संपर्क किया गया है।

# देहरादून आने वाले पत्रकारों को की जाएगी ठहरने की व्यवस्था: धामी

एजेंसी ‹ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि दूर-दराज से आने वाले मीडिया कर्मियों को ठहरने में और कामकाज करने में आसानी हो सके इसकी व्यवस्था की जाएगी। धामी ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि प्रेस प्रतिनिधियों को समाचार संकलन के लिए राज्य में यथा संभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में पत्रकार कल्याण कोष के कॉरपस फंड की धनराशि को बढ़ाया गया है। उन्होंने पत्रकारों के लिए समूह बीमा योजना शुरू करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी मीडिया सहयोगी रहा है। राज्य आंदोलन के दौरान, उत्तराखंड की मीडिया यहां के जन-जन की आवाज बनी। उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा समय-समय पर किये जाने वाले सामाजिक और जन जागरूकता कार्य सराहनीय रहे हैं। आम जनमानस कि सुविधा एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी मीडिया की बडी भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकास में सभी लोग सहभागी बने इसके लिए वर्तमान समय में सरकार ने अनेक बड़े कदम उठाए हैं। राज्य के विकास के लिये किये जा रहें हमारे प्रयासो को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। निति आयोग द्वारा राज्य के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ती में देश में प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी दर को 4.4 प्रतिशत तक कम करने में हम सफल हुए हैं। हम निवेश को आकर्षित करने में देश के अग्रणीय राज्यों में है तथा हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान पर हैं। धामी ने कहा कि राज्य में पहली बार शीतकालीन चारधाम यात्रा कि शुरूवात की गई है इसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार मिलने के साथ उनकी आर्थिकि में मजबूती आ रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के जनमानस से हमने जो समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही थी वह वायदा हम पूरा करने जा रहे हैं। उत्तराखंड में जिस उद्देश्य से भूमि क्रय की जाती है उसका सदुपयोग सुनिश्चित हो सके इसके लिए बेहतर भू कानून लागू किये जाने कि दिशा में प्रयास किये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासी अपनी मूल जड़ों से जुड़े रहें और अपने प्रदेश, गांव और समाज में अपना सर्वांगीण योगदान दे सकें इसके लिए राज्य में आगामी 12 जनवरी को प्रवासी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मध्य दिवंगत पत्रकार गिरीश भंडारी को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान उत्तरांचल प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी ने पत्रकारों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा पूर्व में लिए गए विभिन्न निर्णयों की सराहना की। इस अवसर पर, क्लब के संस्थापक सदस्य डॉ. देवेंद्र भसीन, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, क्लब महामंत्री सुरेंद्र डसीला, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष नवीन थलेड़ी, विकास धूलिया, चेतन गुरुंग और अजय राणा सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी तथा मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य पूर्ण निष्ठा से करें: यादव

एजेंसी ‹ अलवर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य आधुनिक तकनीक के समन्वय से पूर्ण निष्ठा के साथ करें। यादव पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में अलवर के ग्राम ठेकड़ा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी उप प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह और 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी प्रशिक्षण प्राप्त करके उनके जीवन का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव साबित होगा। यादव ने कहा कि यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का एक महान अवसर है। वन मंत्रालय निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों की रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि आबादी के बढ़ते हुए बोझ के कारण वनों पर भी दबाव पड़ा है। इन परिस्थितियों के बावजूद भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। यादव ने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बड़े राष्ट्रीय परिमाणित योगदान तय किए थे। उनमें पहला यह था कि भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले कार्बन उत्सर्जन में 40 प्रतिशत की कटौती करेगा। यह लक्ष्य 2030 तक प्राप्त करने का था, लेकिन हमने इसे नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि दूसरा लक्ष्य, अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 45 प्रतिशत करना था, जो हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही समाज और देश की दिशा और दशा तय करती है। उन्होंने आगे कहा कि युवा वर्ग अपनी प्रतिभा को उचित दिशा देकर लक्ष्य को हासिल कर सकता है। नरहरदेव शासकीय उच्चतर विद्यालय में आयोजित युवा उत्सव में शामिल होने आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि युवावस्था ही भविष्य संवारने की सही अवस्था है और जिसने इसका महत्व समझ लिया वह इसका सदुपयोग करके अपने जीवन की श्रेष्ठता हासिल कर लेता है। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियो हेतु आयोजित गौ





विज्ञान परीक्षा का निरीक्षण विधायक नेताम ने किया, तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्होंने स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, इलेक्ट्रिक बेल, वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र, पवन चक्की इत्यादि का स्कूली छात्रों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट मॉडल के लिए उन्हें शुभकामनायें दी। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 12 से 14 जनवरी तक होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, राजा देवनानी, दिनेश रजक, दीपक खटवानी, घनेन्द्र ठाकुर सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# श्रमिक हितों के लिए विविध मांगों को लेकर खदान मजदूर संघ द्वारा सीजीएम को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com




राष्ट्र हित, उद्योग हित, मजदूर हित के आदर्श पर चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ द्वारा श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने, ठेका श्रमिकों के मूलभूत सुविधाओं में उन्नयन आदि मांगो को लेकर एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही को कॉन्ट्रैक्ट लेबर रेगुलेशन एंड अबोलिशन एक्ट 1970 का उल्लंघन न करते हुए प्रवीणता के आधार पर उन्हें अन्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु 30 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया तथा वर्तमान में श्रमिकों का जो ज्वलंत समस्या है जैसे वेतन पुनरीक्षण, मकान आबंटन इस पर सविस्तार चर्चा किया गया तथा नवनिर्मित बहुमंजिला टाईप थ्री के आबंटन हेतु बनाये गए नियमों में त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र सौंपा गया। श्रम संघों के संचालन के संदर्भ में इस्पात मंत्रालय, केंद्रीय श्रमायुक्त से हुए पत्राचार एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ हुये संवाद के संदर्भ में अत्यावश्यक परिचर्चा की गई। इस अवसर पर खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेन्द्र कुमार, राजेंद्र यादव, बसंत जांगड़े, नरेंद्र साहू उपस्थित थे।

# लाख उत्पादन में होगा लाखों का वारा-न्यारा हितग्राही अन्य फसल लेने से हो सकते हैं वंचित?

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा वन मंडल के नित नए कारनामें अब सामने आ रहें हैं। वन मंदिर का बवाल अभी थमा नहीं है और लाख उत्पादन, मालिक मकबूजा के मामले निकालकर सामने आ रहें हैं। बताना जरुरी है कि चंदेनार ग्राम में डिप्टी रेंजर सोहनलाल वर्मा कुछ अरसे पूर्व लाख उत्पादन में नाम कमा चुके हैं इसके बावजूद फिर से उन्हें यह काम सौंपना भी विभाग पर सवाल खड़े करता है। बताना यह भी जरुरी है कि जिन हितग्राहियों के जमीन पर सेमियालता पौधों का रोपण किया गया है उस जमीन पर अन्य फसल



नहीं ले सकते। लिहाजा किसानों को अन्य फसल से वंचित होना पड़ेगा। सेमियालता पौधे में कोई विविधता नहीं होती एक ही प्रकार के पौधे मिलते हैं किस्मे नहीं पाई जाती और खरीदी दर भी एक समान होती है लेकिन विभाग ने ऊँचे दरो में खरीद कर डीएमएफ की राशि में अफरा तफरी की है। बहरहाल, अभी ऐसे मामले और भी हैं जिन्हें प्रकाशित किया जाएगा। सूत्र सूचना के अधिकार के तहत जानकारी इकट्ठा कर रहें हैं ताकि एक बड़े घोटाले का राज सबके सामने हो।

# पोटाकेबिन, छात्रावासों में राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका ने किया सघन निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने विकासखण्ड छिंदगढ़ के पोटाकेबिन, बालक-बालिका छात्रावास एवं आश्रम शालाओं में जाकर निरीक्षण कर वहां के हालातों का जायजा लिया। साथ ही समस्त बच्चों से बात कर उनकी दिनचर्या के सम्बंध में चर्चा किया, दीपिका ने छात्रावास एवं आश्रमों के रसोई एवं शौचालय के साथ साथ छात्राओं के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शयनकक्ष की खिड़कियों पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिक्षिकाओं को निर्देशित किया ।



**गुडटच एवं बैडटच के सम्बन्ध में बताया** - समस्त बालिका छात्रावासों में बालिकाओं को गुडटच एवं बैडटच के बारे में बताते हुए कहा कि यदि आपके साथ इस प्रकार की कोई घटना होती हो तो तत्काल अपने मातापिता को या अपने घर के बड़ों को या अपनी अधीक्षिका को बताकर इसका विरोध करना चाहिए।

**बच्चों के सेहत का ध्यान रखने दिया निर्देश** - दीपिका ने समस्त आश्रम, छात्रावासों एवं पोटाकेबिन के अधिक्षिकाओं व अधीक्षक को बच्चों के सेहत व खानपान का विशेष ध्यान रखने हेतु कहा साथ ही निर्देश दिये कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं खानपान में लापरवाही न बरतें शिकायत मिलने पर कार्यवाही भी होगी।

**छात्राओं के साथ किया सांस्कृतिक कार्यक्रम** - गंजेनार कन्या आश्रम में सभी छात्राओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर राज्य महिला आयोग की सदस्य ने उसमें अपनी सहभागिता दिखाते हुए नृत्य भी किया।

**इन स्थानों का किया दौरा** - पोटाकेबिन बालक आश्रम पाकेला, प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास 115 सीटर एवं 50 सीटर छिंदगढ़,कन्या आश्रम गंजेनार, बालक आश्रम गुडरा, माता रुक्मणी कन्या आश्रम छिंदगढ़ एवं महात्मा गांधी कन्या आश्रम छिंदगढ़ इस दौरान खण्ड स्त्रोत समन्वयक प्रधानी,मण्डल संयोजक मनीराम मरकाम एवं पुलिस थाना छिंदगढ़ के सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# 10वीं और 12वीं के छात्रों की परीक्षा तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली कलेक्टर ने

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में आगामी 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा के के परिप्रेक्ष्य में छात्रों की परीक्षा तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में जिले के अधिकारी, सभी बीईओ, एबीईओ, बीआरसी, और प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिया कि प्रत्येक स्कूल के सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करने के साथ साथ और उनकी तैयारी इस प्रकार कराई जाए किअधिक से अधिक छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हों। उन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने और





अधिक से अधिक छात्रों के मेरिट सूची में स्थान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा बैठक में परीक्षा से संबंधित योजनाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कार्य में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के अबंम्स्त, डीएमसी हरीश गौतम, सभी एपीसी, शिक्षा सलाह कार प्रणीत सिम्हा, प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कड़मपाल में त्रितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

जिला परियोजना कार्यालय,समग्र शिक्षा जिला दन्तेवाड़ा से प्रत्येक शासकीय शालाओं में त्रितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजन किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इसी तारतम्य में संकुल केन्द्र कड़मपाल के प्रा शा रिमानपारा कड़मपाल में त्रितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में समस्त स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकगण, जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सर्व प्रथम लता साहू शिक्षिका द्वारा पालक शिक्षक मेगा बैठक के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी पालकों को दी। पालक शिक्षक मेगा बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक और पालकों के बीच समन्वय स्थापित करना और बच्चों की शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना होता है। एवं शासन द्वारा




बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं और शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। अंत में कहा जाए तो पालक शिक्षक बैठक-सहयोग का एक अवसर है जो स्कूल सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने का एक प्रयास है। इस कार्यक्रम के अंत में एम माधव राव संकुल समन्वयक के द्वारा पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें और अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम, अपार आईडी हेतु जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर आधार कार्ड जल्द से जल्द बनायें। इन सभी मुख्य बातों को पालक के सामने रखा गया।इस आयोजन में मुख्य रूप से सम्मिलित प्रधान अध्यापक रवीन्द्र प्रताप सिंह गौतम का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।

## पुलिस और वन रक्षक भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी की आशंका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वार वर्तमान में हो रहे पुलिस भर्ती परीक्षा एवं वन रक्षक परीक्षा को राजनादगांव में एक आरक्षक के फाँसी लगा लेने और शारीरिक दक्षता के लिये करवाये जा रहे दौड़ में धांधली के आरोप तथा धांधली में लिप्त पुलिस कर्मियों की संलिप्तता के चलते स्थगित कर दी है, तीन पुलिस कर्मी और एक महिला अभ्यर्थी सहित अब तक 11 लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी और अधिक लोगो की संलिप्तता हो सकती है, अभी तो छोटी छोटी मछलियां फसी है बड़ी मगरमच्छ के फसने की देरी है फिर किस पैमाने पर इन भर्तियों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है, भाई-भतीजावाद किया जा रहा है सामने आना बाकी है। राजनादगांव में जिस कंपनी की चिप और मशीन का उपयोग किया गया और उसमे गड़बड़ी पकड़ी गई, उसी कंपनी की चिप और मशीन का उपयोग क्या पूरे छत्तीसगढ़ में नही किया जा रहा है ?

## अंजन खुद गीत लिखता है कंपोज करता है और गाता भी है

# एक दशक पहले पीएम मोदी ने दंतेवाड़ा में दृष्टिबाधित बालक अंजन को दिया था हौसला

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

एक दशक पहले अपने दंतेवाड़ा प्रवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्यांग बच्चों के संस्थान सक्षम के एक छोटे से दृष्टिबाधित बच्चे की प्रतिभा से मुग्ध हो गए थे। उस बच्चे का नाम था अंजन। जब अंजन ने अपना गाना सुनाया तब प्रधानमंत्री जी इतने खुश हुए थे कि उन्होंने अपने हाथों से उसकी आवाज पर थाप दी थी और उसके बालों को सहलाया था। देश के प्रधानमंत्री का प्रोत्साहन एक बच्चे के जीवन में कितना बदलाव ला सकता है। अंजन इसका उदाहरण है। पहले अंजन दूसरों के गीत गाता था, अंजन अपने गीत स्वयं लिखता है इसे कंपोज भी करता है और गाता भी है। अभी हाल ही में अंजन ने अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के मौके पर एक







गीत लिखा और उसे कंपोस भी किया है। अंजन की संगीत में रुचि को देखते हुए संस्थान में उसे आर्गन, कांगो और ढोलक का प्रशिक्षण दिया गया। दंतेवाड़ा में हर साल बारसूर महोत्सव का आयोजन किया जाता है इस बार आयोजन में अंजन अपने रामलला पर लिखे गीत की प्रस्तुति स्वयं करेगा। अंजन अभी 11वीं कक्षा में पढ़ रहा है अब इस संस्थान में दसवीं तक की पढ़ाई संस्थान के भीतर ही होती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संस्थान में सभी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सक्षम की व्यवस्था डीएमएफ के माध्यम से होती है। डीएमएफ की स्थापना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कराई। उनका यह मानना था कि खनन प्रभावित इलाकों में विकास के कार्यों के लिए डीएमएफ के माध्यम से निधि स्थापित की जाए। अंजन जैसे बच्चों का सपना डीएमएफ के माध्यम से पूरा हो रहा है।

### जब पैदा हुआ तो दादाजी ने कहा, यह क्या करेगा इसको कहीं छोड़ दो

अंजन बीजापुर के अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाकों का बच्चा है नक्सल समस्या की वजह से माता-पिता को गांव छोड़ना पड़ा। अंजन बचपन से ही दृष्टिबाधित है जब वह पैदा हुआ तो उसके दादाजी को बड़ी निराशा हुई और उन्होंने कहा कि इसका क्या होगा, यह क्या करेगा, इसको छोड़ दो। मां बहुत प्यार करती थी। मां ने कहा कि नहीं इसे पालेंगे। बाद में सक्षम के बारे में पता चला और सक्षम में एडमिशन दिलाया। सक्षम के टीचरों को इसके गायन की प्रतिभा और संगीत में रुचि के बारे में पता चला और अब अंजन की दुनिया ही बदल गई है। प्रधानमंत्री के साथ ही राष्ट्र पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अंजन की प्रतिभा से प्रभावित हो चुके हैं।

### गहरी प्रतिभा और अथाह उत्साह से सबको मिलती है प्रेरणा

अंजन ने सब बच्चों के साथ लुई ब्रेल को पुष्पांजलि दी। लुई ब्रेल ऐसे व्यक्ति है जिनकी वजह से दृष्टिबाधित बच्चे भी फर्राटे से चीज पढ़ सकते हैं। सक्षम कैंपस में हेलेन केलर की तस्वीर भी है जो यह बताती है कि दुनिया की सबसे अच्छी चीजों को ना देख सकते हैं न छू सकते हैं उन्हें केवल महसूस कर सकते हैं। अंजन की प्रतिभा भी इसी तरह की है।

# रेल्वे के अधिकारियों की घोर लापरवाही, करोड़ों की जमीन पर हो रहा अतिक्रमण

## तत्कालीन कलेक्टर के पत्र के बाद भी अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

करोड़ों रूपये की लागत से धमतरी, रायपुर रेल लाईन का विस्तार किया जा रहा है। केंद्री से अभनपुर तक बड़ी रेल लाईन की पटरियां बिछाई जा चुकी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे का दावा है कि आगामी महीनों में इसका और विस्तार करते हुए वर्ष 2025 में पूर्ण होने की संभावना है। भविष्य में धमतरी को बालोद से भी जोड़ने की योजना थी। इस हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के द्वारा खसरा नंबर 161 से खसरा नं 120 और 201 के बीच से यह रेल लाईन निकाले जाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन उक्त खसरा नंबरों पर कतिपय लोगों ने अपना नाम चढ़ाकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना पर ग्रहण सा लगा दिया है जिसकी जानकारी तत्कालीन कलेक्टर को लगने पर उन्होंने कलेक्टर कार्यालय धमतरी से पत्र क्रमांक टीएल 1647/2020 ज्ञापन दिनांक 12.2.2020 को डिविजनल रेल्वे मैनेजर रायपुर को पत्र प्रेषित कर अग्रिम कार्यवाही कर ऐसे अतिक्रमण पर कार्यवाही की अनुशंसा की थी। लेकिन उक्त पत्र के चार वर्ष पश्चात भी यह कार्यवाही दपूम रेल्वे ने शुरू नहीं की जिससे आसपास के रिक्त इलाके भी अब अतिक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।

केंद्री से धमतरी और धमतरी से बालोद की ओर बड़ी रेल लाईन की योजना को मद्देनजर रखते हुए दपूम रेल्वे ने खसरा नंबर 161 के 14 एकड़ 42 डिसमिल भूमि को आरक्षित कर रखा है। शासकीय अभिलेख में भी यह भूमि पूर्व में घास दर्ज थी जिसे सुधारकर सेंट्रल गवर्नमेंट किया गया है। इसी क्षेत्र से बालोद की ओर बड़ी रेल लाईन बिछाये जाने की योजना है। लेकिन तत्कालीन कलेक्टर रजत बंसल ने दपूम रेल्वे के डिविजनल इंजीनियर को उक्त पत्र प्रेषित करते हुए खसरा नंबर 161 पर हो रहे बटांकन को लेकर चिंता जाहिर की। राजस्व विभाग के न्यायालयीन प्रकरण अंतर्गत रजिस्ट्री के माध्यम से अनावेदकों का नाम भूस्वामी हक के रूप में दर्ज हो चुका है। साथ ही आवेदित भूमि के टुकड़े में कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर कच्चा पक्का मकान बना लिया है। आवेदित भूमि दपूम रेल्वे की है जिसमें कुछ व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसलिये इस पर आवश्यक कार्यवाही करें। लेकिन चार वर्ष गुजर गये, कलेक्टर के उक्त पत्र के अनुसार कोई कार्यवाही नहीं की गई। खसरा नंबर 161/1, 5.503 घास भूमि के टुकड़ा नंबर 161/2, 161/3, 161/4, 161/5, 161/6, 161/7, 161/8, 161/9, 161/10, 161/11, 161/12 हो चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि तत्कालीन तहसीलदार ने ऐसे व्यक्तियों का नाम शासकीय भूमि में बिना कलेक्टर की अनुमति के या दपूम रेल्वे से अनुमति लिये बिना कैसे चढ़ाया, यह जांच का विषय है। वर्तमान खसरा नंबर 161 के कई टुकड़े में बंट जाने से वहां अतिक्रमणकारियों का जमावड़ा धीरे धीरे हो रहा है और रिक्त पड़ी भूमियों पर अनाधिकृत भूमियों पर कच्चा पक्का मकान बनाये जाने की प्रक्रिया जारी है। अनेक लोगों ने इस स्थल पर पक्का मकान भी बनाया है जिसमें कुछ रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी भी शामिल हैं। भविष्य में यदि दपूम रेल्वे धमतरी से बालोद की ओर बड़ी रेल लाईन का विस्तार करना चाहेगा तो ऐसे अतिक्रमणकारी और जिन्होंने उपरोक्त भूखंड पर अपना नाम मिलीभगत कर चढ़ाया है, इससे यह योजना खटाई में पड़ सकती है। इसलिये दपूम रेल्वे को चाहिये कि खसरा नंबर 161 और उसके टुकड़े को सुरक्षित करने के लिये तत्कालिक कदम उठाया जाये ताकि यह महत्वाकांक्षी योजना अपने निर्धारित अवधि में पूरा हो। धमतरी शहर वर्तमान में बड़ी रेल लाईन की चलने वाली धमतरी-केंद्री रेल लाईन की तरक्की को लेकर काफी प्रसन्न हैं। लेकिन खसरा नंबर 161 पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर जिस प्रकार रेल्वे विभाग कलेक्टर के पत्र पर भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं कर रहा है, उससे रेल्वे की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जाता है कि खसरा नंबर 161 से सटे विवादित सरकारी भूमियों पर भी कतिपय लोगों ने कब्जा कर लिया है। इनमें पूर्व पार्षद जिसने एक भूमि को लाखों रूपये में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। वहीं दूसरे पार्षद ने मंदिर और सार्वजनिक स्थल को भी बाउंड्रीवॉल कर अतिक्रमण कर लिया है जिसे लेकर लाल बगीचा वार्डवासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ऐसा नहीं है कि वार्डवासियों ने इसका विरोध नहीं किया, बल्कि उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर धमतरी को शिकायत भी की और सार्वजनिक स्थल को घेरे जाने का विरोध किया और कार्यवाही की मांग की। इसके बाद भी पूर्ववर्ती सरकार से संपर्क में रहने वाले नेताओं के चलते इस पर कार्यवाही नहीं हुई जिससे वार्डवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इन्होंने यह भी बताया कि मंदिर के कुछ भाग पर पूर्व पार्षद ने जो बाउंड्री बनाई है, उससे मंदिर का क्षेत्र सिमटकर रह गया है। और तो और बरसाती पानी के समय इस स्थल पर पानी भर जाता था जिससे लोग निस्तारी का काम लेते रहे हैं। किंतु दपूम रेल्वे की लापरवाही से अब धीरे धीरे खसरा नंबर 161 सिमटते जा रहा है। जागरूक लोगों ने दपूम रेल्वे और कलेक्टर से मांग की है कि इसकी जांच कर शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाते इस भूमि पर मकान बनाये लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाये।




## कांग्रेस ने संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को पार कर लिया है : भाजपा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बस्तर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के आपराधिक चरित्र पर तीखा हमला बोला है। देव ने कहा कि बस्तर समेत पूरा प्रदेश युवा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर की कांग्रेस नेता द्वारा की गई बर्बर हत्या के बाद दुःखी है जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के जिस बीजापुर में यह निर्मम हत्या की गयी, उसी बस्तर में जब दिवंगत मुकेशजी का अंतिम संस्कार भी नहीं हुआ था, तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आतिशबाजी करवा रहे थे, खुद को लड्डुओं से तुलवा रहे थे, फूलों की बारिश करवा रहे थे, ढोल-नगाड़े बजाए जा रहे थे। देव ने इसे कांग्रेस का नितांत अमानवीय चरित्र बताते हुए कहा कि कांग्रेसी मानवता के नाते कुछ तो शर्म कर लेते। कांग्रेस के लोग ऐसे जश्न मना रहे थे, मानो दुनिया की सारी खुशी उन्हें आज ही मिल गई है। देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जब सरकार में थी, तब भी लगातार अपराध के मामलों में कांग्रेसी नेताओं के नाम आते थे और अब सत्ता जाने के बाद कांग्रेस की बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि प्रदेश में हो रहे अमूमन हर बड़े अपराधों के पीछे अभी भी कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके नेताओं का नाम लगातार सामने आ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भाजपा की प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। प्रदेश में अपराध करने वाला चाहे कोई भी हो उस पर कार्रवाई अवश्य होगी।

## छ.ग. मरार पटेल महासंघ के कर्मचारी प्रकोष्ठ ने किया प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जी.ई.रोड स्थित शहीद स्मारक भवन रायपुर में छ.ग. मरार पटेल महासंघ के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 29 दिसम्बर 2024 को प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम सफलतापूर्वक गरिमामय संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा उपस्थित थें। विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उपस्थित थें। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष नागेश्वर पटेल ने किया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में राजेन्द्र पटेल, संयुक्त संचालक वित्त, आर.के.तलवरे, प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय, गरियांबद, चंद्रकांत पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल्वे अस्पताल रायपुर, राजू पटेल तहसीलदार बलौदाबाजार, कविता पटेल नायब तहसीलदार, वर्षा जुनियर रेजिडेंट शास. मेडिकल कॉलेज महासमुंद द्वारा समाज के बच्चों को कैरियर गाईडेंस देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में वर्ष 2023-2024 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले लगभग 400 बच्चों को मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल, अति विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छ.ग. शासन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे परिवार, समाज, राज्य एवं देश की भविष्य है, इन्हें संस्कारवान, मेहनती एवं अनुशासित बनाने में परिवार एवं समाज का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतिविशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शिक्षा, कला एवं खेल के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासंघ के प्रांताध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक पटेल, महासचिव प्रेमलाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मानारायण पटेल, सुनील पटेल, सुरेन्द्र पटेल एवं महासंघ अन्य पदाधिकारी के गरिमायी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिन्होने प्रतिभावन बच्चों को कैरियर गाइडेंस देकर उन्हे आगे बढने हेतु प्रेरित किया।

## तेलीनसत्ती माता महोत्सव में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री अरुण साव

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम तेलीनसत्ती, धमतरी में जिला, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के सहयोग से 17, 18 एवं 19 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय त्रिदिवसीय तेलीनसत्ती माता महोत्सव में छग शासन के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पूरे धमतरी जिले के सामाजिकजन, तेलीनसत्ती ग्रामवासी एवं माता मंदिर समिति कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जोर.शोर से तैयारी में जुटें हैं। तेलीनसत्ती माता महोत्सव के प्रथम दिवस सामाजिक ध्वजारोहण, शोभायात्रा, रक्तदान शिविर, मातृसभा, पंडवानी सांस्कृतिक कार्यक्रम, द्वितीय दिवस योग, वैदिक यज्ञ, स्वास्थ्य चर्चा, रक्तदान शिविर, सामाजिक संगोष्ठी, सनातन सभा, सर्व समाज गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं तृतीय दिवस कैरियर गाइडेंस, परिचय सम्मलेन, सामाजिक भवन लोकार्पण एवं आदर्श सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम हेतु उपमुख्यमंत्री के रायपुर निवास कार्यालय में पहुंचकर जिला साहू संघ धमतरी के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, प्रदेश न्याय प्रकोष्ठ गजानंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, मानस ब्लड बैंक संचालक मितेश साहू एवं नीलकंठ साहू नें निमंत्रण दिए।

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि देते दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देश प्रदेश को झंकझोर देने वाली बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद जगह जगह रोष व्याप्त है ग्रामीण ग्रामीणों के साथ पत्रकारों द्वारा स्व. मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि देते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग किया जा रहा है इसी तर्ज पर दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि देने देवभोग ब्लॉक मुख्यालय में बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित हुए एवं स्थानीय गांधी चौक में मुकेश चंद्राकर के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मोमबत्ती जलाई इस अवसर पर नगर के सभी पत्रकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे वह मुकेश की हत्यारे को सजा होने की बात कही साथ ही साथ संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही हो दिवंगत मुकेश चंद्राकर को न्याय मिले एवं प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने की मांग रखी इस अवसर पर पत्रकारों ने कड़ी निंदा की वह नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया इस बीच पत्रकार पुरुषोत्तम पात्र, मनमोहन नेताम, आदित्य बेहेरा, टेकलाल प्रधान ने कहा कि सरकार भी अब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कर शाहिद पत्रकार को सच्ची श्रद्धांजलि दे ताकि भ्रष्टाचार का उजागर कर जनहित की दिशा में पत्रकार निर्भीक हो कर काम कर सके। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार गिरीश जगत, मोहम्मद लतीफ, धनंजय बिहारी, देवीचरण, गजानंद कश्यप, विपिन सोनवानी, सखाराम, टीकम निषाद, चरण क्षेत्रपाल, नागेश्वर मोरे आदि उपस्थित रहे।

## सनातन सेना द्वारा सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी शहर के महंत घासीदास वार्ड जालमपुर में सात दिवसीय प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहर के सनातन सेना एवं वार्ड के युवा साथियों द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ सनातन सेना के दीपक सिंह ठाकुर, मोहन साहू, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रदेश सह सेवा प्रमुख गोपाल साहू भाजपा, डाकेश्वर साहू, जतिन देवांगन, लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय स्तर के प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुअवसर प्राप्त होता है। सभी खिलाड़ियों को खेल भावनाओं के साथ प्रतियोगिता में शामिल होना चाहिए। खेलो से शारीरिक क्षमता के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी विकास होता है। मोहन साहू ने खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित किया और मैच की कमेंट्री भी कर दर्शकों का दिल जीत लिया। शुभारंभ अवसर पर शेखर सोना, आयुष पात्रे, अमित सोना, दिलेश सोना, अनिल पात्रे, चरण जगत, धनराज, विनय, विशाल, धीरज, सेंटी, बादल, शौर्य, अजीत, इंदर, आकांशु, हनी दीप, आकाश उपस्थित हुए।

## प्रहलाद की भक्ति में वह शक्ति थी जिससे भगवान अवतरित हुए : चारूलता



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

गोकुलपुर वार्ड के सत्संग भवन समीप चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू पहुँचकर व्यासपीठ को प्रणाम कर आशीर्वाद लिए व कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त किए। कथा वाचिका भागवताचार्य किशोरी चारुलता बहुत ही सुंदर ढंग से श्रोताओं को कथा से रसपान करा रही है, जिसमे आनंदकंद भगवान श्री हरि विष्णु के अनेक अवतारों की कथाओं के साथ विभिन्न कथाओं को विस्तार पूर्वक श्रोतागण को सुना रहे हैं। कथा दिवस के दिन कथावाचिका ने भक्त प्रहलाद कथा, नरसिंह अवतार कथा, अजामील प्रसंग, नरकों का वर्णन कथा रसपान कराए। कथा रसपान करते हुए श्रोतागणो को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा कि जग कल्याण एवं असुर संहार के लिए प्रभु ने अनेक अवतार लिए है। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान मोक्ष का मार्ग है। प्रत्येक कथा में आनंदकंद भगवान श्री हरि विष्णु के अनेक अवतारों का वर्णन है। उन्होंने इस धरती पर जब-जब असुरों ने विनाश किया, उस समय धरती में तारणहार के रूप में अवतार लिए हैं और असुरों का संहार किए हैं। इस अवसर पर कथा रसपान करने विजय साहू, विनोद रणसिंह, सीमा चौबे, महेश साहू, लता अवनेंद्र साहू, सोमनाथ साहू, वेदूराम यदु, ओमप्रकाश कंवर, श्रीमद् भागवत कथा में परिक्षित के रुप में विराजमान जोधन साहू, रामचंद साहू, कृष्णा साहू, पदमणी साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बीजापुर के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को पत्रकार कल्याण संघ ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

बीजापुर के तेजतर्रार एवं निर्भीक ईमानदार पत्रकार मुकेश चंद्राकर का विगत दिवस सड़क निर्माण ठेकेदार एवं उनके रिश्तेदारो द्वारा निर्मम हत्या कर लाश ठेकेदार के कंस्ट्रक्शन स्थल टैंक में डालने से पत्रकारों में हत्यारों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश निर्मित हो गया है।उनके हत्यारों की फांसी की मांग भी लवन के पत्रकारों ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से किये गए हैं। शनिवार 4 जनवरी को पत्रकार कल्याण संघ लवन एवं बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में लवन के पत्रकारों ने लवन बलौदाबाजार खरतोरा मुख्य चौक पर दिवगंत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर संवेदना एवं परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें कि ईश्वर से प्रार्थना किये। इसके अलावा पत्रकारो ने पत्रकार सुरक्षा छत्तीसगढ़ में जल्दी लागू की मांग भी किये गए हैं साथ ही दिवगंत पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को राज्य सरकार मुवावजा राशि एक करोड़ सहित एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान किये जाए कि मांग किये गए।इस अवसर पर पत्रकार कल्याण संघ के जिला संगठन प्रभारी गोलू कैवर्त, जिला कोषाध्यक्ष योगेश सिंघम, जिला महासचिव रूपेश जोशी, सुरेंद्र बघेल, विजय साहू ,देवा वर्मा, राकेश रोशन साहू सहित सभी पत्रकार उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ने निकाला संविधान मार्च

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी और भाजपा सरकार द्वारा देश के संवैधानिक मूल्यों पर लगातार किए जा रहे प्रहारों के खिलाफ कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने विरोध स्वरूप संविधान मार्च निकालकर संविधान की रक्षा का प्रण लिया। धमतरी के मिशन ग्राउंड से राजीव भवन तक चली इस पदयात्रा में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक ओंकार साहू समेत जिले के कई कांग्रेसी नेता एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। संविधान मार्च के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता अपने हाथों में बाबा साहब का चलचित्र हाथों में लिए को लेकर चल रहे थे और संविधान बचाओ के नारों से शहर गूंज रहा था। इस दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी ने कहा कि आज मोदी सरकार द्वारा संविधान की मूल भावना और बुनियादी मूल्यों को ही बदलने की कोशिश हो रही है। यह कुछ संशोधन करने का मामला नहीं है या महज कार्यपालिका द्वारा कुछ निरंकुश अधिकार प्राप्त कर लेने का मामला नहीं है। बल्कि यह संविधान की बुनियाद को ही बदलने का मामला है। हमारे संविधान को 75 साल होने जा रहा है और हमारे संविधान की जो मूल भावना है कि यह एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र है। उसे बदलने की बात ये तानाशाही सरकार कर रही जिसके खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं और देश के संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा संविधान देश के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करता है और समानता का अधिकार सुनिश्चित करता है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी समय समय पर संविधान को कमजोर करने का षड़यंत्र कर रही है, पर एनएसयूआई और कांग्रेस इस षड़यंत्र का दृढ़ता से विरोध करेगी। मोदी सरकार ने एक एक कर सारी संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर उन्हें अपनी जेबी संस्थाओं में तब्दील कर दिया। विपक्षी नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके डराने धमकाने की कोशिश हुई। जो डर गए, उन्हें इनाम देकर पार्टी में शामिल कर लिया गया और जो तैयार नहीं हुए उन्हें तरह तरह से परेशान किया गया। कई को जेलों में डाल दिया गया और लोकतंत्र की निर्मम हत्या कर दी और संविधान पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। लेकिन देश के संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एनएसयूआई हर जद्दोजहद करेगी। इस संविधान मार्च में विधायक ओंकार साहू, महापौर, विजय देवांगन, मोहन लालवानी, पंकज महावर, मनोज साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, शास्त्री सोनवानी, आकाश गोलछा, राजेश साहू, विक्रांत शर्मा, कृष्णा मरकाम, हितेश गंगवीर, ऋषभ यादव, पारसमणी साहू, ओम मानिकपुरी, नोमेश सिंह, अरविंद यादव, चितेन्द्र साहू, तेजप्रताप साहू, तेज प्रकाश साहू, उमेश साहू, फैजल खान, त्रिभुवन मांडवी, चैतन्य साहू, पूरन सोनी, नमन बंजारे, सुदीप सिन्हा, प्रशांत शर्मा, उदय साहू, राकेश नेताम, फैजान खान, चैतन्य साहू, सूर्यकांत पटेल, शेखर दास, निक्कू, विवेक कतलाम, सुनील साहू, कृष्ण लहरे, प्रिंस साहू, एनएसयूआई के हजारो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कविता योगेश बाबर ने देवरी में पानी टैंकर कचरा संग्रहण रिक्शा का किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

एक जनप्रतिनिधि की भूमिका अपने क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से करना व निरंतर लोगों के संपर्क में रहते हुए उनकी निजी समस्याओं तथा सार्वजनिक विकास के कार्यों के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को निभाना ही सक्रिय जनप्रतिनिधि की पहचान हैं। इसी क्रम में कविता योगेश बाबर सभापति वन समिति अपने जिला पंचायत क्षेत्र में इन सभी दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए लोगों की आकांक्षाओं में खरा उतरने का प्रयास हमेशा से ही करती रहीं है और जिसका सार्थक परिणाम भी देखने को मिलता है। इसी क्रम में ग्राम देवरी में ग्रामवासियों की बहुत दिनों से यह माँग की ग्राम में एक पानी टैंकर एवं कचरा गाड़ी की गई थी जिसे त्वरित रूप से स्वीकृत कर उसका लोकार्पण एवं ग्रामवासियों को समर्पण एक सभा के माध्यम से किया गया ग्राम वासियों ने उनके इस कार्य के लिए उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामवासियों को समय समय पर शादी ब्याह छट्ठी आदि कार्यक्रम में पानी की आवश्यकता महसूस होती है। टैंकर उपलब्ध हो जाने से अब उनकी इन आवश्यकताओं का सरलता से निदान हो जाएगा एवं गाँव को स्वच्छ रखने की दिशा में एक कचरा गाड़ी रिक्शा भी प्रदान की गई है जिससे समस्त ग्रामवासी कचरा का संग्रहण कर उस गाड़ी के माध्यम से एक निश्चित स्थान पे उसका निष्पादन कर सके व ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी भागीदारी निभा सके। कार्यक्रम के इस अवसर पर सरपंच राम नारायण ध्रुव उप सरपंच शोभाराम सिन्हा, ग्रामीण प्रमुख अर्जुन ओझा, हेम लाल भूटान, भादू राम साहू, देवराज ढीमर, धनेश राम पंच, कार्तिक राम सिन्हा, लीला राम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# निकाय और पंचायत चुनाव के पहले बदले गए भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को कमान, लिया माँ गंगा का आशीर्वाद

- 11 माह में बदले गए भाजपा जिलाध्यक्ष, चेमन देशमुझ को संगठन की कमान

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com






त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और निकाय चुनाव के पूर्व ही भाजपा जिलाध्यक्ष बदल दिए गए। जिले के नए भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख होंगे। दिल्ली हाइकमान से भेजे गए बंद लिफाफे में फैसले और चयन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए निर्वाचन अधिकारी नीलू शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय में मौजूद सभी को सुनाया, और बतौर नए जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नाम का ऐलान किया। रविवार दोपहर करीबन ढाई बजे ग्राम जुंगेरा स्थिति जिला भाजपा कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थित के बीच नाम की घोषणा हुई।चेमन देशमुख को नए जिलाध्यक्ष बनाये जाने के ऐलान के बाद सभाकक्ष जिंदाबाद के नारे लगने शुरू हो गए। वही निवृतमान जिलाध्यक्ष पवन साहू ने नए जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया। जिला महामंत्री चेमन देशमुख के नाम की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। चेमन देशमुख संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका में रहते हुए मंडल तथा जिले में अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे हैं। चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष बनने के बाद ग्राम झलमला स्तिथ प्रसिद्ध माँ गंगा मईया मंदिर पहुच माता का आशीर्वाद किया और जिला व प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**11 माह बदले गए जिलाध्यक्ष-** उल्लेखनीय हो कि पवन साहू को माह फरवरी 2024 में भाजपा जिलाध्यक्ष की जिमेदारी दी गई थी। वहीं अभी इनके कार्यकाल को एक साल भी पूरे नहीं हुए और पार्टी ने नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की है। भाजपा ने बीते लोकससभा चुनाव के पहले ही फरवरी माह में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की थी। महज 11 माह में भाजपा जिलाध्यक्ष बदला गया है। वहीं अब निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले फिर एक बार बदलाव हुआ है। ठीक निकाय और पंचायत चुनाव के नया जिलाध्यक्ष की कमान चेमन देशमुख को सौंपी गई है। बता दे कि 2012 में बालोद जिला बनने के बाद क्रमशः प्रीतम साहू, लेखराम साहू, कृष्णकांत पवार एवं पवन साहू जिलाध्यक्ष रहें।

**लक्ष्य को लेकर बढ़ रहे आगे-नीलू-** निर्वाचन अधिकारी नीलू शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व चल रहा है, जबसे भाजपा के संगठन पर्व की शुरुआत हुई है, हमारे नीचे की इकाई बूथ कमेटी का गठन हुआ, फिर मंडल के निर्वाचन के प्रक्रिया को पूर्ण किया गया, उसके बाद जिला के निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए आज जिलाध्यक्ष की घोषणा हुई है। भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता के उपस्तिथि में लोकतंत्र प्रणाली के अंतर्गत इस चुनाव के प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को लेकर हम सब आगे बढ़ रहे है, की आने वाले समय मे जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा का कमल खिलायेंगे, भाजपा का विधायक बनाएंगे।

**भारी गहमागहमी के बीच हुई नारेबाजी-** वही इस दौरान निवृतमान जिलाध्यक्ष पवन साहू ने स्वागत भाषण दिया और मंच संचालन राकेश छोटू यादव ने किया। जिलाध्यक्ष के नाम घोषणा के समय पहली बार पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ नज़र आई, जहां नाम की घोषणा के पूर्व कई नामो की चर्चा होते रही। जिसमे चेमन देशमुख बाजी मार गए। वही नाम की घोषणा होते ही पार्टी कार्यालय में भारी गहमागहमी भी बनी रही व नारेबाजी होते रही। सभी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई दी। बैठक में निर्वाचन के पहले पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित नए मंडल अध्यक्षों का भी स्वागत सम्मान किया गया। नीलू शर्मा ने नए मंडल अध्यक्षो को शपथ भी दिलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, आरके राय, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन, राकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, केसी पवार, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, दिलीप शर्मा, छगन यदु, संध्या भारद्वाज, प्रमोद जैन शीतल नायक, मीना सत्येंद्र साहू, किशोरी साहू, सौरभ लुनिया, प्रतिभा चौधरी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, नीतीश मोंटी यादव, सोमेश साहू, नंदकिशोर शर्मा, इशा प्रकाश साहू, कौशल साहू, कमलेश सोनी, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, मोहन जैन, हरीश कटझरे, टीनेश्वर बघेल, राजेश दसोड़े, लीला लाले शर्मा, गोविंद वाधवानी, जसराज शर्मा, व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ पार्टी के कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे।

> ‘भाजपा के बड़ा परिवार है, इस परिवार में जितने लोग है सबके मार्गदर्शन से जिला भाजपा नई ऊंचाइयों पर पहुचेगी, इस बात का मैं भरोसा दिलाता हूं, आने वाले समय में पंचायती राज और नगरीय निकाय चुनाव है, और आने वाले 4 साल में हम मेहनत कर के तीनो विधानसभा में भाजपा का विधायक बनाएंगे, ये संकल्प भी लेते है।’
>
> **-चेमन देशमुख, जिलाध्यक्ष, भाजपा संगठन, बालोद**

## भगवान की कृपा उनके शरण मे जाने से ही मिलता हैः गोपिकेश्वरी





पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

काली मंच हथखोज पारा उतई में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में गोपिकेश्वरी देवी ने कहा कि हमें भगवान की कृपा पाने के लिए की उनके शरण में जाना होगा। ये शरणागति का अर्थ है की जीव को कुछ नहीं करना बस भोले बालक की तरह भगवान की शरण में जाना है। तभी भगवान जीव का योगक्षेम वहन करेंगे यानी जीव के समस्त कर्मों के कर्ता, संचालक भगवान बन जायेंगे। जैसे महाभारत युद्ध के समय अर्जुन भगवान की शरण में गया तब भगवान ने उसका योगक्षेम वहन किया। ऐसे ही शरणागति जीव को करनी है। आगे देवी जी ने बताया कि मन और बुद्धि का समर्पण भगवान के चरणों में करना होगा, इंद्रियों का नहीं क्योंकि भगवान मन के भाव देखते हैं शरीर से जीव क्या कर रहा है,भगवान इस पर ध्यान नहीं देते। और कुछ न करने का अर्थ समझाते हुए देवी जी ने बताया कि कुछ न करने का अर्थ है की हम संसार में रहकर बाहर से अपने समस्त कर्तव्यों को निभाएं लेकिन मन से भगवान से प्यार करें यानी तन संसार में मन यार में। आगे कथा में जड़ भरत जी की कथा बताई। अजामिल की कथा के माध्यम से नाम की महिमा बताई गई। फिर आगे प्रहलाद जी की कथा बताई और इस कथा के मध्यम से निष्काम भक्ति का स्वरूप बताया । और फिर आगे वामन भगवान की कथा से होते हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव की लीला श्रवण करवाई।

## प्रकाश पर्व के अवसर पर सिक्ख समाज ने भव्य शोभा यात्रा निकाली

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



धन धन गुरु गोबिंद सिंघ साहेब का प्रकाश पर्व सिख धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार गुरु गोबिंद सिंघ के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, जो सिख धर्म के दसवें गुरु थे। गुरु गोबिंद सिंघ का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना में हुआ था। वह एक महान धार्मिक नेता, योद्धा, और कवि थे। उन्होंने सिख धर्म को मजबूत करने और इसके अनुयायियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुरु गोबिंद सिंघ के प्रकाश पर्व के दौरान, सिख अनुयायी विभिन्न समारोहों और कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। जिसमें गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास गुरु गोबिंद सिंघ के जीवन और शिक्षाओं पर व्याख्यान सिख धर्म के इतिहास और संस्कृति पर प्रदर्शनी सामुदायिक भोजन और सेवा गुरु गोबिंद सिंघ के प्रकाश पर्व के अवसर पर, सिख अनुयायी अपने गुरु के जीवन और शिक्षाओं को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का प्रयास करते हैं। प्रकाश पर्व एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो सिख धर्म के अनुयायियों को एकजुट करता है और उन्हें अपने गुरु के जीवन और शिक्षाओं को याद करने का अवसर प्रदान करता है।

**मुंगेली में भी निकाली गई भव्य शोभा यात्रा** - प्रकाश पर्व के अवसर पर मुंगेली के सिक्ख समाज ने भी भव्य शोभा यात्रा निकाली जो नगर के मुख्य मार्गो से हो कर निकली। शोभा यात्रा के दौरान पंच प्रवरो की टोली, मार्ग को साफ करती महिलाओं की टोली भजन जत्था ने लोगो का मन मोह लिया।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले जयंती मनायी गई



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सूर्यकांती, महिला शिक्षा प्रणेता, प्रथम महिला शिक्षिका आई सावित्री बाई फुले के जन्म जयंती पर कोटिश नमन। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज ने आई साहेब के महान कार्यो को याद करते हुए शिक्षक दिवस के रूप में उनके विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए जन्मदिन मनाया। उनके जीवन संघर्षों पर उपासिका महिला मंडल सचिव प्रीती मेश्राम एवं रिंकी ऊके द्वारा बहुत ही सुंदर उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष रवि बारसागड़े, महासचिव सोहन खडसे, उपाध्यक्ष भूपेश सहारे, ओमप्रकाश दामले, सुदामा बारसागड़े, महिला मंडल अध्यक्ष आशा नोनहरे, सचिव प्रीती मेश्राम, कोषाध्यक्ष किरण बाला नोनहर चित्ररेखा सहारे, रिंकी ऊके, बिंदा ऊके, पवीता चुनारकर, सुजाता सुखदेवे, पद्मिनी गजभिए,दुर्गा बारसागड़े, कुसुम बोरकर, मंजू, बांबेश्वर, मुस्कान बांबेश्वर, सुलोचना मेश्राम, लक्ष्मी मेश्राम एवं बहुजनों के महान विचारधारा के वंशज बाल धम्म सभा के बच्चे उपस्थित रहे।

## पुन :बनाए गए भाजपा जिला अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा बलरामपुर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल को एक बार पुनः जिले की कमान सौंपते हुए उनको जिला अध्यक्ष के पद से सम्मानित किया गया है। पुनःपद प्राप्त करने उपरांत उनके समर्थकों एवं सगे संबंधियों सहित राजनीतिक गलियारों में खुशी की लहर व्याप्त है उनको चाहने वाले फूल माला पहना हुए एवं मुंह मीठा कराकर बधाई देने का सिलसिला जारी है।

## नेताम ने किया अनुविभागीय कार्यालय का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

तहसील कार्यालय के समीप 48.03 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित अनुविभागीय कार्यालय का लोकार्पण रामविचार नेताम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक रामानुजगंज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेताम ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यो को सरल और प्रभावी बनाने में मदद के साथ जनता की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय में की जा रही सोनोग्राफी, एक्स-रे, लैब जांच, ओ.पी.डी. सेवायें आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी चिकित्सक एवं स्टाफको अनुशासित और संवेदनशील होकर मरीजों को सेवा प्रदान करें। आपके कार्य से लोगों के बीच में आपकी पहचान होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सको की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी चिकित्सको को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में अनुबंध पर कार्यरत अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चिकित्सकों पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ऐसे चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निक्षय निरामय अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। इस अभियान के तहत मितानीन बहनें घर-घर जाकर टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया और वृद्धजनों की बीमारियों की पहचान कर उपचार कर रही हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे सर्वे टीम का सहयोग करें, ताकि समय पर जांच और उपचार हो सके। कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत 70 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिए।

उन्होंने जिला चिकित्सालय में विभिन्न मदों से प्राप्त राशि के उपयोग की जानकारी भी ली। उन्होंने 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मुंगेली में 01 स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं 01 शिशुरोग विशेषज्ञ की पदस्थापना करने हेतु मांग पत्र संचालक स्वास्थ्य सेवायें को तत्काल पत्र प्रेषित करने निर्देशित किया।

## शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद मुंगेली के पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद मुंगेली के पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पार्षदों के पांच साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। समारोह में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर पार्षदों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो में पार्षदों ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। नगर पालिका अध्यक्ष रहे हेमेंद्र गोस्वामी ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में शहर के विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। वहीं, पार्षद अरविंद वैष्णव ने पार्टी के प्रति समर्पण की बात करते हुए अपने 20 साल के लंबे और सफल कार्यकाल का अनुभव साझा किया। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद संजय सिंह ठाकुर ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके समर्थन और सहयोग से ही यह संभव हुआ है। कार्यक्रम के दौरान सभी पार्षदों को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया। पार्षदों में संजय सिंह ठाकुर, अरविंद वैष्णव, राजशेखर यादव, प्रभु मल्लाह, संजय चंदेल और सोनी आनंद जांगड़े उपस्थित रहें।शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि पार्षदों की मेहनत और ईमानदारी से शहर में विकास कार्यो को गति मिली है, और पार्टी को उन पर गर्व है। समारोह में आत्मा सिंह क्षत्रिय, थानेश्वर साहू, चंद्रभान बारमत्ते, संजीत बनर्जी, उर्मिला यादव, सीरिया यादव, अभिलाष सिंह संजय जायसवाल, नवनीत शुक्ला, आरिफ खोखर,मंजू शर्मा, नूरी खान, ललिता सोनी, वंदना निगम, मनोरमा गुप्ता,बड़ी संख्या में शहर के सभी बूथ के अध्यक्ष और कार्यकर्ता भी शामिल हुए और पार्षदों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

## बैंक में पैसा जमा करने के नाम पर अलग-अलग लोगों से लाखों रुपया लेकर ठगी करने वाला आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार


पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



कमलेश देवांगन निवासी अमोदा थाना नवागढ़ के द्वारा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुख्तार अली व उसका पुत्र गांव में किराना दुकान व ऑनलाइन लेन-देन का काम करवाते थे कुछ दिनों के बाद मुख्तार अली व उसका पुत्र ने खुद का बैंक होना बताया कि उनके बैंक में पैसा जमा करने पर हर माह एक से दो प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा इनकी बात पर ग्रामीणों ने विश्वास करके उनके पास पैसा जमा करने लगे पीड़ितों के द्वारा किश्त किश्त के रूप में पैसा जमा करते थे, प्रार्थी कमलेश देवांगन के द्वारा भी 22/ 6/2017 से 1/6/2020 तक कुल 24 किस्तों में 23 लाख 30000 रुपए जमा किया है इसके अलावा गांव के अन्य 20-25 लोग भी लाखों रुपए पैसा जमा किए हैं पैसा जमा करते समय मुख्तार अली के द्वारा सभी लोगों को एक छोटी-छोटी डायरी को पास बुक जैसा बनकर मुख्तार अली किराना पोस्ट अमोदा चांपा 495668 एवं AEREOLD TECHNOLOGY PRIVATE LIMITED AMODA का सील लगा कर अपना हस्ताक्षर करके पावती देता था, प्रार्थी एवं अन्य लोगों के द्वारा घरेलू काम हेतु पैसा की जरूरत पड़ने पर मुख्तार अली व उसके पुत्र से पैसा मांगने पर आज देंगे कल देंगे कह कर बोलते थे, इस प्रकार से आरोपियों के द्वारा लगभग 50 से 60 लाख रुपए का ठगी किया गया है 2 से 3 वर्ष पूर्व मुख्तार अली व उसका पुत्र गांव अमोदा छोड़कर परिवार सहित रायपुर चला गया तब प्रार्थी और अन्य ग्रामीणों को शंका हुआ कि मुख्तार अली और उसके पुत्र के द्वारा सभी के साथ पैसा लेकर धोखाधड़ी किया है पैसा लेकर फरार हो गया है पैसा वापस मिलने के इंतजार में पीड़ित रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे थे परन्तु जब पैसा मिलने की उम्मीद खत्म हो जाने से थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 03/25 धारा 420,34 कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया विवेचना दौरान आरोपी मुख्तार अली निवासी हाल रायपुर को सकुनत से पकड़ा जिसको पूछताछ कर करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, महिला प्रधान स्वाती गिरोलकर, आरक्षक बलराम यादव, कुलदीप खूंटे, टुकेश्वर डनसेना एवम अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## नगर पालिका ने नही सुनी गुहार तो खुद उठाया साफाई का बीड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ ज्शपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका की ओर से सफाईव्यवस्था का इंतजाम नहीं होने के कारण डिपाटोली मोहल्ले की रूपूबाई ने अपने स्वयं केखर्च और वार्ड नंबर 6 के लोगों ने सामूहिक सहयोग से पूरी बस्ती में साफ-सफाई कर दी। सुबह उहोंने सड़को की मिट्टी हटाते हुए कचरे को एकत्रित कर जेसीबी और टिपर के माध्यम से डपिंग स्थल के लिए खाना किया। जानकारी के अनुसार प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने के कारंण समाजसेवी रूपूबाई के नेतृत्व में वार्ड नंबर 6 के नागरिकों ने यह कदम उठाया है। सरना टोली, डिपा टोली व नावा टोली मेंतो जगह-जगह गंदगी के ढेर पड़े हैं तथा सड़कों पर वर्ष भर कीचड़ व गंदा पानी जमा रहता है। बस स्टैंड के पास पिछले काफी समय से साफ-सफाई करवाने के लिए नगर पालिका के चक्कर लगा रहे हैं। कार्रवाई नहीं होते देख समाज सेवी रूपुबाई ने अपने परिवार के लोगों के साथ मोहल्ले के सड़क पर फैले कचरे को स्वयं के निजी खर्च पर जेसीबी बुलाकर उसमें कचरा डालकर भिजवाया। इसके लिए उन्होंने मोहल्ले के लोगों को भी प्रेरित किया। उनके प्रयास को देखकर मोहल्ले में अन्य लोगों ने भी अपने घरों के बाहर साफ-सफाई की एवं कचरे के निस्तारंण की कारवाई की।

## नागरिकों की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी, मिली सीसी रोड की सौगात



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व शनिवार को शहर के वार्ड 29 रमनटोला में निवासरत वार्डवासियों की वर्षो पुरानी सीसी रोड निर्माण की मांग को पूरा करते हुए इसका भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के बाद महिलांग ने कहा कि अपने ढाई साल के अल्प कार्यकाल में शहरवासियों की अपेक्षा अनुरूप उनके लिए विकास कार्य करने के साथ उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया है। शहर में विकास का यह दौर आगे भी जारी रहे उसके लिए वे हर संभव प्रयास करेगी। इस दौरान वार्डवासी मौजूद रहें।



## बोर्रा गुफाओं में होगी एसएसएमबी 29 की शूटिंग, एसएस राजामौली और महेश बाबू ने बनाई योजना



एसएस राजामौली सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक फिल्म बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वर्तमान में राजामौली और उनकी टीम लोकेशन की तलाश कर रही है, जिसका एक बड़ा हिस्सा केन्या में शूट करने की योजना है। रिपोर्ट्स बताती है कि एक महत्वपूर्ण एपिसोड बोर्रा गुफाओं, विजाग में भी शूट किया जाएगा, जो एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। राजामौली ने हाल ही में अपनी टीम के साथ साइट का दौरा किया।

### बोर्रा गुफाओं में होगी शूटिंग

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि एसएस राजामौली ने बोर्रा गुफाओं में करीब दो सप्ताह की शूटिंग तय की है। एडवेंचर थ्रिलर के तौर पर प्रचारित यह फिल्म कई देशों में होगी। केएल नारायण इस प्रोजेक्ट को बड़े बजट में प्रोड्यूस करेंगे, जिसमें वीएफएक्स के लिए हॉलीवुड स्टूडियो को शामिल किया जाएगा।

### विदेश में तैयारी कर रहे महेश बाबू

महेश बाबू इस समय विदेश में हैं और इस भूमिका की तैयारी कर रहे हैं। वह अपनी अब तक की सबसे महंगी फिल्म में एक नए लुक में नजर आने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट ने इस बात की भी सुर्खियां बटोरी है कि प्रियंका चोपड़ा जोनस को मुख्य महिला किरदार के लिए चुना गया है। अगर यह सच है तो इस कदम को एक मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें प्रियंका के वैश्विक स्टारडम का लाभ उठाकर फिल्म का भी वैश्विक स्तर पर प्रचार किया जाएगा।

### फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट

फिल्मांकन 2025 की गर्मियों में शुरू होने की उम्मीद है, और 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है। राजामौली का परिवार प्रोडक्शन में अहम भूमिका निभाएगा। उनके पिता विजयेंद्र प्रसाद ने कहानी लिखी है, जबकि उनके भाई एमएम कीरवानी संगीत तैयार करेंगे। राजामौली के बेटे कार्तिकेय लाइन प्रोड्यूसर की भूमिका निभाएंगे। खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट में हमेशा की तरह सिनेमैटोग्राफर सेंथिल कुमार शामिल नहीं होंगे। विजाग में हाल ही में लोकेशन की तलाश ने उत्साह पैदा कर दिया है, जिससे प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं।



# श्वेता त्रिपाठी ने दिया मिर्जापुर-द फिल्म पर अपडेट

मिर्जापुर सीरीज की गोलू उर्फ श्वेता त्रिपाठी को आज हर कोई पहचानता है। श्वेता ने अपनी बेहतरीन अदाकारी ने सभी का दिल जीता है। कुछ समय पहले ही निर्माताओं ने मिर्जापुर - द फिल्म की घोषणा की थी और तभी से ही प्रशंसक इसे लेकर उत्साहित हैं। फिल्म से जुड़ी हर जानकारी पर प्रशंसकों की नजरें रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान श्वेता ने फिल्म के बारे में कई अपडेट शेयर किए और साथ ही कहा कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीद से कहीं आगे की होगी।


मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान मिर्जापुर में अपनी भूमिका के लिए मशहूर श्वेता त्रिपाठी ने इस सीरीज पर आधारित आगामी फीचर फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। उन्होंने आगे बताया कि मिर्जापुर स्वाभाविक रूप से एक पुरुष-प्रधान दुनिया है, जहां पुरुषों के पास सत्ता है, और यह फिल्म उसी को दर्शाएगी। हालांकि, फिल्म में सीरीज का सार और लहजा बरकरार रखा जाएगा, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म, सीरीज से कहीं ज्यादा थ्रिलर और आगे की होगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में पहले सीजन के किरदार जैसे कंपाउंडर और मुन्ना भी शामिल होंगे।

श्वेता त्रिपाठी ने फिल्म में अपने किरादार गोलू के बारे में कहा कि प्रशंसकों का गोलू के किरदार के प्रति प्यार उन्हें खुशी देता है। भले ही उनका किरदार उनकी शक्ल से बिल्कुल अलग है। श्वेता उर्फ गोलू ने मिर्जापुर पर गर्व व्यक्त किया कि यह पहली ओटीटी सीरीज है, जिस पर फिल्म बनाई जा रही है, लेकिन उन्होंने दर्शकों के प्यार और सम्मान के साथ आने वाली जिम्मेदारी को भी पहचाना।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्वेता ने आगे कहा कि सपनों का पीछा करना आसान नहीं है, लेकिन सिर्फ पैसे के लिए नौकरी करने के बजाय हर दिन अपने जुनून के लिए काम करना बेहतर रहता है। मिर्जापुर- द फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

# 'राउडी राठौर 2' से जुड़ी अपडेट आई सामने

अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा की मुख्य भूमिका वाली राउडी राठौर 2012 में ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। पिछले कुछ दिनों से 'राउडी राठौर 2' सुर्खियों में बना हुआ है। प्रशंसकों में फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। हालांकि, अब तक इससे जुड़ी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को लेकर अब एक नई जानकारी सामने आई है।




फिल्म के लीड रोल के लिए अक्षय कुमार, शाहिद कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और टाइगर श्रॉफ जैसे नाम कई बार सामने आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संजय लीला भंसाली और उनकी टीम स्क्रिप्टिंग स्टेज में है। कहा जा रहा है कि मेकर्स ने अभी तक कास्ट को फाइनल नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा था कि संजय लीला भंसाली ने राउडी राठौर 2 की स्क्रिप्ट पर काम करने के लिए कन्नड़ फिल्म निर्देशक प्रेम को साइन किया है। हालांकि, नई रिपोर्ट के मुताबिक यह भी कहा जा रहा है कि संजय लीला भंसाली ने अभी तक किसी को इसके निर्देशन के लिए फाइनल नहीं किया है।

# नए साल से पहले हनी सिंह का धमाका, शहनाज के साथ लेकर आएंगे नया गाना

हनी सिंह किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह देश के मशहूर रैपर, गायक और संगीत निर्माता हैं। उन्होंने अपने गानों से लगातार लोगों का मनोरंजन किया है। भारतीय संगीत की दुनिया में रैप को लाने में उनका एक अहम योगदान रहा है। अब बनी सिंह पंजाब की कैटरीना शहनाज गिल के साथ एक नया गाना लाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रैपर के फैंस भी उनके इस गाने को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं।

### हनी सिंह ने नए गाने का किया एलान

हनी सिंह ने हाल ही में, अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ रैपर ने कहा कि शीशे वाली चुन्नी, फैंस की मांग पर जल्द ही आने वाली है। इसमें टैलेंट्स अभिनेत्री शहनाज गिल भी होने वाली हैं। एक ब्लॉकबस्टर हरियाणवी गाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं।

### फैंस ने दी यह प्रतिक्रिया

हनी सिंह के फैंस ने उनके आगामी गाने को लेकर काफी उत्साह दिखाया और कमेंट सेक्शन में खूब सारी तारीफें भी कर दीं। एक यूजर ने लिखा, कौन कह रहा है कि कमबैक नहीं हो रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, हनी पाजी आपके गाने सुनकर दिन बन जाता है। एक और यूजर ने लिखा, यह सच में एपिक होने वाला है।



### शहनाज का दिखा जलवा

शहनाज गिल के फैंस इस खबर को सुनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। कई लोगों का कहना है कि शहनाज अब धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रही हैं। पिछले दिनों शहनाज का गाना सात समंदर भी काफी हिट हुआ था। अभिनेत्री ने यह आइटम सॉन्ग राजकुमार राव की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के लिए किया था, जिसके लिए उनकी खूब प्रशंसा भी हुई थी।

### शहनाज ने किया फिल्म का एलान

बता दें कि किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म इक कुड़ी की घोषणा की है। यह फिल्म 13 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# करणवीर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी सारा अरफीन

जब अभिनेत्री से माइंड कोच बनी सारा अरफीन खान अपने पति के साथ बिग बॉस 18 में आई, तो सभी को उम्मीद थी कि यह जोड़ी शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि, वे घर में दबाव का सामना नहीं कर सकीं। अरफीन के नॉमिनेशन के बाद, सारा लगभग तीन महीने तक घर में टिकी रहीं, लेकिन इस वीकेंड उन्हें घर से बाहर होना पड़ा। अब हाल ही में, एक साक्षात्कार में सारा अरफीन ने बताया है वह करणवीर मेहरा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी।

### करणवीर के खिलाफ नहीं करेंगी कार्रवाई

सारा अरफीन ने अपने हालिया साक्षात्कार में लोगों द्वारा उन्हें साइको का टैग दिए जाने को लेकर कहा मैंने कभी भी शारीरिक हिंसा नहीं की, मैं एग्रेसिव हो गई, यह एक रिएलिटी शो है, जहां अपना आपा खोना बहुत आम बात है। लोग ड्रामा देखना चाहते हैं, और उन्हें सिर्फ प्यार दिखाने से कोई मदद नहीं मिलेगी।

### साइको कहे जाने पर दी सफाई

सारा ने आगे कहा, अगर मैं शो को मसाला दे सकती हूं तो इसमें क्या गलत है? अपनी सीमाओं को प्रोटेक्ट करना मेरा गेम प्लान था। मुझे चुम दारंग और करणवीर मेहरा से शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा, मैंने उसकी वजह से अपनी पीठ पर चोट खाई, लेकिन मैंने जवाबी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने मुझे पागल या साइको कहा, लेकिन किसी ने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। मुझे लगा कि दर्शकों ने मुझे निशाना बनाया है।

### सारा के प्रोफेशन को लेकर दिखाया गया नीचा

सारा ने यह भी कहा कि शो में हमेशा उनके प्रोफेशन को लेकर सवाल खड़ा किया गया है। सारा ने कहा कि अविनाश ने हमेशा मेरे प्रोफेशन को लेकर हमेशा मुझे नीचा दिखाया गया है। उसने एक नैरेटिव सेट किया है, जिसका करणवीर ने इस्तेमाल किया है। जब मैंने अपनी सीमा तय कर ली है तो इसे लेकर मुझे पागल क्यों समझा जाता था?

### करणवीर ने नहीं डरती सारा

सारा ने यह भी कहा, आपको लगता है, मुझे करणवीर से डर लग गया था जब उसने मुझे धक्का दिया, मैं उसे गलत जगह एक मुक्का मार सकती थी और वह खत्म हो जाता, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मुझे दर्शकों से बहुत सारे नफ़रत भरे संदेश मिले हैं, फिर भी मैं यहाँ मज़बूती से खड़ी हूं।



# रामकृष्ण परमहंस के किरदार को पर्दे पर जीवंत करेंगे चंदन रॉय सान्याल

हाल ही में चंदन रॉय सान्याल, जो अपनी आगामी फिल्म बिनोदिनी - एक्टी नातिर उपाख्यान नाम की फिल्म जल्द ही रामकृष्ण परमहंस के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर वह इन दिनों काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच अभिनेता ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक कोलाज साझा किया है, जिसमें रामकृष्ण परमहंस, मिथुन चक्रवर्ती और खुद चंदन नजर आ रहे हैं। साझा की गई तस्वीर उनके फैंस का ध्यान खूब आकर्षित कर रही है। इस तस्वीर में मिथुन चक्रवर्ती को रामकृष्ण परमहंस के रूप में देखा जा सकता है, जो उन्होंने 1998 की फिल्म स्वामी विवेकानंद में निभाया था। चंदन की पोस्ट में उनकी खुद की तस्वीर भी थी, जिसमें वह रामकृष्ण परमहंस के रूप में दिख रहे हैं।

उन्होंने इस पोस्ट में यह भी कहा कि कैसे वह बचपन से रामकृष्ण के अनुयायी रहे हैं और अब, बहुत सारे आत्मिक विकास और मार्गदर्शन के बाद, वह इस दिव्य भूमिका को निभाने के लिए तैयार महसूस कर रहे हैं। चंदन ने पोस्ट में लिखा, कुछ भूमिकाएं आपके पास एक विशेष समय में आती हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि सब कुछ सर्वशक्तिमान द्वारा योजनाबद्ध किया जाता है। मैं अपने करियर में पहले यह रोल नहीं कर सकता था। जब यह भूमिका मेरे पास आई तो मैं हैरान था। मैं इस सोच में पड़ गया था कि इस किरदार को कैसे चित्रित करूंगा? एक बच्चे के रूप में मैंने रामकृष्ण मिशन में कई दिन बिताए थे और अधिकांश बंगाली परिवार उनके अनुयायी हैं। मैं उनके और स्वामीजी के साथ बड़ा हुआ। चंदन ने पोस्ट में जताया आभार

उन्होंने आगे लिखा, हाल ही में मेरे गुरु मैत्रेय दादाश्रीजी ने मुझे दिव्य ज्ञान का रास्ता दिखाया। उनके मार्गदर्शन, शिक्षाओं, परमहंस योगानंद की किताब और कई अन्य स्क्रिप्ट और संगीत ने मुझे इस भूमिका को निभाने में मदद की। राम कमल मुखर्जी मुझे यह भूमिका देने के लिए धन्यवाद। देव अधिकारी अपने प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरी को-स्टार रुकमणि और मेरे लुक को आकार देने के लिए रेणुका पिल्लई को भी धन्यवाद। नया साल आ गया है और 2025 में मेरे जीवन का एक नया सूर्योदय हो रहा है। तस्वीरों में रामकृष्ण खुद हैं, उसके बाद मेरे पसंदीदा मिथुन चक्रवर्ती हैं जिन्होंने 90 के दशक में इस भूमिका को निभाया था, और अंत में मेरी तस्वीर है। मुझे नहीं पता मैं क्या कर रहा हूं, बस बहते जा रहा हूं।

# अब ओटीटी पर चलेगा सूरज बड़जात्या का जादू


जल्द ही सोनी लिव पर सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' का प्रीमियर होगा। यह ओटीटी पर राजश्री प्रोडक्शंस का डेब्यू शो होने वाला है। यह एक लव स्टोरी वाली सीरीज है, जिसमें फैमिली वैल्यूज भी होंगे। यही बात तो राजश्री प्रोडक्शंस और सूरज बड़जात्या की खासियत है।

### मन को छू लेने वाली कहानी

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' मन को छू लेने वाली है, इसको पलाश वासवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। हालिया जारी टीजर में प्यार, परिवार को जोड़कर एक कहानी की झलक दिखाई गई है। इस सीरीज में ऋषभ और सुरभि की कहानी है, जिनकी अरेंज मैरिज एक अलग ही मोड़ लेती है, जब उनके अतीत की बातें सामने आती हैं। आगे दोनों अपने रिश्ते को लेकर क्या फैसला लेंगे, इस पर पूरी कहानी है।

### उत्साहित हैं सूरज बड़जात्या

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' के बारे में सूरज आर.बड़जात्या ने कहा- 'यह सीरीज मेरे दिल में एक खास जगह रखती है। इसके साथ हम रिश्तों की खूबसूरती, प्यार की गहराई और पारिवारिक मूल्यों की मजबूती के बारे में बता रहे हैं। मैं इस दिल को छू लेने वाली कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सोनी लिव के साथ मिलना, हमारे लिए शानदार एक्सपीरियंस है।



# बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद पत्रकारों में चौतरफा विरोध





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बीजापुर के युवा पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद पत्रकारों में इस घटना को लेकर चौतरफा विरोध देखा जा रहा है यह घटना पत्रकारों के लिए स्तब्ध करने वाली एवं बेहद दुखद घटना है। बस्तर में पत्रकारिता हमेशा से चुनौतियों से भरी रही है। लेकिन ताज़ा घटना ने बता दिया है कि एक भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ उठाने की क़ीमत जान दे कर चुकानी होती है। पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर की हत्या से प्रदेश भर के पत्रकारों में गहरी पीड़ा और आक्रोश है। वहीं इस घटना के बाद बालोद जिला प्रेस क्लब ने मामले पर कड़ी निन्दा करते हुए कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च में बालोद जिले के पत्रकारों के अलावा चैंबर आफ कामर्स, जिला अधिवक्ता, सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बालोद जय स्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस घटना के बाद जिला प्रेस क्लब बालोद ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे हुए यह मांग किया है कि इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठन कर जांच करवाई जाए और हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी की सजा हो।

### पत्रकार मुकेश चंद्राकर को दिया जाए शहीद का दर्जा

उनके परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। वही केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग किया गया कि बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी हो। घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारो को आये दिन झूठे मामले में फसाना, मारपीट करना ऐसे उत्पीड़न से पत्रकारों को गुजरना पड़ता है।

### इन सब के लिए उठाया जाए कड़ा कदम

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में जिस भी अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाए। वहीं जिला प्रेस क्लब के सहित पत्रकारों ने कहा की शोक की इस घड़ी में जिला प्रेस क्लब बालोद अपने पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार के साथ खड़ा है। आगे उनके परिवार को न्याय दिलाने अपनी आवाज लगातार बुलंद करते रहेंगे।

### केंडल मार्च में जिले के समस्त पत्रकार रहे शामिल

इस दौरान मोहनदास मानिकपूरी राहुल भूतड़ा नरेश श्रीवास्तव किशोर साहू दीपक साहू परस साहू विकास साहू जगनाथ साहू जागेश्वर सिन्हा सतीश रजक अनीश राजपूत सजय सोनी चन्द्रभान साहू जितेंद्र कुमार साहू फुरकान खान देवेंद्र साहू हरिवंश देशमुख टीकम पिपरिया करण सोनी राजेश चोपड़ा हेमशंकर सोनवानी राजेश साहू लक्ष्मण देवांगन शिव जयसवाल दीपक देवदास सोनू देवदास मधु सागर सन्दीप साहू देवधर साहू यूमल विश्वकर्मा लोकेश साहू संजय रामटेके रज्जाक खान मोती ठाकुर ऋषभ सिन्हा, मीनू साहू, हेमेंद्र सोनवानी सहित बालोद जिले के समस्त पत्रकार शामिल रहे।

### पत्रकारिता पर बढ़ता खतरा

पत्रकार मोहन दास मानिकपुरी ने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, पत्रकारिता, गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### समाज और सरकार की जिम्मेदारी

पत्रकार राहुल भूतड़ा ने कहा कि मुकेश चंद्राकर की हत्या सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी है। पत्रकार सिर्फ खबरें नहीं लिखते, वे समाज के सवालों को आवाज देते हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना न केवल सरकार का दायित्व है, बल्कि समाज का भी नैतिक कर्तव्य है।

### पत्रकारिता जगत इस घटना से आहत

पत्रकार टीकम पिपरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता जगत इस घटना से आहत है और न्याय की उम्मीद कर रही है। इस मामले में शीघ्र कार्रवाई और ठोस कदम उठाकर सरकार यह संदेश दे सकती है कि लोकतंत्र में सच्चाई की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

# नंदकटठी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन







पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम पंचायत ननकट्ठी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद सदस्य महेश्वरी हंकारा, ग्राम पंचायत सरपंच भुनेश्वरी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत से किया गया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है बालिकाओं की शादी 18 वर्ष एवं बालक की शादी 21 वर्ष पूर्व न करे। जनपद सदस्य महेश्वरी हंकारा द्वारा बेटियों को समाज में आगे बढ़ाने हेतु पालकों को जागरूक होने की अपील की गई। सभी मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में बाल विवाह प्रतिषेध हेतु समस्त ग्रामीण जन को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गर्भवती माता खिलेश्वरी, रिंकी, प्रेमा ठाकुर, सरस्वती निषाद, दीपिका ठाकुर, देवकी, प्रज्ञा और शीतल साहू का गोद भराई किया गया। 6 माह पूर्ण हुए चार बच्चों का खीर से अन्नप्राशन किया गया। महतारी वंदन राशि प्राप्त महिलाओं गीता साहू, लक्ष्मी धनकर, मधु निर्मलकर, आरती राजपूत, सुशीला चक्रधारी का शाल और श्रीफल से सम्मान किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में अच्छा कार्य करने के लिए दो सहायिकाओं शशि वर्मा और संतोषी ठाकुर को सम्मानित किया गया। रेडी टू ईट से बने हुए व्यंजन प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटी छोटी बालिकाओं झरना, सिद्धि, वैष्णवी, उर्वशी, नीतू, टिकेश्वरी, पूर्वी, इशिका, रूबी, विभा, धारा और हर्षिता द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण उषा झा, दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक कंचन गौतम और प्रमिला वर्मा, सेक्टर ननकटठी की सभी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बच्चो को अनफिट वाहनों से स्कूल प्रबंधन लाते हैं स्कूल, जांच में मिले 13 स्कूली बस अनफिट





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यातायात विभाग और परिवहन विभाग कबीरधाम ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल बसों की सुरक्षा और उनके चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच में 13 स्कूली बस अनफिट पाए गए। जिनसे जुर्माना की वसूली करते हुए ठीक कराने के निर्देश भी दिया गया। यातायात और परिवहन विभाग द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित शिविर में 132 स्कूल बसों के चालक और परिचालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही, 122 स्कूली वाहनों की तकनीकी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 13 वाहनों में तकनीकी कमियां पाई गईं, जिन पर सुधार के निर्देश दिए गए और 34,000 रुपये का चालान भी किया गया। यह सुनिश्चित किया गया कि खामी दूर होने के बाद ही वाहन पुनः संचालन के लिए अनुमत हों। आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित चिकित्सक, परिवहन अधिकारी मोहन साहू, यातायात प्रभारी प्रवीण खालको और अन्य यातायात स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने स्कूल वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों का पालन दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने वाहन चालकों और परिचालकों से अपील की कि वे बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल ले जाने और वापस लाने में पूरी सावधानी बरतें। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय नागरिकों और शैक्षणिक संस्थानों ने सराहना की और इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे, ताकि स्कूल बसों की सुरक्षा और चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित की जा सके।

# सेजेज हिंदी माध्यम विद्यालय में लगा आंनद मेला और गणित-विज्ञान प्रदर्शनी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे के मार्गदर्शन से आनंद मेला और गणित विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी सुनील झा, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू संस्था की प्राचार्य कविता बाजपेई संकुल समन्वय पूनम साहू अभ्यास साल के प्रधान पाठक बांधे, अशोक साहू प्रकाश सोनी उपस्थित रहे। नव वर्ष की बधाईके साथ झा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आनंद मेला और गणित विज्ञान प्रदर्शनी के उद्देश्य को बताया, बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए व आनंद मेला जैसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं की कला को निखरने में मदद मिलती है। संस्था प्रमुख प्राचार्य बाजपेई ने भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन होना आवश्यक है बताया गणित विज्ञान मॉडल का सभी के साथ निरीक्षण किया। आनंद मेले में बच्चों के द्वारा गुपचुप, चार्ट, अंकुरित चने, मैगी, पास्ता, इटली, ब्रेड बड़ा, चाइनीस पकोड़ा बनाया गया था। आनंद मेले में सभी अतिथियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओ व बच्चों ने विभिन्न व्यंजको का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेणुका अग्रवाल व् आभार प्रदर्शन विद्या श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिवसेना ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर का जघन्य हत्या पर शिवसेना द्वारा कड़े शब्दों में निंदा की गई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिवसेना, बी.टी. पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने कहा कि जो बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की भ्रष्ट ठेकेदारों द्वारा की गई जघन्य हत्या की शिवसेना द्वारा कड़े शब्दों में निंदा किया गया है। आगे शिवसेना द्वारा कहा गया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार पर, अपराधियों पर, माफिया पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण भ्रष्टाचारियों माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं और वह भ्रष्टाचार के खिलाफकार्य करने वालों के ऊपर हमले करवा रहे है उनकी हत्याएं कर रहे हैं प्रदेश में चाहे खनन माफिया हो, चाहे रेत खदान माफिया हो, या सरकारी विभागों में बैठा हुआ भ्रष्टाचार करने वाला कोई भी हो उनके हौसले बुलंद हो चुके हैं और वे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य करने वालों के ऊपर हमले कर रहे हैं उनकी हत्याएं कर रहे हैं। शिवसेना के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी व जिला प्रमुख गिरवर रजक, जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला उप प्रमुख रामचरण वर्मा, ईश्वर साहू, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, जिला सचिव कुलदीप आडिल, विधानसभा प्रमुख भुजेंद्र वर्मा, सनत कुमार रात्रै, वीरू चौहान, रमेश रात्रै एवं पार्टी के समस्त पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता प्रदेश सरकार से मांग करती है कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए एवं मुकेश चंद्राकर के परिवार को उचित मुआवजा और उनके परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी देते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ जन संघर्ष कार्यवाही करने वालों को सुरक्षा दी जाए।

# मेडिकल फर्जीवाड़ा के दोषी दीपक सिंह ठाकुर निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय 100 बिस्तर अस्पताल के बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में मेडिकल बोर्ड के शाखा प्रभारी लिपिक दीपक सिंह ठाकुर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निलंबित किया है। निलंबन अवधि में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दलदली मुख्यालय दिया गया है। निलंबन में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



वित्त शाखा को किया गया सील

### विवादों से है नाता

दीपक सिंह ठाकुर और विवादों का चोली दामन का रिश्ता रहा है। दीपक सिंह ठाकुर के विरुद्ध फर्मो का भुगतान चेक अपने नाम पर लेने व फर्जी बिलों से आहरण करके जीएसटी चोरी तथा विभाग के कर्मचारी अर्जुन बैगा रामसिंह बैगा ममता बागड़े व शत्रुघ्न शर्मा ने काम के एवज में रिश्वत मांगने नही देने पर भुगतान रोककर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। दीपक सिंह ठाकुर को निलंबित करके उसके ऊपर लगे समस्त लांछनों के निष्पक्ष जांच की मांग होते रही है। दीपक सिंह ठाकुर अपने ऊची पहुंच के दम पर कार्यवाही से बचने में कामयाब हो जाते थे लेकिन निलंबित करके विभागीय जांच करके थाना में प्राथमिक दर्ज करने, संचालक स्वास्थ्य के सख्त आदेश के सामने दीपक सिंह ठाकुर की पहुंच और रसूख दम तोड़ दिया है। बहरहाल दीपक सिंह ठाकुर के निलंबित होने के बाद पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की प्रबल संभावना है।

### ये है मामला

वर्ष 2021 में आरक्षक मेडिकल बोर्ड में फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने जिला अस्पताल आए थे। दो नव आरक्षक डेविड लहरे और खेमराज कलर ब्लाइंड से अनफिट थे उन्हें झूठी नेत्र जांच रिपोर्ट लिखकर नेत्र सहायक अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर करके मेडिकल बोर्ड शाखा से फिट मेडिकल प्रमाण पत्र दिया गया। नेत्र सहायक अधिकारी के शिकायत पर दोनों आरक्षकों का राजनांदगांव से दुबारा जांच करवाया गया वहाँ भी कलर ब्लाइंड से अनफिट मिलने पर दोनों आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने प्रकरण का प्रारंभिक जांच करवाया था जिसमें दीपक सिंह ठाकुर को प्रथम दृष्टया दोषी ठहराया गया था। आरक्षकों को फर्जी फिट प्रमाण पत्र देने वालो के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही होने से पूरा मामला लगातार मीडिया की सुर्खियों में रही है।



# कलेक्टर शर्मा ने किया कलेक्टरेट के विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्टरेट परिसर के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी कार्यप्रणाली की समीक्षा की और कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से जनहित में तेजी से कार्य करने को कहा, ताकि जनता को सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्मचारियों के कार्यालय में आने और जाने के समय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति रिकॉर्ड की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें।

# भोइनाभाटा बाबा गुरु घासीदास जयंती में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोईनाभाटा में जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड तथा भूतपूर्व सरपंच मनोज गायकवाड एवं पूर्व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गायकवाड द्वारा आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। जहां उन्होंने बाबा गुरु घासीदास का पूजा अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने हमें मनखे मनखे एक समान का पवन उपदेश दिया है जो मानव जीवन के लिए सबसे प्रमुख है। जात-पात उच्च नीच यह सब हमने बनाया है ईश्वर ने हमें सभी को एक रंग रूप शरीर देकर इस संसार में भेजा है सारी कुरीतियां मानव



द्वारा खुद उत्पन्न की गई है। जब समाज में अराजकता तथा कुनीति फैल जाती है तो ऐसे में किसी ने किसी एक दिव्य आत्मा का अवतरण इस संसार में होता है जो बाबा गुरु घासीदास के रूप में हमें एक दिव्या संत के रूप में मिला। उन्होंने हमारा मार्ग दर्शन किया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आयोजनकर्ता गायकवाड़ परिवार की भूरि भूरि प्रशंसा की साथी पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की प्रदेश में भाजपा की सरकार बने एक वर्ष हो गया है। भाजपा की सरकार किसी भी वर्ग को संतुष्ट नहीं कर पा रही है। मात्र समाज में वह वैमष्यता फैलाने का कार्य भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा है, चारों तरफ भ्रष्टाचार फैल रहा है। बीजापुर में सड़क निर्माण घोटाला को उजागर करने वाले युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बीजापुर में सड़क निर्माण घोटाले को उजागर किया था, जहां निर्माण कार्य होने से पूर्व ही संबंधित ठेकेदार को 90% राशि का भुगतान कर दिया गया था। इसी तरह अगर कोई भी भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की बात करता है तो या तो उसका मुंह बंद कर दिया जाता है या फिर उसे ईडी के हवाले कर दिया जाता है। भाजपा की यह सरकार सभी जातियों को आपस में लड़ाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के बताएं रास्तों को मानव जीवन के उत्थान के लिए परम आवश्यक बताया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कई वर्षों से ग्राम भोइनाभाटा में प्रतिवर्ष बाबा गुरु घासीदास की जयंती महोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाता है। आसपास के सभी लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। बहुत ही उत्साह के माहौल में यहां कार्यक्रम आयोजित होता है जो निसंदेह प्रशंसनीय है कार्यक्रम में शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा रीना मिथलेश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा टी आर जनार्दन जोगिंदर छाबड़ा ममता पाटील सरपंच ग्राम पंचायत भोईनाभाठा कमल गायकवाड राज गायकवाड प्रवीण गायकवाड अविनाश तिवारी सुरेंद्र तिवारी अयोध्या चंद्राकर शत्रुघ्न साहू दत्तजैन पूरी हरीश साहू ईश्वर लोधी राम बिहारी राजपूत शिशिर दुबे बेनलाल कुर्रे भागवत भारती नरेश कुर्रे जग्गू साहू अखिलेश साहू छोटेलाल साहू एवन डिंडोरी आगर डेहरे गणेश घृतलहरे बलराम सेन छन्नू साहू मनीष परिहार अजय राज सेन वैभव मिश्रा जया साहू रूबी सलूजा रीता पाण्डेय रीना साहू सहोद्र ईला हेमंत यादव बहल वर्मा ऋषि वर्मा देवा गर्ग देवेंद्र वर्मा मोहित वर्मा प्रमोद शर्मा दिनेश जोशी एवं समस्त ग्रामवासी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ बेलबहरा विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम, जिला स्तरीय क्विज विज्ञान प्रतियोगिता में चिरमिरी प्रथम

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह एवं जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम बड़े उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आरसी राजवाड़े शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोगई के प्राचार्य लांजेवर सेजेस भरतपुर प्राचार्य दीपक सिंह एवं संस्था प्रमुख बलराज पाल के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के छात्रों शिक्षको और अभिभावकों के लिए एक ऐसा अवसर था जहां प्रतिभा मेहनत और उपलब्धियां का उत्सव मनाया गया। जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखंड से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दिन का सबसे प्रतीक्षित पल विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान करना था यह जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता छात्रों के ज्ञान और जिज्ञासा को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। विजेताओं की घोषणा होते ही पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा प्रतियोगिता की विजेता प्रथम टीम सेजेस चिरमिरी की छात्रा योगिता साहू एवं सानिया बानो, द्वितीय स्थान पर सेजेस भरतपुर की आरुषि एवं अंचल पांडे एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम पोंडी तेजस की तासी केसरवानी एवं अदीबा इराकी थी। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विजेता टीम को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता छात्राओं के चेहरों पर झलकती खुशी और उनकी मेहनत और लगन का प्रमाण थी। इसके बाद विद्यालय मैं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम प्रारंभ किया गया यह प्रतिभा का उत्सव सभी का मन मोह लेने वाला था हर प्रस्तुति में छात्रों की रचनात्मक और मेहनत स्पष्ट रूप से झलक रही थी जिसमें एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य और नाटक भी सम्मिलित था इन कार्यक्रम से ना केवल दर्शकों का मनोरंजन किया बल्कि छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को भी प्रदर्शित किया। प्राचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें शैक्षिक खेल और सह- पाठयक्रम क्षेत्र में विद्यालय की उपलब्धियां का विवरण दिया गया। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी का भी उल्लेख किया। मुख्य अतिथि मिश्रा ने अपने संबोधन में समग्र शिक्षा के महत्व पर जोर दिया उन्होंने छात्रों को शिक्षक और सह पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और छात्रों को बोर्ड परीक्षा में सत प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए प्रेरित किया और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग माधव भोग के ओनर मनीष गोयल के द्वारा मंच और मंच के साज सज्जा की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आ. जा. क. मनेंद्रगढ़ के प्राचार्य उदयभान मिश्रा व्याख्याता महिपाल व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी व्याख्याता दादूराम राठौर व्याख्याता अश्विनी कुमार दुबे व्याख्याता सुषमा टोप्पो व्याख्याता निर्मल अग्रवाल व्याख्याता सुधा शुक्ला व्याख्याता माया वर्मा व्याख्याता कमलेश पांडे व्याख्याता नित्यानंद द्विवेदी व्याख्याता शोभा जयसवाल व्याख्याता जयंत देवांगन व्याख्याता मंजू बघेल सहायक शिक्षक सुनीता यादव एवं नृत्य लल्लू भैया, राजेश्वर, रवि राजवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन व्याख्याता सुनीता मिश्रा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सरकारी कन्या महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



नवगठित शक्ति जिले में विगत वर्ष छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई थी, जो कि वर्तमान में शहर के गौरव पथ मार्ग में संचालित है, तथा इस महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यालय में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए जन भागीदारी समिति का गठन किया है, जनभागीदारी समिति के गठन के बाद समिति की प्रथम बैठक 04 जनवरी को सम्पन्न हुई, बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के तलचित्र में दीप प्रज्वलित करके की गई, उसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा जनभागीदारी समिति के सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के प्रथम अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने पूरे प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था की है, तथा सरकार निरंतर जहां स्कूल एवं कॉलेजो में छात्राओं को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था मिल सके तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके इस दिशा में कार्य कर रही है,एवं शक्ति का शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय भी जो की एक सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय के रूप में संचालित है, एवं आने वाले वर्षों में इस महाविद्यालय के स्वयं के भवन निर्माण की दिशा में भी पहल की जाएगी, समिति के अध्यक्ष रामनरेश यादव द्वारा समिति गठन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया, फिर सभी सदस्यों एवं महाविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारीयो ने अपना परिचय दिया, उसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य विजय देवांगन द्वारा महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उसके पश्चात विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय भवन के संबंध में जमीन, महाविद्यालय के विकास, एवं संसाधनों के संबंध विस्तार से चर्चा हुई इस दौरान जनभागीदारी समिति के सदस्य विधायक प्रतिनिधि अंजू राठौर, कृषक प्रतिनिधि रविशंकर पटेल, अभिभावक सदस्य महेंद्र यादव, सुमित शर्मा, रंजन सिन्हा, अनिता सिंह, मंजूनाथ, सीमा, कामनी परिहार, नेहा गुप्ता, दीपमाला राठौर, सुशीला, आदित्य अग्रवाल एवं महाविद्यालय प्राध्यापक प्रो राजलक्ष्मी सिंह, प्रो रेणुका यादव, प्रो रमा पाठक, प्रो तालेश्वरी चंद्रा, प्रो, किरण कश्यप, प्रो, नीतू चौहान, प्रो बनवासी राम,प्रो संजीव, प्रो विकास स्वर्णकार,प्रो शशि कमलेश, ग्रंथपाल विनोद खुटे, मुख्य लिपिक आशुतोष तिवारी, लिपिक तुलाराम जायसवाल एवं योगेश सिंह उपस्थित रहे।

# सरपंच जिवेंद्र राठौर ने किया डीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती विकासखंड के ग्राम पंचायत पासिद में डीपीएल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पासिद के सरपंच जिवेंद्र राठौर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी टीमों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं छुपी हुई है तथा क्रिकेट का खेल आज पूरे देश दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय है एवं पासिद में भी इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। एवं जिवेन्द्र राठौर ने कहा कि आयोजन का यह प्रथम वर्ष है तथा पूरी आयोजन समिति को भी मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं जो इतने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को कर रहे हैं, वही इस आयोजन में शामिल होने के लिए अनेको स्थानो से क्रिकेट टीम पहुंची हुई थी, तथा सभी टीमों के परिचय के साथ ही खेल का शुभारंभ हुआ एवं इस अवसर पर ग्राम वासी तथा आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण जन भी काफी संख्या में मौजूद रहे एवं प्रथम दिवस पहला मैच केरिबंधा एवं सरायपाली के बीच खेला गया जो कि प्रत्येक मैच 10 ओवर का रहेगा एवं पूरे आयोजन को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार एवं तैयारी भी की गई है।

# ओटेबंद में कर्मा भवन लोकार्पण एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ओटेबंद में माँ कर्मा भवन का विधायक दीपेश साहू ने लोकार्पण एवं भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना किया। इस सर्वसुविधायुक्त भवन से शादी ब्याह जैसे बड़े आयोजन हो सकेंगे। कार्यक्रम में पहुँचे अतिथियों का आतेबंद साहू समाज की ओर जोरदार स्वागत सम्मान किये। युवाओं की टोली ने मंच तक बाजे गाजे के साथ विधायक का स्वागत अभिनन्दन किया। समाज की महिलाओ ने माँ कर्मा के आरती पश्चात् मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ किये। इस दौरान पूरा भवन जय कर्मा जय राजिम के जयकारे से गूंज उठा। माँ कर्मा भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की जनहित एवं क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। नए भवन लोकार्पण होने से सामाजिक एवं सुख दुख के विभिन्न कार्यक्रमों में समाज के लोगों को सुविधा मिलेगी। विष्णुदेव साय सरकार में सभी समाजो के मांग के अनुरूप निरंतर कार्य किये जा रहे है। एक साल में ही कई बड़ी सौगाते दिए है। उन्होंने सामाजिक गतिविधियो का उल्लेख करते हुए साहू समाज द्वारा किये गए रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के बुजुर्गो को युवाओ को साथ लेकर स्वच्छ एवं कुरीतियों से मुक्त समाज निर्माण को लेकर आव्हान किये। इस दौरान उपस्थित समाज की महिलाओ को बेटियों को संस्कारीत एवं शिक्षित बनाने अपील किये। नवनिर्मित समाज का भवन समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक बने इसके लिए शुभकामनायें दी।

# सांसद से मेहर समाज के लोगों ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग सांसद विजय बघेल से मेहर समाज बेरला के सामाजिक बधुओ ने सौजन्य मुलाकात किया। जिसमें समाज में व्याप्त समस्याओ के ऊपर चर्चा कर उसके तत्काल निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिस पर सांसद ने सहानुभूति पूर्वक विचार कर आश्वासन दिया कि बेरला के मेहर समाज की समस्या को तत्काल दूर करने हेतु उचित प्रयास किया जाएगा। बघेल ने मेहर समाज के लोगो से आगामी पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगो को जिताने की बात कही। इस अवसर पर समाज के पूर्व महासचिव हरप्रसाद आडिल, बलदाऊ शिवारे, आजू लसेल, प्रेमलाल मिर्जा, मोहन लहरी, घनश्याम शिवारे, दुर्गाराम शिवारे, रोहित लसेर, भारत मिर्जा, धनीराम खरे सहित समाज के अनेक जन उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी समाज की बैठक में आय व्यय की जानकारी दी गई



पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज उतई नगर इकाई की बैठक रविवार को सामाजिक भवन उतई में सम्पन्न हुई। जिसमें लेखा-जोखा संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष मोरजध्वज वर्मा ने बताया कि पूर्व में 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें आय व्यय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सभी सामाजिक बंधु एवं माताओ, बहनों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस दौरान महेंद्र वर्मा, भूषण वर्मा, हितेश वर्मा, मुकेश वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, मोतीलाल वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, रवींद्र वर्मा, ईश्वर वर्मा, प्रहलाद वर्मा, राजकुमार वर्मा, शिशुपाल वर्मा, गणेश धुरंधर, निलमणि वर्मा, यशवंत बिजॉरा, अनीता वर्मा, सुषमा वर्मा, हेमलता वर्मा, कविता वर्मा, अलका वर्मा, डीलेषवरी वर्मा, ममता वर्मा सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित थे।

# खेल मैदान को धान विपरण केंद्र बनाने पर युवाओं में भारी आक्रोश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वर्तमान में राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कई विकेंसी निकल रही हैं जिसके लिए युवा अपने स्तर में तैयारी भी कर रहे है। छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ जिला बल,नगर सेना, फारेस्ट गार्ड, एस आई व आगामी भर्ती सीआर एफ जैसे कई भर्तियां चल रही है । जिसके तैयारी के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवा अपनी तैयारी कर रही है इसके अलावा ग्राम हसदा नेवनारा के सैकड़ो युवा फोर्स ग्राउंड नेवनारा हसदा में पिछले कई सालों से मैदान में प्रैक्टिस करते रहे है, बताया गया है कि ग्राम हसदा व नेवनारा में 130- 40 युवा राष्ट्रीय स्तर खेल कर पर अपने व क्षेत्र का नाम रोशन किया है वही 15 से 16 युवा आज भी सेना में सेवा प्रदान कर रहे है। परंतु गत दिनों ग्राम पंचायत नेवनारा के द्वारा इस मैदान को धान विपरण केंद्र, गोदाम के लिये एन ऐसी दे दिया गया है। परंतु एन एससी की जानकारी न गांव वालों को दिया न ही वहाँ प्रेक्टिस कर रहे युवाओं को, जिससे उसे ग्राउंड में प्रैक्टिस कर रही युवाओं में भारी आक्रोश है। स्थिति को ध्यान में रखते हुए समस्त युवाओं ने इस कार्य को तुरंत बंद करने के मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया स्थिति को देखते हुए कार्य को तहसीलदार द्वारा तत्काल प्रभाव से दो दिवस के लिए बंद किया गया है। पिछले कई सालों से इस ग्राउंड में प्रैक्टिस कर रहे युवाओं ने तहसीलदार से यह मांग भी किया कि इस मैदान जो कि खसरा क्रमांक 31, को छोड़कर इससे लगा हुआ मैदान को इस कार्य हेतु चुना जाए। मांग कर रहे ग्राउंड की युवा दुर्गेश वर्मा ने बताया कि इससे पहले भी उद्यानिकी के लिये दो बार खेल मैदान को दूसरी जगह बनाया गया है व इस मैदान से सैकड़ो युवा अपने प्रतिभा को राज्य व राष्ट्रीय स्तर में लेकर क्षेत्र गांव का नाम रोशन किया है साथ ही इस मैदान के फलस्वरूप कई युवा सेना में अपना सेवा प्रदान कर रहे हैं अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती तो आने वाले समय में चक्का जाम कर आंदोलन किया जाएगा।

# प्राकृतिक नैसर्गिक क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया हायर सेकेंडरी खैरा के विद्यार्थियों ने

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com








शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालयीन स्टॉफ , शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा ग्राम सरपंच के साथ चैतुरगढ़, पाली एवं लाफा का शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण के संदर्भ में प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम का एक अभिन्न हिस्सा है जिससे विद्यार्थियों को प्रकृति के समीप जाकर उसे जानने एवं समझने का अवसर मिलता है तथा उनका मानसिक विकास होता है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल किशोर राठौर ने शैक्षणिक भ्रमण को पढ़ाई का एक अनिवार्य अंग बताया और उन्होंने कहा कि पुरातात्विक महत्व को समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक है। ग्राम सरपंच लीलाधर जायसवाल ने बताया कि ऐतिहासिक स्थलों में जाने से इतिहास के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त होती है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को चैतुरगढ़ की पहाड़ियों, प्राकृतिक तालाब, प्राचीन महिषासुर मर्दिनी मंदिर, लाफागढ़, पाली का प्राचीन शिव मंदिर एवं कोरबा में स्थित आधुनिकतम शॉपिंग मॉल का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थी काफी उत्साहित हुए। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता भूषण राठौर, जे एम राठौर, रेखा सिदार, लता जायसवाल, सी बी देवांगन एवं रमेश सिंह कंवर ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया तथा सभी ऐतिहासिक पहलू और घटनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस भ्रमण में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष तोषेन्द्र जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती से यू आर पटेल, उषा टंडन तथा विद्यालय के शिक्षक एवं स्टॉफ शामिल हुए।

**शैलाश्रय, जो मध्य पाषाणकाल से लेकर पुरापाषाण काल तक के समय के प्रतीक माने जाते हैं**

# मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शैलाश्रय: ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

चिरमिरी-भरतपुर जिले का यह क्षेत्र, जो प्राचीन काल में दण्डकारण्य और दक्षिण कौशल के नाम से जाना जाता था, अपनी ऐतिहासिक, पुरातात्विक, और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र घने जंगलों, ऊंचे पहाड़ों और नदियों के बीच स्थित है, जिसकी भौगोलिक स्थिति अत्यधिक कठिन है, फिर भी इसने पर्यटन और पुरातत्व के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। इस क्षेत्र के शैल चित्र, जो प्राचीन मानव सभ्यता और कला के अद्वितीय उदाहरण हैं, आज भी जिले के पर्यटन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**प्राचीन इतिहास और आस्था**-यह माना जाता है कि समय के साथ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति बदल गई है - नदियाँ अपनी दिशा बदल चुकी हैं, जंगलों के विस्तार और आरण्य क्षेत्रों का स्वरूप बदल चुका है, और पहाड़ों का आकार भी प्रभावित हुआ है। लेकिन एक चीज जो कभी नहीं बदली, वह है इस क्षेत्र के लोगों की आस्था और संस्कृति। डॉ. विनोद पाण्डेय, जो जिले के नोडल अधिकारी पुरातत्व हैं, इस बात को प्रमाणित करते हैं कि इन शैल चित्रों में छुपी मानवता की आस्था और धार्मिक विश्वास भी जीवित हैं।

**शैल चित्रों का महत्व और स्थान**- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शैलाश्रय, जो मध्य पाषाणकाल से लेकर पुरापाषाण काल तक के समय के प्रतीक माने जाते हैं, मुख्य रूप से भरतपुर विकास खंड के विभिन्न स्थानों पर पाए गए हैं। इनमें प्रमुख स्थान हैं - तिलौली, आरा, भंवरखोह (कोहबउर), लावाहोरी, सोनहरी, और नवाडीह। इन शैल चित्रों का अध्ययन प्राचीन मानव सभ्यता, उनके जीवनशैली, कला और धार्मिक आस्थाओं को समझने में सहायक है।

1. **तिलौली** -तिलौली, जो जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 130 किमी दूर स्थित है, इस क्षेत्र के प्रमुख शैलाश्रय स्थानों में से एक है। यहां पहुंचने के लिए कठिन पहाड़ी रास्ते हैं, लेकिन पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने पहाड़ी पर चढ़ाई के लिए सीढ़ियाँ बना दी हैं। तिलौली के शैल चित्रों में प्रमुख रूप से हिरण, कमल के फूल, घोड़े और विभिन्न लिपियों की आकृतियाँ उकेरी गई हैं। इन चित्रों में लाल रंग का प्रचुर उपयोग किया गया है, जो इन चित्रों की विशेषता है।

2. **आरा** -आरा, तिलौली से लगभग 5 किमी पहले स्थित है, और यहां शैल चित्रों का एक महत्वपूर्ण संग्रह मिलता है। आरा के शैल चित्रों में मानव, हिरण, बकरी, घोड़े और अन्य पशु-पक्षियों की आकृतियाँ बनायी गई हैं। इन चित्रों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र के प्राचीन लोग शिकार, कृषि और पशुपालन से संबंधित थे, और यह चित्र उनकी रोज़मर्रा की ज़िन्दगी और विश्वासों को दर्शाते हैं।

3. **भंवरखोह (कोहबउर)** -भंवरखोह का नाम सरगुजिया बोली से लिया गया है, जिसमें 'भंवर' का अर्थ है मधुमख्खी और 'खोह' का मतलब है गुफा। यह स्थान मधुमख्खियों के विशाल छत्तों के लिए प्रसिद्ध है, और यहां की शैल चित्रकला भी बहुत विशेष है। भंवरखोह की शैल चित्रकला में बैल, हिरण, स्वास्तिक, मानव आकृतियाँ, चिड़ियाँ और ज्यामितीय आकृतियाँ बनी हुई हैं। यह शैलाश्रय क्षेत्र उस समय की सामाजिक और धार्मिक जीवनशैली का आईना प्रस्तुत करता है।

4. **लावाहोरी** -लावाहोरी, जो जनकपुर से कोटाडोल मार्ग पर स्थित है, यहां के शैल चित्रों में हिरण, मानव आकृतियाँ और ज्यामितीय डिजाइन प्रमुख हैं। यह शैलाश्रय पहाड़ी की मध्य भाग में स्थित है, और यहां पहुंचने के लिए पर्यटकों को जंगलों के बीच से गुजरना होता है। यह स्थान शैल चित्रकला के अलावा, प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए भी जाना जाता है।

5. **नवाडीह** -नवाडीह, जो बिहारपुर और सोनहरी के रास्ते में स्थित है, यहां भी शैल चित्र देखने को मिलते हैं। यहां के चित्रों में विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी और मानव आकृतियाँ शामिल हैं। ये चित्र क्षेत्र के प्राचीन निवासियों के शिकार और अन्य कार्यों के संकेत प्रदान करते हैं।

**संरक्षण और सुरक्षा की आवश्यकता**-इन शैल चित्रों की अव्यवस्थित स्थिति और समय के साथ उनका रंग खराब होना, इनकी संरक्षित स्थिति के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। इन चित्रों को बनाए रखने के लिए उपयुक्त संरक्षण और देखभाल की आवश्यकता है। डॉ. विनोद पाण्डेय का कहना है कि यदि इन शैल चित्रों को सही तरीके से संरक्षित किया जाए, तो ये वर्षों पुरानी कलाकृतियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बन सकती हैं।

**निष्कर्ष**-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शैलाश्रय न केवल पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे इस क्षेत्र के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहलुओं को भी उजागर करते हैं।

इन चित्रों को संरक्षित करके हम न केवल अपने इतिहास से जुड़ सकते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाली पीढ़ियाँ इस प्राचीन कला को समझ सकें और इसका मूल्य जान सकें।

# दृष्टि बाधित बच्चों के लिए शिक्षा किसी वरदान से कम नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कहते हैं भगवान ने आंखों को रोशनी न दी तो क्या, ज्ञान का प्रकाश ही काफी है, जीवन में उजाले के लिए। कुछ इसी तरह दृष्टिहीन होने के बावजूद बच्चों के बीच शिक्षा का दीप जला कर समाज के लिए एक मिसाल पेश कर रहे हैं प्रधान पाठक जसवंत कुमार आदिले और उनके सहयोगी। छत्तीसगढ़ सर्व दिव्यांग कल्याण संघ के सहयोग से दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। यह विद्यालय आंखों की रोशनी न रखने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती के संस्थापक जसवंत कुमार आदिले ने बताया छ.ग. सर्व दिव्यांग कल्याण संघ की मदद से 2017 से दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय का संचालन सक्ती में कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सर्व दिव्यांग कल्याण संघ के सहयोग से दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती में वर्तमान में कक्षा एक से 10 वीं तक 60 छात्र एवं छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिन्हें ब्रेल लिपि के सामान्य शिक्षा के अलावा दृष्टि बाधित बच्चों को चलने-फिरने, घरेलू कार्यो की जानकारी, पहचानने की विधि, उनके पुनर्वास और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाते हैं। सक्ती के कसेरपारा वार्ड क्रमांक 01 के सामुदायिक भवन पर विद्यालय संचालित है। इस संस्था में झारखण्ड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ के सभी जिले से दृष्टि बाधित बच्चे यहां शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। दृष्टि बाधित बच्चों को भगवान भले ही दृष्टि हीन बना दिया है, लेकिन इनका जज्बा बताता है कि हम किसी से कम नहीं। दृष्टि बाधित जसवंत कुमार आदिले स्वयं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महामाया पामगढ जिला जांजगीर-चाम्पा में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे एक सभ्य नागरिक बन देश और समाज के लिए कुछ करने की तमन्ना मन में रखे हुए हैं। इनके लिए ब्रेल लिपि से अक्षर के ज्ञान से फर्राटे से हिन्दी की किताब पढ़ना, निबंध लिखना आम बात है। इन दृष्टि बाधित बच्चों के पढने की शैली से कोई आम बच्चों से अंतर नहीं कर सकता है। बच्चों की एक ही ललक है कि हम भी पढ़-लिखकर समाज में अपनी पहचान बनाए। यहां पढ़ने वाले बच्चे बताते हैं कि वह पढ़कर शिक्षक बनना चाहता है, तो कोई एक संगीतकार बनने की लालसा मन में रखे हुए हैं। दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती के संरक्षक जसबंत चावला ने बताया कि स्थानीय स्तर पर जन सहयोग से इस विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। पढ़ाने के लिये शिक्षक पदस्थ हैं, जिन्हें विद्यालय द्वारा वेतन दिया जाता है। इसके अलावा बच्चों को निःशुल्क आवास एवं भोजन दिया जाता है, जिसे पूरा करने में आर्थिक बोझ ज्यादा हो जाता है। लेकिन बच्चों के भविष्य को अपना भविष्य समझ इनके शिक्षा में कोई व्यवधान न हो। इसके लिए निरंतर प्रयास में जुटे रहते हैं। दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती के संस्थापक जसवंत कुमार आदिले की पत्नी विन्धेष्वरी, दृष्टि बाधित सहायक शिक्षक कमलेश साहू, नरेन्द्र पांडेय मिल जुलकर सहयोग से चला रहे हैं।

# स्कूली बच्चों में पौष्टिक भोजन के साथ पढ़ाई में बढ़ी रुचि



पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। कोंटा विकासखंड के नियद नेल्लानार गांव प्राथमिक शाला सामसट्टी में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने न्यौता भोज कार्यक्रम कराया। इस अवसर पर बच्चों को गरम और पौष्टिक भोजन जैसे चावल, दाल, सब्जी, और लडडू परोसे गए। भोजन से पहले बच्चों ने हाथ धोने की आदत को अपनाया और साफ-सुथरे हाथों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। नम्रता जैन ने बच्चों के साथ भोजन साझा करते हुए बच्चों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने कहा न्योता भोजन योजना बच्चों को बेहतर पोषण और सामुदायिक समर्थन प्रदान कर रही है। यह बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ ही उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में भी वृद्धि होगी।

**न्योता भोजन, सामुदायिक भागीदारी का अनूठा उदाहरण**

राज्य शासन और भारत सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत ष्न्योता भोजष् कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में लागू किया गया है। यह कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है और इसका उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। यह सामुदायिक भावना को सशक्त बनाने का माध्यम बन रहा है।

**बच्चों के व्यवहार और रुचि में सकारात्मक बदलाव**

न्योता भोजन कार्यक्रम से आता है। न्यौता भोज से बच्चों की भोजन आदतों और स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव हो रहा है। स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन मिलने से बच्चों में स्कूल जाने की रुचि बढ़ी है। साथ ही, इस पहल से अभिभावकों और समाज के बीच स्कूलों के प्रति जवाबदेही और सहभागिता भी बढ़ी है।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए 1069 बच्चों ने दी मॉक टेस्ट



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड भानुप्रतापपुर में नवोदय परीक्षा में चयन के लिए 28 संकुल केंद्र में 1069 बच्चों का मॉक टेस्ट लिया गया। इसके लिए पूर्व में बच्चों को इस परीक्षा के लिए विशेष रूप से कोचिंग दी जा रही है। संकुल केंद्र संबलपुर में प्राशा कराठी, पददापारा, सतनामीपारा, जनपद प्राशा संबलपुर, कन्या आश्रम संबलपुर, कन्या प्राशा संबलपुर, झालोपारा, गोडरीपारा, धनगुडरा के कुल 55 बच्चों में परीक्षा दिया। पीएमश्री प्राशा बोगर के प्रधानपठिका रेश्मा यादव ने बताया 34 बच्चों ने परीक्षा दिया। बीईओ सदे सिंह कोमरे ने बताया नवोदय विद्यालय में प्रवेश कक्षा छठवीं के लिए विशेष कोचिंग दी जा रही है। बच्चे परीक्षा की प्रक्रिया को जाने और परीक्षा की पैटर्न से अवगत कराया जा रहा है। इसमी जो बच्चे अच्छा अंक लाएंगे उन्हें फिर परीक्षा लिया जाएगा। कम अंक लाने वालों को फिर कोचिंग दी जाएगी। संकुल बोगर में संकुल समन्वयक शादिक कुरैशी, प्रधानपठिका सारिका देहारी, फूलबाई सिन्हा, होमीन खरांसु, योगेश्वरी उसेंडी, सबीना मोमीन, मनीषा उसारे आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनो के लिए हुआ रोजगारमूलक कौशल विकास प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com




समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुगम्यता एवं स्वावलंबन पर आधारित अभियान हम होंगे कामयाब का संचालन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं कौशल विकास आधारित तीन दिवस तक चलने वाले प्रशिक्षण वर्कशॉप का शुभारंभ जनपद सारंगढ़ के ग्राम पंचायत बरदुला में किया गया। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित दिव्यांगजनों का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत सारंगढ़ के 10 ग्राम पंचायतों के लगभग 18 दिव्यांगजन मोटर वाइंडिंग और इलेक्ट्रिक उपकरणों के मरम्मत का कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा संचालित हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं कौशल उन्नयन के लिए मोटर वाइंडिंग, सबमर्सिबल पंप रिपेयरिंग, कूलर पंखा रिपेयरिंग सहित अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों के सुधार संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में ग्राम उच्चभिट्ठी निवासी दिव्यांग लेखराम द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन दिवस तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागी दिव्यांगजन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्थानीय बाजार की मांग के अनुसार स्वयं को तैयार करके स्वनियोजित हो सकेंगे। विदित हो कि समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग जनों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, सम्मानपूर्वक जीविका निर्वाह सहित बाधारहित जीवन स्तर की सुनिश्चितता के लिए संकल्पित होकर ऐसे नवाचारी अभियानों का संचालन कर रहा है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से दिव्यांगजनों में निहित कौशल प्रतिभाओं का न सिर्फ विकास होगा बल्कि उनके हुनर की कदर भी बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर होकर अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरित करेंगे। जिले में पहली बार आयोजित हो रहे इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों का उत्साह देखने ही बन रहा हैं। समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ के उप संचालक विनय तिवारी के निर्देशन में संचालित किए जा रहे नवाचारी अभियान हम होंगे कामयाब के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को संवारने के इस प्रयास की जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामवासियों ने सराहना की है।

# कैडेट्स व स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों का प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा पुलिस सामुदायिक भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर एनएसएस, एनसीसी और स्काउट-गाइड के कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों और यातायात संचालन के गुर सिखाया गया। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक मुकेश चैहान और विजय सिदार ने कैडेट्स को सुगम यातायात संचालन, यातायात उल्लंघन पर कार्यवाही, और उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स को ट्रैफिक वार्डन और ट्रैफिक वॉलिंटियर के रूप में जिम्मेदारी निभाने के लिए, तैयार करना था। इससे उन्हें क्षेत्रीय कार्य और लोगों से संवाद करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। यातायात जागरूकता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल कोतरा में भी छात्रों को यातायात के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत और प्रधान आरक्षक हेम सुंदर साहू ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियम सिखाए। एएसआई भगत ने बताया कि वैध लायसेंस धारक ही दुपहिया, चार पहिया वाहन चलाने के पात्र होतें हैं।

# उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितर्थ विद्यालय में मनाया ब्रेल लिपि दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 1 भंवरपुर रोड पर स्थित जन विश्वास सेवा समिति द्वारा संचालित उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय में विश्व ब्रेल लिपि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष एवं स्कूल संचालिका उमा साहू ने बताया की 4 जनवरी 1809 को लुई ब्रेल का जन्म हुआ था। लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का अविष्कार किया ताकि दृष्टिहीन बच्चे पर लिख सके, आत्मनिर्भर बन सके, उनके जन्म दिवस को ब्रेल लिपि के रूप में हर साल 4 जनवरी को मनाया जाता हैं। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाले सम्मानीय जनों का उड़ान स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया। साथ दिव्यांग बच्चों एवं कोमल ब्यूटीपार्लर की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कि गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक चातुरी डिग्री नंद, पवन अग्रवाल 1 अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश के न्यायालय अतिरिक्त न्यायाधीश, पंकज आलोक तिर्की सेकंड अपर सत्र न्यायाधीश, विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सराय पाली, ललिता मेहेर, समिति के उपाध्यक्ष हेमंत साहू, भागीरथी दास, कमला साहू, स्कूल स्टाफ गुलशन साहू, विनय यादव, संतोषी गया दास, कल्पना, वर्षा, समाज सेवी एवं व्यापारी संघ सत्यप्रकाश (सोनू) श्रीवास्तव, कुलवंत छाबड़ा , मनोज अग्रवाल, जीतू अग्रवाल, शरन दास, सुरेश साहू, कोमल ब्यूटीपार्लर एवं प्यारी-प्यारे बच्चे और समस्त पालक गण उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएँ।




# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर 7 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरवासियों की जनता के मांगों को देखते हुए निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन 07 जनवरी को स्व. कमल चंद जैन के स्मृति श्री सुधर्म नवयुवक मण्डल दल्लीराजहरा के तत्वाधान मे जैन भवन मे किया जा रहा है, जिसमें अहमदाबाद निवासी प्रख्यात आयुर्वेदिक दंत वैद्य सरोजबेन जोशी एवं दंत वैद्य हर्षद जोशी द्वारा खराब दांत बिना इंजेक्शन बिना दर्द के जालंधर बंध योग प्रक्रिया से आसानी से निकाले जाएंगे। शुगर पेशेंट, ब्लड प्रेशर और हार्ट पेशेन्ट के टेस्ट कर दांत तुरंत निकाले जाएंगे। नगरवासियों से निवेदन है की अग्रिम पंजीयन् कराकर शिविर का लाभ अवश्य लें।

# सड़क सुरक्षा, कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता वांकाथान का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




शहर के मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब परिसर में शनिवार सुबह 6 बजे से सड़क सुरक्षा,स्वास्थ्य संवर्धन कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता के लिए वांकाथान का आयोजन बालको मेडिकल सेंटर, लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) स्टे फिट विथ मी ग्रुप, माई.एफ.एम., रिलायंस लाईफ साईंस मेफेयर, शिंराज, अजय पब्लिसिटी, मरविक, योगा इंस्टीटयूट सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिए एरोबिक्स, जुंबा, सड़क सुरक्षा तथा मतदाता जागरूकता हेतु संगीतमय नुक्कड़ नाटक सहित अन्य रोचक कार्यक्रमों के साथ केंसर से बचाव के उपायों तथा उपचार के प्रबंधों के बारे में विस्तार से बताया गया। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा,अध्यक्ष संजय शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि मात्र सीट बेल्ट एवं हेलमेट लगाने मात्र से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो जाती है गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु 4017 लोगो ने हेलमेट एवं 673 ने सीट बेल्ट नहीं पहना था। इस अवसर पर स्टे फिट विथ मी ग्रुप प्रमुख शुभांगी एवं टीम ने उर्जावान जुम्बा तथा स्वास्थ्य वर्द्धन के लिये ऐरोबिक्स के साथ-साथ नशे में वाहन चालन सहित अन्य लापरवाहियों से परिवार/ समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में अत्यंत रोचक नुक्कड़ नाटक की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनसमुदाय को निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। तत्उपरांत तेलीबांधा तालाब के सामने मुख्य मार्ग से घड़ी चौक एवं वापस मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब तक तक विभिन्न आयु वर्ग के विशाल जन-समुदाय द्वारा जन-जागरूकता रैली/ वांकाथाना कार्यक्रम में चिकित्सकों/ चिकित्साकर्मियों प्रशासनिक अधिकारियों, सी.आर.पी.एफ. पुलिस कर्मियों सहित विभिन्न सामाजिक संस्थानों के प्रतिनिधि, योग साधक, खिलाडी/ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 11 एवं 12 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को विभिन्न केन्द्रों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थीगण परिषद की वेबसाईट https//ctsp.cg.nic.in से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद के सचिव से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, मुजगहन रायपुर, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नीकल केम्पस जुनवानी रोड भिलाई, डी.पी विप्र महाविद्यालय, पुराना उच्च न्यायालय रोड बिलासपुर, धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, धरमपुरा-2 जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 12 जनवरी को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, मुजगहन रायपुर, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नीकल केम्पस जुनवानी रोड भिलाई, डी.पी विप्र महाविद्यालय, पुराना उच्च न्यायालय रोड बिलासपुर, धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, धरमपुरा-2 जगदलपुर एवं भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी केन्द्र नवा रायपुर में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर है सूरजपुर पुलिस की कड़ी नजर

■ चालान ही नहीं गाड़ी भी होगी जब्त, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सूरजपुर पुलिस की सख्ती

पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com












शराब पीकर वाहन चलाते मिलने पर चालान के साथ-साथ गाड़ी भी जब्त की जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात नियमों के उल्लघंन सहित शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पुलिस के द्वारा वाहन चेक प्वाईंट लगाकर सभी दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों के ड्राइवरों की जांच की गयी। मुख्य सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के ड्राइवरों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की। थाना सूरजपुर, विश्रामपुर, जयनगर व प्रतापपुर, चौकी खड़गवां व यातायात पुलिस की चेकिंग में 9 चालक शराब के नशे में पाए गए जिनकी गाड़ी जप्त कर थाना में खड़ा करा दी गई है।

थाना-चौकी की पुलिस प्रत्येक दिवस वाहन चेकिंग प्वाईंट पर मुस्तैदी व सतर्कतापूर्वक वाहन की चेकिंग में लगी हुई है। दिनांक 4 व 5 जनवरी 2025 को जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 09 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जिनकी गाड़ी जप्त किया गया है वहीं बिना हेलमेट के 183, बिना सीट बेल्ट के 117, नियम तोड़ने के 144, तेज गति से वाहन चलाने 02, माल वाहक पर यात्री परिवहन के 03, नो पार्किंग के 12, बिना नंबर के 05 व अन्य यातायात नियमों के उल्लघंन पर 346 कुल 826 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्यवाही कर 3 लाख 17 हजार 2 सौ रूपये समन शुल्क अर्जित किया गया है। चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़कों पर चालकों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को रोकने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों (ट्रैफिक रूल्स) का पालन करें।

## यातायात नियमों के पालन से बचा सकते हैं जिदगियां, सूरजपुर पुलिस ने स्कूल के छात्रों को ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस यातायात नियमों के प्रति स्कूली छात्रों, नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है। सड़क हादसों में कमी लाने, यातायात नियमों का पालन कराने तथा साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता के लिए शनिवार, 04 जनवरी को थाना ओड़गी पुलिस के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल में यातायात जागरूकता, साइबर अपराध एवं उससे बचाव की जानकारी से 500 स्कूली छात्रों को अवगत कराया।थाना प्रभारी ओड़गी मनी प्रसाद राजवाड़े के द्वारा छात्रों को बताया कि यदि वाहन को नियंत्रित गति से चलाएं और यातायात नियमों का पूरी मजबूती के साथ पालन करें, तो सड़क हादसों पर काफी हद तक अंकुश पाया जा सकता है। युवाओं की जिम्मेदारी है कि मार्ग हादसों पर रोक लगाने के लिए न सिर्फ स्वयं जागरूक हों, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें। वाहन चलाते समय तनिक सी लापरवाही सड़क हादसे को न्यौता देता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाने वाले व्यक्ति हेलमेट लगाएं और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाए। यातायात नियमों के पालन से दुर्घटना की संभावना लगभग न के बराबर होती है। यातायात के नियमों के पालन से वाहन चालक खुद के साथ दूसरों की भी जिदगियां बचा सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से यातायात के नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। यातायात आरक्षक सुशील मिश्रा के द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े संकेतों का डेमो के माध्यम से जानकारी दिया। थाना प्रभारी ने छात्रों को साइबर अपराध एवं सुरक्षा व सावधानी को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान युग में एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से साइबर अपराधों में बढ़ोत्तरी हुई हैं, लेकिन जागरूक नागरिक इन अपराधों से बच सकता है। वह अपनी जानकारियों को किसी अंजान व्यक्ति से साझा नहीं करे। आपको किसी अन्य व्यक्ति के फोन आने पर वह डरा धमकाकर अथवा लॉटरी लगने के नाम पर आपसे जानकारी लेता है, तो आप बिल्कुल उसे कोई जानकारी ना दें। इसकी शिकायत पुलिस में करें। किसी भी तरह के लोभ-लालच या प्रलोभन के मैसेज को पूरी तरह नजर अंदाज करें। वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराध से छात्रों को अवगत कराया। इस मौके पर छात्राओं ने भी संवाद किया और सायबर अपराध को लेकर सवाल जवाब किए। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य व पुलिस के अधिकारीगण व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पचास हजार रूपये कीमत के गांजा सहित 1 गिरफ्तार, थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है और लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी तारतम्य में दिनांक 05.01.2025 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उमेशपुर के साप्ताहिक बाजार के पास एक व्यक्ति स्कूटी में सवार है और गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। थाना सूरजपुर पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु ग्राम उमेशपुर साप्ताहिक बाजार के पास घेराबंदी कर स्कूटी सहित गयासुद्दीन अंसारी पिता अब्दुल मजीद उम्र 52 वर्ष ग्राम करौंदामुड़ा, थाना झिलमिली को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो 477 ग्राम गांजा पाया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में स्कूटी आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई नंदलाल सिंह, आरक्षक रविराज पाण्डेय, गणेश सिंह व सबेश्वर पैंकरा सक्रिय रहे।

## अवैध 12 क्विंटल कोयला जप्त, चौकी खड़गवां पुलिस की कार्यवाही

**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर शत् प्रतिशत अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में दिनांक 04.01.2025 को चौकी खड़गवां पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि जगन्नाथपुर महान-3 के खदान से चोरी की गई कोयला को वहीं लावारिश हालत में डम्प किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां करीब 12 क्विंटल अवैध कोयला कीमत करीब 7200 रूपये का डम्प होना पाया जिसे जप्त कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# नक्षत्र स्कूल के वार्षिक समारोह में झूमें नन्हें कदम

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com







नक्षत्र स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह अग्रवाल भवन, पुरानी बस्ती, रायपुर में भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि इवान स्मिथ प्रिन्सिपल ऑफ कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल, डॉ अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, आनंद श्रीवास्तव प्रिन्सिपल ऑफ साइंस एंड कॉमर्स कोलम्बिया कॉलेज, टेकारी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत में अतिथि द्वारा सरस्वती वंदना कर दीप प्रज्वलित किया गया। उन्होंने अपने भाषण में नक्षत्र स्कूल की सराहना करते हुए स्कूल के नन्हें बच्चों के नृत्य की सराहना की बच्चों द्वारा आलू कचालू, स्कूल चले हम, घर मोरे परदेसी, डिस्को डान्सर,फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, हवा हवाई,बम बम बोले ,मैं तो लूट गया जैसे विविध गानों पर नृत्य किया गया। इस दौरान वहा उपस्थित अतिथी और अभिभावकों ने तालिया बजाकर बच्चो का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि इवान स्मिथ,आनंद श्रीवास्तव, डॉ अमित अग्रवाल, नक्षत्र स्कूल के संचालक डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे, डॉ. दिव्या पांडेय और माधुरी दुबे द्वारा सभी प्रतिभाशाली बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें विविध श्रेणी बेस्ट इन स्पोर्ट्स, बेस्ट इन ओरल, बेस्ट इन राइटिंग, बेस्ट इन गुड मैनर्स, मल्टी टैलेंटेड, बेस्ट इन अटेंडेंस के लिए ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किया । स्कूल की प्राचार्या श्वेता राठौर और शिक्षिकाएं रोशनी शर्मा और हर्षिका चौहान ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान प्रदान किया। इस समारोह में छात्रों, अभिभावकों, और आमंत्रित मेहमानों ने बड़ी संख्या मे भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और प्रतिभागियों की सराहना की।

# मुरली मनोहर सोनी सूरजपुर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



सूरजपुर भाजपा के मुरली मनोहर सोनी नए जिलाध्यक्ष घोषित किए गए। मुरली सोनी के भाजपा जिलाध्यक्ष घोषित होते ही मंचासीन अतिथियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा कार्यालय मे जमकर आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन स्वागत किया गया। संगठन महापर्व के कार्यक्रम के तहत नए जिलाध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे जिला चुनाव अधिकारी चंपा देवी पावले, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। गौरतलब है की गत चार माह से अधिक समय तक भाजपा पूरे जिले मे संगठन महापर्व के तहत सदस्यता महाभियान के तहत रिकॉर्ड लगभग डेढ़ लाख से अधिक सदस्य बनाए तथा तीन हजार से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए गए। संगठन चुनाव की प्रक्रिया बूथ स्तर पर संपन्न होने के बाद सभी चौदह मंडलो मे मंडल अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिलाध्यक्ष के चयन हेतु रायशुमारी की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की दावेदारी की थी। उन सभी नामो का पैनल तैयार कर प्रदेश कोर ग्रुप से चर्चा उपरांत राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुशंसा पश्चात जिलाध्यक्ष का नाम फाइनल किया गया। जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था इसलिए अंतिम समय तक कोई भी व्यक्ति जिलाध्यक्ष के नाम का अनुमान नहीं लगा पाया था। जिला चुनाव अधिकारी चंपादेवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है हम सब परिवार के सदस्य हैं यहांह्य परिश्रम करने वाले कार्यकर्ता को जवाबदारी सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से कार्यकर्ता अपनी इच्छा व्यक्त किए थे लेकिन संगठन का निर्णय सर्वोपरि है।

# बहुत जरूरी है पत्रकारों की स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए सबल

पायनियर संवाददाता ≺ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com





बस्तर के नक्सली इलाके बीजापुर से जान जोखिम में डालकर पत्रकारिता करने वाले पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या से पत्रकार समाज स्तब्ध है। गौरतलब है कि 30 दिसंबर को एनडीटीवी में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के द्वारा 120 करोड़ की भ्रष्टाचार वाली सड़क निर्माण की खबर दिखाई गई थी। बस यही तो अपराध था मुकेश चंद्राकर का। हत्या से पहले बदन में धारदार हथियार से खूब हमला किया गया बहुत तड़फा तड़फा के मारा गया और मार कर सैप्टिक टैंक में डाल कर प्लास्टर भीं कर दिया गया। हत्यारे को इस बात का गुरूर था कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता,प्लास्टर इस ओर भी इशारा था कि जो भी मेरे खिलाफ जाएगा उसका भी यही हश्र होगा।पत्रकार मुकेश चंद्राकर की मोबाइल में 01 जनवरी की शाम को आखिरी कॉल ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के भाई रितेश की आई थी। यह कोई एकली घटना नहीं है जिसमें अपराधी,विधायिका और भ्रष्ट प्रशासनिक तंत्र जैसे लोगों का गठजोड़ सामने नहीं आया हो। गौरतलाप है कि पूरे भारत देश में वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2024 तक अलग-अलग प्रदेशों में लगभग 80 पत्रकारों की हत्या हो चुकी है। हर हत्या के बाद हमारा प्रशासनिक सिस्टम व्यवस्था का खूब यूपीए को मचाते हुए न्याय की बात कर घड़ियाली आंसू बहाने में मशहूर है लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक किसी को सही न्याय नहीं दिला पाए।

**क्या सच की आवाज उठाने की इतनी बेरहम सजा :** सिस्टम में बैठे हुए लोग एवं संचालित करने वाले नेताओं का ऐसे दरिंदों को खूब संरक्षण दिया जाता है।कल किसका नंबर आएगा पता नहीं भू- माफिया, खनिज माफिया, राजनीतिक माफिया और प्रशासन माफिया की खबर दिखाने पर मुझ जैसे अनेकों अनेक पत्रकारों को दिनदहाड़े गर्दन काट देने की, जान से मार देने की, सलाखों के पीछे सड़ा देने और ब्लैक मेलिंग में फंसा देने की धमकी मिलती है।

# बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर को नगर के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों व नागरिको ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ≺ सरायपाली
www.dailypioneer.com





बीजापुर बस्तर के निर्भीक पत्रकार स्व.मुकेश चंद्राकर के जघन्य हत्या से नगर के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सभी ने इस हत्याकांड की जड़ी निंदा की है व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में नगर के पत्रकारों द्वारा स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्व.मुकेश चंद्राकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा की शुरुवात की गई व सभी उपस्थित लोगों ने चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप गुप्ता, नपाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, पार्षद गुंजन अग्रवाल, स्वर्णसिंह सलूजा, रोमी सलूजा, विपिन उबोवेजा, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता, आयुष भट्ट, भगवान दास अग्रवाल ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि यह एक अत्यंत ही दुखद घटना है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। पत्रकारों का कार्य क्षेत्र में घट रही घटनाओ को आमजनता तक पहुंचना है साथ ही शासन, प्रशासन के जनहित के कार्यो के साथ ही योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचारों व अनियमितताओं से भी परिचित करता है। ताकि इन भ्रष्टाचारीयो पर कार्यवाही भी हो सके। अपने लेखनी जे माध्यम से वे आईना दिखाने का कार्य भी करते हैं। देश मे मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसी की वजह से देश, प्रदेश व स्थानीय स्तर पर हो रहे विकास, निर्माण व जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ निर्माण व विकास कार्यो में किये जा रहे अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की भी जानकारी मिलती है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में सरकार से मांग करते हुवे कहा कि पत्रकारों को निर्भीक व स्वतंत्र होकर कार्य किए जाने हेतु सबसे पहले पत्रकारों को सुरक्षा की गारंटी मिलनी आवश्यक है। पत्रकारों के खिलाफ दुर्भावनावश जरिये जाने वाले एफआईआर की पहले जांच होनी चाहिए साथ ही वर्षो से लंबित पत्रकार सुरक्षा कानून को पत्रकारों के हित मे तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने की मांग की गई।

**पर्यटकों को यहां मिलता है एक रोमांचकारी अनुभव सूर्योदय और सूर्यास्त के समय दिखता है मनमोहक नजारा**

# प्राकृतिक सुंदरता को निहारने का ठिकाना है दुर्गडोंगरी किल्लेवाली मंदिर

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com





जिले में प्राकृतिक सौन्दर्यता से परिपूर्ण स्थलों की कमी नहीं है, यहां कई ऐसे पर्यटक स्थल है जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती है। अगर आपको घूमने के साथ ही एडवेंचर का शौक हो तो प्राकृतिक नजारों से परिपूर्ण दुर्गडोंगरी मॉ किल्लेवाली मंदिर में आप जरूर आ सकते हैं। यह स्थान प्राकृतिक वनों के बीच उँचे पहाड़ पर स्थित है, जहाँ पहुँचने पर दिखने वाला नजारा आपकी सारी थकान को मिनटों में ही उत्साह में बदल देगा। यहां दिखने वाला नजारा, आपके सफर को रोमांचक और बेहद ही अविस्मरणीय बना देता है। यह स्थान प्रकृति की सुंदरता को करीब से निहारने का एक बेहतर ठिकाना बन गया है। बालोद जिले के डौण्डी ब्लॉक के ग्राम कोटागांव के समीप स्थित इस जगह ने अपने प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों को अपने करीब आकर्षित किया है। यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता, बोईरडीह जलाशय, दुर्गडोंगरी मॉ किल्लेवाली मंदिर सहित एडवेंचर पसंद लोगों के लिए एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है। यहां हर मौसम में प्रतिदिन आने वाले पर्यटक मॉ किल्लेवाली का आर्शीवाद लेने के साथ ही प्रकृति की खूबसूरती से भरपूर इस स्थान का आनंद लेते हैं। प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण इस स्थान के चारों ओर वनक्षेत्र हैं, तो वहीं पास स्थित बोईरडीह जलाशय का खुबसुरत दृश्य और दल्लीराजहरा तथा महामाया की पहाड़ियों का दृश्य पर्यटकों में एक रोमांचकारी अनुभव पैदा कर देता है। बारिश के दिनों में यहां चारों ओर हरियाली नजर आती है, जिससे इस जगह की खुबसुरती कहीं ज्यादा ही बढ़ जाती है। उँचे वृक्षों के बीच सीढ़ियों और कच्चे पगडंडी वाले रास्ते के साथ ही बढ़ती उँचाई इस सफर को और भी ज्यादा रोमांचक बना देती है। उपर जाते-जाते थकान भी होती है, लेकिन उपर मंजिल तक पहुँचने पर यहाँ के नजारे सारी थकान को उत्साह में बदल देता है।

**निर्मित है सीसी रोड़ सड़क, पार्किंग की भी है सुविधा-** जिला मुख्यालय बालोद से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है दल्लीराजहरा, जहाँ से महामाया रोड में 10 किलोमीटर का सफर तय करने के पश्चात आपको किल्लेवाली माता मंदिर जाने का द्वार नजर आता है। यहां काफी उँचाई तक वाहनों के आवागमन हेतु सीसी सड़क का निर्माण किया गया है। जिसके पश्चात वाहन पार्किंग की सुविधा भी है। यहां से पर्यटक पैदल ही सीढ़ियों के माध्यम से उपर मंदिर तक जाना आना करते हैं। जानकारों के अनुसार बालोद जिले के इस पर्यटन स्थल को दुर्ग डोंगरी के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें दुर्ग का मतलब किला तथा डोंगरी का अर्थ पहाड़ होता है वही दोनों का शाब्दिक अर्थ पहाड़ पर किला होता है। पहले इस जगह पर किला था, सिर्फ अवशेष बचे हैं। यहां सुर्योदय व सुर्यास्त का बेहद ही मनमोहक नजारा भी दिखाई देता है।

# राजस्व अमले की अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत कर सौंपा जाएगा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ≺ महासमुंद
www.dailypioneer.com

राजस्व विभाग पीड़ित परिवार संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार मार्कण्डेय और सचिव देवलाल नेताम ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों के निराकरण न होने के चलते सोमवार को हाई स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान उनके समक्ष राजस्व अमले की अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। रोहित मार्कण्डेय ने विज्ञप्ति में बताया कि लोगों के प्रकरण वर्षों से जस के तस लंबित पड़े हुए हैं। विभाग के अधिकारी बाबू और कर्मचारियों द्वारा पीड़ित लोगों के मामलों का निराकरण नहीं किया जा रहा।लोगों के कार्यालयीन प्रकरणों को जबरन न्यायालयीन प्रकरण बनाकर पक्षकारों को परेशान करने का काम राजस्व अमले द्वारा किया जा रहा है। देवलाल नेताम ने बताया कि अधिकारियों द्वारा लोगों के प्रकरणों को खारिज कर दिया जाता है और प्रकरणों का निराकरण हो चुका है ऐसी जानकारी दी जाती है, जबकि प्रकरणों को बिना अध्ययन किए जबरन खारिज कर दिया जा रहा है। जिसके बाद लोग भटकते रहते हैं। पक्षकारों की जिस दिन पेशी होती है उस दिन अधिकारी नदारद रहते हैं और फिर यही अधिकारी अगले दिन पक्षकार को ही अनुपस्थित घोषित कर देते हैं। प्रकरणों के निराकरण न होने से कई वर्षों से किसान अपना फसल समर्थन मूल्य में नहीं बेच पा रहे, ऋण नहीं ले पा रहे, खाद नहीं ले पा रहे हैं। आम जनता को प्रकरणों के निराकरण के लिए वर्षों तक चप्पल घिसना पड़ रहा है फिर भी प्रकरण लंबित ही पड़े हुए हैं। इन सभी विषयों को लेकर राजस्व विभाग पीड़ित परिवार संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार मार्कण्डेय ने फैसला किया है कि जितने भी लोग राजस्व विभाग की समस्याओं से पीड़ित हैं वे सोमवार 06 जनवरी को हाईस्कूल मैदान पहुंचे और मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व विभाग के व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत कर सभी समस्याओं को अवगत कराएंगे तथा ज्ञापन सौंप कर प्रकरणों के निराकरण की मांग रखेंगे।

# भरत सिंह बने भाजपा के नए जिलाध्यक्ष चुनाव प्रभारी निर्मल सिन्हा ने की घोषणा

## कार्यकर्ताओं के साथ किए संघर्ष को याद कर भावुक हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



भरत सिंह जिला भाजपा के नए जिलाध्यक्ष होगें। पार्टी के चुनाव प्रभारी निर्मल सिन्हा ने जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में इसकी घोषणा की। इससे पहले कार्यालय में शामिल जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि जशपुर जिले के कार्यकर्ताओं के अनुशासन और संघर्ष क्षमता की मिसाल पूरे प्रदेश में दी जाती है। उन्होनें कहा कि निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता के नेतृत्व में विधानसभा व लोकसभा चुनाव और इससे पहले विपक्ष की भूमिका में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकजुट हो पार्टी के पक्ष में महौल बनाया। इसी का परिणाम था कि विधानसभा चुनाव में जिले की तीनो विधानसभा सीटों में भाजपा को बड़ी जीत मिली और लोकसभा चुनाव में पार्टी को बढ़त हासिल हुई। नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करते हुए उन्होनें कार्यकर्ताओं से अपील किया कि जिस तरह सुनिल गुप्ता के साथ कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया, इसी तरह नव नियुक्त जिलाध्यक्ष के साथ भी पार्टी के हित एक हो काम करते रहे। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि सुनिल गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस के शासन काल में तात्कालिन सरकार के भ्रष्ट कारनामों और गलत नीतियों के विरूद्ध संघर्ष किया। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी को सफ्लता दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि सुनिल गुप्ता के नेतृत्व में पत्थलगांव विधानसभा सीट में जीत हासिल करना सबसे बड़ी उपलब्धी रही। इसके लिए उनके कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को एकजुट कर मतदातओं से घर-घर में संपर्क करने का जो कार्य हुआ,उससे पार्टी की जीत संभव हो सकी। पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है। यहां कार्यकर्ताओं के बीच से ही संगठन के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि चुन कर आते हैं। वंशवाद और परिवारवाद का कोई स्थान नहीं है। उन्होनें कहा कि 2018 में भाजपा जिले के तीनों विधानसभा सीट को एक्सीडेंटली हारा था। कार्यकर्ताओं ने पूरी क्षमता से काम किया था। विपक्ष में आने के बाद कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत से तात्कालिन भ्रष्ट सरकार के विरूद्ध संघर्ष किया। गरीबों को पीएम आवास दिलाने के लिए आवाज बुलंद किया। चुनाव के समय पार्टी की योजनाओं व घोषणाओं को मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि हम सबका उद्देश्य पार्टी के लिए एकजुट हो करकाम करना है। भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं भारत को विश्व गुरू बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि हम सबको मिल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हाथ मजबूत करना है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कहा कि वे कालेज के छात्र रहते हुए भाजयुमो के तात्कालिन जिलाध्यक्ष शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव के साथ भाजपा से जुड़े थे। युद्धवीर सिंह जूदेव के साथ भी काम करने का अवसर मिला। पार्टी में जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष के बाद जिलाध्यक्ष का दायित्व उन्हें सौंपा गया था। उन्होनें 2018 में पार्टी की हार के बाद विपक्ष की भूमिका में रहते हुए कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस सरकार के विरूद्ध किए गए संघर्ष को याद करते हुए कार्यकर्ताओं व संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला संगठन चुनाव प्रभारी निर्मल सिन्हा, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता।

# जहां-जहां भाजपा की सरकारें वहां जंगलों, पहाड़ों को नष्ट करने बन रही योजना : विनोद चंद्राकर

- छग के हसदेव तथा ओड़िशा के गंधमार्दन पर्वत को तबाह करने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा की कथित डबल इंजन की सरकार देश वासियों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रहा है। देश के जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां के देवस्थलों, ऐतिहासिक काल से जुड़े जंगलों व पहाड़ों को नष्ट करने की योजना भाजपा की सरकारों ने अडाणी समूह के साथ मिलकर बनाया है। इसका एक ताजा उदाहरण तो छत्तीसगढ़ के लोग हसदेव जंगल की कटाई के रूप में देख ही रहे हैं। जहां भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय बिताया था। अब ओड़िशा में भी भाजपा की ट्रबल इंजन सरकार ने रामायण काल के ऐतिहासिक मान्यताओं से जुड़ी गंधमार्दन पर्वत को तबाह करने की सुनियोजित प्लान तैयार किया है। यह सरकार प्राकृतिक स्थलों, जंगलों को नष्ट कर देश को संकट की ओर धकेलने का काम कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्रीराम ने वनवास के 14 सालों में से 10 वर्ष दंडकारण्य में बिताया था, आज का छत्तीसगढ़ ही उस समय का दंडकारण्य है। इसी को ध्यान में रखकर पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने राम वन गमन पथ को विकसित करने की योजना बनाई थी। साथ ही आदिवासियों की देव भूमि हसदेव अरण्य के जंगल को न काटने का प्रस्ताव विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। लेकिन, भाजपा की सरकार आते ही हसदेव जंगल को अडाणी के हवाले कर दिया गया। चंद्राकर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सहित ओड़िशा के लोगों से छल कर सरकार बनाने वाली भाजपा ने ओड़िशा में भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। वहां भाजपा सरकार की सहयोग से अडाणी कंपनी ने गंधमार्दन पर्वत के आसपास की जमीन खरीदी है। पता चला है कि बलांगीर जिले के खपराखोल क्षेत्र में हाल ही में अदाणी कंपनी द्वारा 18 एकड़ जमीन खरीदी है। इसी तरह, बरगढ़ जिले के सिल्ट ब्लॉक के तहत कटाबहाल के युवाखोल गांव में 23 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। अडाणी कंपनी ने बलांगीर जिले के पाटनागढ़ तहसील के तहत बेलपाड़ा ब्लॉक डुडुकमल में 33 एकड़ जमीन, वालुपुरी गांव में 61 एकड़ जमीन खरीदी है। साथ ही भैंसा सर्कल के तहत 43 एकड़ जमीन खरीदी है। इस तरह गंधमर्दन के आसपास के 27 प्लॉट अडाणी के नाम पर खरीदे गए हैं। गंधमार्दन पहाड़ियों के घने जंगल आदिवासी समुदाय की आजीविका का मुख्य साधन है। गंधमार्दन पहाड़ वनस्पतियों और जीवों से भरी हुई है, और दुर्लभ औषधीय पौधों का भंडार के लिए जानी जाती है।

# केशरपुर में भागवत कथा में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम केसरपुर (पचपेड़ी) में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम श्रीमद्भागवत कथा पुराण की पूजा अर्चना कर मंचासीन अयोध्या से पधारे कथावाचिका राधिका किशोरी का अंगवस्त्र से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किये तथा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संतों व ज्ञानियों के सत्संग से ही व्यक्ति का कल्याण संभव है। संत जन भागवत कथाओं के माध्यम से धार्मिक ग्रन्थों से ज्ञान रूपी अमृत को समाज के बीच पहुंचा रहे हैं, जो वर्तमान भौतिकतावादी समय में अति आवश्यक हैं। इस अवसर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कथा आयोजक जवाहर चौधरी, समनलाल पटेल, टीटू अग्रवाल, पूर्व जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष गोपाल नायक, भाजपा पिरदा मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, उपाध्यक्ष इंदल साव, डिंगरो पटेल, गोपाल पटेल, जनपद सदस्यगण पिथौरा अमृत पटेल, हेमलाल सिदार, बम्हनी सरपंच उमेश प्रधान, परधिया सराईपाली सरपंच सदानंद नायक, आरंगी सरपंच रुपकुमारी टेकचंद पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष नीलमणि बारीक, दीनबंधु नायक, कुंजलाल चौधरी, चक्रधर चौधरी, शोभाराम नायक, जगदीश नायक, ललित पटेल, बिहारीलाल पटेल, पिताम्बर पटेल, गैसमोती पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सावित्री बाई फुले की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विजयी बनी राजनांदगांव की श्रुति मेश्राम







पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था यूनिटी फॉर सोशल जस्टिस के द्वारा स्थान वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस रायपुर में भाषण प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें भाषण का विषय मनु संहिता बनाम भारत का संविधान महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में एक तुलनात्मक विश्लेषण है, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को क्रमशः 3 हजार, 2 हजार एवं 1 हजार रुपए की नगद राशि तथा सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को सहभागिता का प्रमाण पत्र व पाठ्य सामग्री दिया गया था। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो कर दोपहर 2 बजे तक था। जिसमें प्रतिभागियों ने अपना अपना मत रखा। प्रतियोगिता में प्रथम विजयी के रूप में राजनांदगांव से प्रतियोगिता में भाग लेने आई कुमारी श्रुति मेश्राम हुई तथा द्वितीय एवं तृतीय विजयी के रूप में क्रमशः एडवोकेट मुस्कान भदौरिया एवं एडवोकेट मधु मार्कण्डेय बनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महादेव कावरे, आईएएस, संभाग आयुक्त, रायपुर संभाग, विशिष्ट अतिथि सैमुएल ग्वाल, आईटीएस, सेवा निवृत जीएम, बीएसएनएल लिंगराज लूहा, एजीएम पंजाब नेशनल बैंक डॉ बेनुधर रौतिया, जूरी हेड के रूप में पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सहायक अध्यापक विधि संकाय, जूरी सदस्य जूही मरोथीया, सहायक प्राध्यापक, राजेंद्र कुमार जांगड़े, अतिथि एडवोकेट अमृता दीक्षित, प्रमिला मेश्राम, प्रियंवदा सोना आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ जन्मेजय सोना ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन संस्था के सदस्य प्रशांत बाग, मुस्कान, आनंद मेश्राम, अनन्या, अर्जुन, मुस्कान, अलीम, सत्य निहाल, हेमंत ने किए।

# आम जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान 05 जनवरी को यातायात जागरूकता रथ दल्लीराजहरा के साप्ताहिक बाजार एवं जैन चौक में पहुंचकर आम जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया एंव सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ लापरवाह वाहनों चालकों पर चालानी कार्यवाही भी किया जा रहा है। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल लापरवाह 23 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर 7600 रू. वसूल किया गया है। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान मेला मंडाई में जागरूकता कार्यक्रम, समझाईश अभियान एवं वाहन चेकिंग अभियान पुलिस द्वारा लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# कुसुमावती गौड़ा, जगदगुरु शंकराचार्य कॉलेज की एक उज्जवल सितारा, भारतीय मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कुसुमावती गौड़ा, जगदगुरु शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर की 2023 बैच की बीएससी नर्सिंग छात्रा, ने भारतीय मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर न सिर्फ अपने कॉलेज को गर्वित किया, बल्कि अपने परिवार का नाम भी रोशन किया। यह शानदार उपलब्धि एक वर्ष की कठिन तैयारी के बाद 2024 में उनकी सफलता के रूप में सामने आई। कुसुमावती, जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जानी जाती हैं, सिर्फ कक्षा में ही नहीं, बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट रही हैं। उनकी बहुआयामी क्षमताओं ने उन्हें अन्य छात्रों के लिए आदर्श बना दिया और कॉलेज के लिए गर्व का कारण बना। कुसुमावती हमेशा एक असाधारण छात्रा रही हैं, जिन्होंने हर काम में दृढ़ नायकता और जुनून दिखाया, जगदगुरु शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग की निदेशक, सुमन त्रिपाठी ने कहा। उनकी सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और उनके परिवार और कॉलेज की ओर से मिले प्रोत्साहन का परिणाम है। कुसुमावती की यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं थी। आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, उनके परिवार ने उन्हें पूरी तरह से समर्थन दिया, जिससे वह अपने सपनों को साकार कर सकीं। उनकी सफलता की कहानी संकल्प, महत्वाकांक्षा और लक्ष्य की प्राप्ति में एक सहायक वातावरण के महत्व को साबित करती है। अपना बीएससी नर्सिंग पूरा करने के बाद, कुसुमावती ने एमएनएस परीक्षा की तैयारी के लिए एक वर्ष का कोचिंग लिया। उनका दृढ़ संकल्प तब रंग लाया जब उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की और भारतीय मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में लेफ्टिनेंट के रूप में स्थान हासिल किया। उनके कॉलेज और परिवार ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया, जबकि त्रिपाठी ने कहा कि कुसुमावती की सफलता कॉलेज के सभी नर्सिंग छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सफलता ने पूरे कॉलेज समुदाय में उम्मीद और संकल्प का संचार किया है। कुसुमावती का चयन उनके करियर के एक नए अध्याय की शुरुआत है, जब वह भारतीय सशस्त्र बलों में एक प्रतिष्ठित और सार्थक मार्ग पर चलने जा रही हैं, और देश की सेवा में अपनी कर्तव्यनिष्ठा और कौशल का योगदान देंगी।

# अजमेर शरीफ दरगाह के लिए मुख्यमंत्री साय ने भेजी पवित्र चादर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती (र,अ) के 813वें उर्स मुबारक के मौके पर अजमेर शरीफ स्थित उनकी दरगाह के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से पवित्र चादर भिजवाई है। मुख्यमंत्री निवास में इस अवसर पर साय ने देश, प्रदेश के लोगों की खुशहाली, सुख-समृध्दि और तरक्की की दुआऐं की। साय ने ख्वाजा गरीब नवाज की मजार हेतु पवित्र चादर मिर्जा एजाज बेग एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों को सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में मिर्जा एजाज बेग सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, नासिर खान अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इमरान अशरफी महामंत्री रायपुर जिला, मिर्जा साजिद पठान, मौलाना अमीर बेग, मौलाना मुजफ्फर हुसैन,मौलाना अली आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले में 217 करोड़ 17 लाख रुपए के 419 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 6 जनवरी को स्वामी आत्मानंद हिन्दी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले में कुल 217 करोड़ 17 लाख रुपए के 419 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 111 करोड़ 21 लाख रुपए के 335 विकास कार्यों का लोकार्पण और 105 करोड़ 96 लाख रुपए के 84 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पण अंतर्गत 11 विभागों के 111 करोड़ 21 लाख रुपए लागत राशि के 335 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 3 विकार्स कार्य लागत राशि 2 करोड़ 52 लाख रुपए सेतु निर्माण विभाग के 4 विकास कार्य लागत राशि 16 करोड़ 96 लाख रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 11 विकास कार्य लागत राशि 97 लाख रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 57 विकास कार्य लागत राशि 42 करोड़ 62 लाख रुपए, छ.ग. गृह निर्माण मंडल विभाग के 80 कार्य लागत राशि 14 करोड़ 41 लाख रुपए।

## उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िले में की अभियान की शुरूआत,

# गिफ्ट वार्म्थ' उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया रीन्यू का विंटर सपोर्ट कैंपेन

पायनियर संवाददाता ◀ कबीरधाम
www.dailypioneer.com





विकार्बोनीकरण समाधानों में अग्रणी कंपनी रीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना अभियान 'गिफ्ट वार्म्थ' के 10वें संस्करण का लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य सर्दियों के महीनों में ज़रूरतमंद समुदायों को सहयोग प्रदान करना है। इस साल रीन्यू 9 राज्यों में 200,000 कंबल वितरित कर रही है। इस पहल के तहत कंपनी ने छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िले में 4000 कंबल बांटे। राज्य के माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहे और ज़रूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। इस प्रयास के साथ रीन्यू द्वारा वितरित कंबलों की संख्या 1 मिलियन के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। रीन्यू स्थानीय अधिकारियों और अपने कर्मचारियों के साथ काम करते हुए इस अभियान की प्रभावी पहुंच को सुनिश्चित करता है। उन लोगां और समुदायों को कंबल पहुंचाता है, जो शीत लहर से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। कंबल वितरण की शुरूआत ज़िला स्तर पर होगी, जिसमें रायपुर एवं आस-पास के सबसे वंचित लोगों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। रीन्यू के कर्मचारी कंबल वितरण के लिए रात्रि अभियानों का संचालन करेंगे तथा दान के माध्यम से आश्रयस्थलों को सहयोग भी प्रदान करेंगे। वैशली निगम सिन्हा, सह-संस्थापक एवं चेयरपर्सन सस्टेनेबिलिटी, रीन्यू ने कहा, ''गिफ्ट वार्म्थ ज़रूरतमंद समुदायों के जीवन में बदलाव लाने की रीन्यू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले सालों के दौरान, यह पहल कंबल दान अभियान से कहीं आगे बढ़ चुकी है, यह समाज के प्रति सहानुभुति और देखभाल दर्शाने का सामुहिक प्रयास है। इस साल हम अभियान के दसवें संस्करण का संचालन कर रहे हैं, मैं रीन्यू के कर्मचारियों और उनके परिवारों के समर्पण से प्रेरित हूं, जो हर साल इस अभियान के लिए एकजुट होकर काम करते हैं।' सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट की दिशा में सामुदायिक प्रयासों के अनुरूप छोटे व्यवसायों से कंबल खरीदकर रीन्यू स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है। 'गिफ्ट वार्म्थ' अभियान की शुरूआत 2015 में यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो। पिछले सालों के दौरान इस अभियान का प्रभाव और पैमाना बहुत अधिक बढ़ गया है। हर साल अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचते हुए रीन्यू ने 2025 तक 1 मिलियन कंबल वितरित करने का लक्ष्य रखा है और अपने जैसी सोच वाली कंपनियों को भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आमंत्रित करती है।

# न्यायाधीश सिन्हा ने सभी न्यायालयों व अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली में सभी न्यायालयों व अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकार्ड रूम में रिकार्ड रखने हेतु रैक की व्यवस्था करने, पार्किंग स्थान को बढाने, जिला न्यायालय भवन में संचालित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में नियमित रूप से चिकित्सा अधिकारी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र को हाईजेनिक कर उक्त कक्ष के जीर्णोधार, रिकार्ड रूम की गली को रिडिजाइन करते हुए लाइब्रेरी रूम का जीर्णोधार करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय भवन के औचक निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन नये बार रूम, नवनिर्मित लॉयरहाल, टायलेट काम्प्लेक्स का भी अवलोकन किया। उन्होंने मालखाना में ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है, उसे विधिवत निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केन्द्रीय पंजीयन अनुभाग कक्ष छोटा होने के कारण विधिवत काउंटर व्यवस्था करने और न्यायालय भवन के सभी अनुभागों में जगह की कमी को दूर करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश द्वारा पूर्व में किये गये औचक निरीक्षण के दौरान दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश के परिपालन में कार्यो का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अज़गल्ले, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल सहित अन्य न्यायाधीश, अधिवक्तागण, एसडीएम पार्वती पटेल और न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पायनियर हलचल...

## सीधे मौत की सजा देते हो, वजह क्या है?



छत्तीसगढ़ में पत्रकारों के खिलाफ लगातार षड्यंत्र हो रहे हैं। षड्यंत्र की यह कडी खौफनाक मौत तक पहुंच चुकी है। आखिर इन षड्यंत्रकारियों को राज्य में कौन संरक्षण दे रहा है? किसके संरक्षण में बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या कर दी गई। चौथे स्तंभ की हत्या का असली गुनाहगार कौन है? ऐसे कई सवाल लिए राज्यभर के पत्रकार इन दिनों शांतिपूर्ण आंदोलन कर मुकेश को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। बहरहाल इसके लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जांच के बाद ही असली सच उजागर होगा। लेकिन राज्य में पत्रकारों को धमकाना, उनके वाहनों में मादक पदार्थ रखवाना, नौकरी से निकलवाना आम बात हो चुकी है। राज्य के पत्रकार लम्बे समय से इन घटनाओं का दंश झेल रहे हैं। जिनके सामने आज भी रोजी-रोटी का संकट है। खैर पत्रकार कम शौक में जिंदा रहने वाला किरदार है। किसी न किसी कदर वह अपनी रोजी-रोटी का बंदोबश्त कर गरीब, पीड़ित और शोषित की आवाज बनता है। मुकेश भी शायद बस्तर में यही कर रहे थे। वरना उनका विवाद ठेकेदार से क्यों होता? वह गरीबों और बस्तरवासियों के लिए बन रही सड़क के गुणवत्ता को लेकर सवाल उठा रहे थे। शायद उन्हें चिंता थी कि ठेकेदार बस्तर से रुपया समेटकर निकल जाएगा और बस्तरवासियों को फिर खराब सड़क का दंश झेलना पड़ेगा। लेकिन उन्हें क्या पता था कि संरक्षण प्राप्त कथित गुंडे/ ठेकेदार सीधा मौत की सजा देने में आमदा हैं। बहरहाल पत्रकारों के खिलाफ षड्यंत्र का जाल क्यों बिछाया जा रहा है? इसके पीछे कौन हैं? इन सवालों के साथ मुकेश की लिखी दो लाइनों का जिक्र कर रहा हूं -

*''सीधे मौत की सजा देते हो, वजह क्या है?*
*मुझे बताओ तो सही, मेरा गुनाह क्या है?''*

## महंत और कांग्रेस को कोर्ट जाने से कौन रोक रहा?



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इन दिनों अपने पत्रों के माध्यम से जमकर राजनीतिक सुर्खियां बटोरने का काम कर रहे हैं। महंत ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्यपाल और अब निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर समय पर चुनाव कराने की मांग की है। महंत पत्र के माध्यम से यह कहते नजर आ रहे हैं कि समय पर चुनाव न कराना संवैधानिक ढांचे के खिलाफ है। इसके साथ ही उन्होंने पत्र के माध्यम से उच्चतम न्यायालय के दो निर्णयों राईट पेटीसन (सी) नम्बर 278 ऑफ 2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2020 तथा पेटीसन (एस) फॉर स्पेशल लीव टू अपील (सी) नं. (एस) 26468 टू 26469/2024, 11-11-2024 का जिक्र करते हुए अविलंब निर्वाचन कराने की मांग की है। हालांकि महंत के पत्र को अब तक न ही राज्यपाल ने गंभीरता से लिया है, और न ही निर्वाचन आयोग ने कोई प्रतिक्रिया दी है। यही नहीं राज्य सरकार ने भी महंत के पत्र को ठेंगा दिखाते हुए प्रशासकों की दना-दन नियुक्तियां कर दी हैं। लेकिन महंत के लिखे पत्र में भी अब सवाल उठने लगे हैं। क्या वास्तव में महंत और कांग्रेस राज्य में नगरीय निकाय चुनाव जल्द कराने के पक्षधर हैं? जब यह पूरा मामला संवैधानिक ढांचे के खिलाफ है तो महंत सिर्फ पत्र लिखकर राजनीतिक सुर्खियां बटोरने का काम क्यों कर रहे हैं? डॉ. महंत और कांग्रेस को आखिर कोर्ट जाने से किसने रोक रखा है? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों आम जन मानस के बीच घूम रहे हैं।

## बदले जाएंगे सुकमा, बीजापुर और बिलासपुर के कलेक्टर





सुकमा और बीजापुर कलेक्टरों के बदले जाने के संकेत हैं। दरअसल बीजापुर कलेक्टर विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भी चर्चा में रहे। शीतकालीन सत्र को बीते पंद्रह दिन भी नहीं हुआ कि अब पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का मामला सुर्खियों में छाया हुआ है। इसके साथ ही प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी एक छोटी सर्जरी संभावित है। दरअसल बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण सचिव प्रमोट हो चुके हैं, लिहाजा एक और आदेश जल्द जारी हो सकता है। जिसमें बिलासपुर, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। अवनीश शरण को महानदी भवन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। वहीं रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के परफारमेंस को देखते हुए उन्हें सुकमा या बीजापुर का कलेक्टर बनाया जा सकता है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से बिलासपुर, रायपुर के बाद दूसरा बड़ा जिला माना जाता है, इसलिए यहां रायपुर के समकक्ष अनुभवी अफसर की तैनाती की जाएगी।

## प्रशासनिक कसावट लाने की कवायद



आमतौर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरल और सहज नेता के रुप में जाने जाते हैं। उनके व्यक्तित्व का हर इंशान मुरीद है। लेकिन एक साल बीतने के बाद सीएम विष्णुदेव स्वयं भी प्रशासनिक कसावट लाने के पक्षधर हैं। सम्भवतः इसीलए साल के पहले दिन ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के तेवर बदले-बदले से दिखे। सीएम ने पहले दिन ही सचिवों और विभागाअध्यक्षों की बैठक लेकर प्रशासनिक कसावट लाने के साफ निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चौकन्ने रहने तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिल सके इसके लिए मंत्रालय में जमकर कवायद की। दरअसल इसके सूत्राधार आईएएस सुबोध कुमार सिंह हैं। सुबोध के सीएम सचिवालय में वापसी के बाद एक बार फिर प्रशासनिक कसावट दिखने लगी है। सम्भवतः सुबोध सिंह को आनन-फानन में छत्तीसगढ़ वापस भी इसीलिए लाया गया है।

## डिप्टी कलेक्टरों की भरमार

पिछली सरकार ने डिप्टी कलेक्टरों से फील्ड के काम लेने की बजाय उन्हें मंत्रालय या मुख्यालयों में पदस्त करने की परम्परा शुरु की थी। जिसका चलन इस सरकार में और तेजी से बढ़ गया है। यहां जनसंपर्क विभाग से लेकर मंत्रालय और मुख्यालयों में भी डिप्टी कलेक्टरों की भरमार है। यह बात अलग है कि इनकी जरुरत फील्ड में ज्यादा है। ज्यादा से ज्यादा डिप्टी कलेक्टरों की फील्ड में उपलब्धता से प्रशासनिक कसावट आयेगी। अकेले जनसंपर्क और संवाद में तीन डिप्टी कलेक्टरों की पदस्थापना की गई है। जिसमें से जनसंपर्क संचालक अजय अग्रवाल वर्तमान में आईएएस प्रमोट हो चुके हैं। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर विनायक शर्मा और वैभव क्षेत्रज को भी छत्तीसगढ़ संवाद में पदस्त किया गया है। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में छत्तीसगढ़ संवाद के अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी से लेकर जीएम तक की पोष्ट में जनसंपर्क विभाग के अफसरों की तैनाती की जाती रही है। आम तौर पर जनसंपर्क विभाग के अफसर पत्रकारों के ज्यादा नजदीक होते हैं। जनसंपर्क में पर्याप्त अधिकारियों की उपलब्धता के बाद भी डिप्टी कलेक्टरों की पदस्थाना करना कितना उचित है? यह तो शासन को तय करना है। यहीं नहीं मंत्रालय और अन्य मुख्यालयों में भी इनकी काफी संख्या में तैनाती की गई है, जबकि इन अफसरों से फील्ड में बेहतर काम लिया जा सकता है।

## इन्तहां हो गई इंतजार की



मंत्रिमण्डल विस्तार की खबरें नेताओं के सब्र की इन्तहां ले रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्यपाल रमेन डेका को नए साल की बधाई देने राजभवन पहुंचे, तो इधर सोशल मीडिया में मंत्रिमंडल विस्तार की खबरें आग की तरह फैल गई। ऐसा लगा कि अगले दिन सुबह मंत्रियों की शपथ होने जा रही है। सोशल मीडिया में खबरें तो चल पडीं, लेकिन वेटिंग इन मिनिष्टरों का हाल-बेहाल हो गया। उनके यहां कोई कॉल और मैसेज नहीं, सब परेशान और हैरान आखिर मंत्री बन कौन रहा है? सम्भावित चेहरों के स्टाफ एक दूसरे के यहां घंटियां घनघनाते रहे। नेता जी भी रात करवट बदल-बदल कर काटते रहे। बडी मुश्किल से सुबह हुई, लेकिन गनीमत है कि सुबह की किरणों ने आस को बरकरार रखा। लेकिन अब कई नेता फूट-फूटकर कहने लगे हैं- 'इन्तहां हो गई इंतजार की'।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# सीएम साय ने 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक दिवसीय प्रवास के तहत गरियाबंद जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इनमें 119 करोड़ रुपए के 44 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ रुपए के 149 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही 99 हितग्राहियों को 1 करोड़ 27 लाख रूपये राशि के सामग्री वितरण किया। इसके अलावा विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर मौके पर ही हितग्राहियों को कृषि पंप, मछली जाल, आदि योजनाओं से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री साय ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देवभोग-झाखरपारा के 36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणाा की। इससे आसपास के हजारों लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन लोगों की भलाई एवं हित के लिए सदैव तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकास के दिये गये गारंटी अनुरूप शासन काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारटी के वादों को पूरा करके लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले को विभिन्न कार्यो की सौगात दी गई है। इससे जिले में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि नये सरकार गठन के बाद पहली बार गरियाबंद जिला मुख्यालय आकर आत्मीय अनुभव हो रहा है। उन्होंने आत्मीयता के साथ स्वागत अभिनंदन के लिए नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नतीजों के लिए यहां गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। डिजिटल क्लास रूम और स्टूडियो के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है, यह बहुत अच्छी बात है। जब हमने कुंभ मेले का आयोजन राजिम में आरंभ कराया था तब त्रिवेणी संगम की इस नगरी में पूरे देश से संत-समागम हुआ। राजिम का यश और बढ़ा। अगले महीने राजिम कुंभ का आयोजन पुनः होगा। इस बार भी पूरी भव्यता से इस सुंदर समारोह का आयोजन हम करेंगे। राजिम में संत-समागम होगा और हम सब इस सत्संग का लाभ प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। इसके साथ ही किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। किसानों को 72 घंटे के भीतर धान का पैसा उनके बैंक खातों में मिल जा रहा है। साथ ही प्रदेश की महिलाओं को भी सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से विकसित प्रदेश बनेगा। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नये सरकार के गठन के पश्चात लगातार विकास के कार्य हो रहे है। जिसकी झलक हमने अभी विभागीय स्टॉलों के माध्यम से देखी। सरकार के गठन के बाद गरीबों को आवास दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य मुख्यमंत्री साय द्वारा किया गया। सरकार बनने के बाद अनुकंपा नियुक्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति एवं लखपति दीदी योजना में बेहतर क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रदेशवासी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री साय द्वारा जिले को आगे बढ़ाने विभिन्न कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास किया गया है। उनके मार्गदर्शन में जिले में निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने मोदी के गारंटी को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री साय का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से पूरे जिले में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने गरियाबंद जिले में आवागमन के बेहतर साधन के लिए सरकार गठन के पश्चात 104 करोड़ रूपये के विभिन्न सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री साय का जिलेवासियों के तरफ से आभार जताया।

# एजाज ढेबर का कार्यकाल झूठ और नाकामी का प्रतीक : मीनल चौबे

- महापौर के कार्यकाल पर नेता प्रतिपक्ष का तीखा प्रहार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल को झूठ और नाकामी का प्रतीक करार दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि महापौर ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में न तो शहर का समुचित विकास किया और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा पाए। मीनल चौबे ने बताया कि 2019-2024 के दौरान केंद्र सरकार ने रायपुर नगर निगम को 1254 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग दी। इसमें सफाई के लिए 74 करोड़ रुपये और पेयजल योजनाओं के लिए करोड़ों रुपये शामिल थे। इसके बावजूद जनता को पानी और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल सकीं। उन्होंने बूढ़ा तालाब सौंदर्यीकरण, गोल बाजार और जवाहर बाजार परियोजनाओं का हवाला देते हुए महापौर पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से बनाए गए फव्वारे प्रारंभ से ही बंद पड़े रहे। मल्टीलेवल पार्किंग और उद्यानों का व्यवसायीकरण कर जनता के हितों की अनदेखी की गई। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एजाज ढेबर की नाकामी के कारण नया रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट रायपुर से छिन गया। मीनल चौबे ने कांग्रेस को चुनौती दी कि वह आगामी नगर निगम चुनाव महापौर एजाज ढेबर के कार्यों पर लड़कर दिखाए। उन्होंने कहा कि महापौर का कार्यकाल झूठ पर आधारित था और जनता को इससे निराशा ही हाथ लगी। इस बीच भाजपा ने महापौर के कार्यकाल को लेकर आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि एजाज ढेबर रायपुर के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा थे। पार्टी ने दावा किया कि कांग्रेस के पास अपने कार्यकाल का कोई ठोस प्रदर्शन दिखाने की हिम्मत नहीं है। नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्था, पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं ने जनता को निराश किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महापौर अपने कार्यकाल की एक भी उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं गिना सकते, जिससे यह कार्यकाल पूरी तरह से विफल रहा। यह मामला आगामी चुनावों में मुख्य मुद्दा बन सकता है, जहां जनता के सामने महापौर के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा।

## आमजनों के विकास के लिए सरकार कर रही योजनाओं का संचालन : टंक राम वर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सकारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा उनके आत्मसम्मान को सुरक्षित किया गया है। सरकार आमजनों के हितों को ध्यान रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने उक्त बातें तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कहा। इस समारोह में उन्होंने अधोसंरचना मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 256.94 लाख रुपये और 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के 358.43 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-7 में 102.61 लाख रुपये से जुना पैठू तालाब में सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

25 Jan. 2025
Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY ANNIVERSARY BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स ▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# जनता के हित में कार्य करना हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता : नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डौरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 781.59 लाख रु के 31 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन रामविचार नेताम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक रामानुजगंज के द्वारा किया। जिसमें 74.10 लाख के 3 महतारी सदन,11.69 लाख का 1आंगनबाड़ी केंद्र,24लाख के 3 छात्रावास अधीक्षक आवास गृह, 60 लाख के 5 अतिरिक्त कक्ष एवं 611.80 लाख के 19 हाट बाजार निर्माण कार्य शामिल है। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद हमारा जिले में आगमन हुआ है और जिले में यह पहला कार्यक्रम है जहां लगभग 8 करोड़ रूपए की राशि से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी गरीब परिवारों को पक्का आवास का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना अंतर्गत हर महीने महिलाओं के खाते में 1 हजार की राशि दी जा रही है। व्ही पीएम जनमन योजना अंतर्गत सुदूर क्षेत्रों में भी विकास कार्य किए जा रहे है। उन्होंने उपस्थित जनों से कहा कि सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है इसका लाभ लेने के लिए आप लोगो का जागरूक होना भी आवश्यक है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403